* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 278


देश को विकसित बनाने में राज्यों की भूमिका अहम है : नरेंद्र मोदी



## कॉलेज हॉस्टल में घुसी पुलिस और छात्रों के बीच मारपीट, 17 घायल

# पाकुड़ में सड़क पर उतरे छात्र, इलाके में तनाव

- बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात
- छात्रों का आरोपः पहले से तय प्रदर्शन को रोकने के लिए हास्टल में आयी थी पुलिस
- पुलिस का कहना हैः अपहरणकर्ता के छिपे होने की सूचना पर पहुंची पुलिस

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** संताल परगना के पाकुड़ में पुलिस और छात्रों के बीच हुई भिड़ंत के बाद इलाके में तनाव है। शुक्रवार की देर रात शहर के केकेएम कॉलेज हॉस्टल में जम कर बवाल हुआ था। इस दौरान पुलिस और छात्रों के समूह के 17 लोग घायल हो गये। इस घटना के विरोध में शनिवार को बड़ी संख्या में आदिवासी छात्र-छात्राएं लाठी-डंडे, तीर-धनुष के साथ सड़कों पर उतर आये। वे दोषी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उनकी मांग थी कि हास्टल में घुस पर मारपीट करनेवाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एक्शन लिया जाये, उस व्यक्ति के खिलाफ भी एक्शन हो, जिसने आदिवासी परिवार की जमीन पर कब्जा जमा लिया है। फिलहाल वहां काफी संख्या में पुलिस बल तैनात है और छात्रों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राएं शनिवार को शहर के सिदो-कान्हू पार्क के पास इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए गांधी चौक पहुंचे। वे पुलिस-प्रशासन और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने एलान किया कि अगर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज होगा। छात्र नेता सुनील सोरेन और निर्मल मुर्मू ने पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन को अविलंब वैसे अधिकारी पर कार्रवाई करनी चाहिए, जो पहले हास्टल में आया था और छात्रों को धमकाने का प्रयास किया था। छात्रों ने उसका विरोध किया। फिर स्थिति बिगड़ गयी और देखते ही देखते कॉलेज हास्टल में दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गयी। प्रदर्शन के बाद छात्रों ने 12 सूत्री मांग पत्र के साथ पुलिस अधीक्षक और सिविल एसडीओ से मुलाकात की। उनसे 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने छात्रों को जांच कराने और अनुसंधान पूरी होने तक किसी छात्र पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया।

(देखें पेज 02 भी)




### क्या है पूरा मामला

यह पूरा मामला 18 जुलाई को पाकुड़ के महेशपुर थाना क्षेत्र के गायबथान गांव में हुई घटना से जुड़ा है। एक जमीनी विवाद में आदिवासी परिवार और एक मुसलिम परिवार के बीच जम कर मारपीट हुई थी। इसमें आदिवासी परिवार के दो और मुसलिम परिवार को लोग लोग घायल हो गये थे। गायबथान के टिपू सुल्तान के परिवार का कहना था कि उन्होंने गांव के ही टुंडू हेंब्रम के परिवार से यह जमीन खरीदी है। टुडू हेंब्रम का कहना था कि हमने जमीन बेची ही नहीं, तो खरीदा कैसे। आदिवासी की जमीन कैसे खरीद सकते हो। टुडू हेंब्रम ने उस जमीन पर घर बनाने की तैयारी शुरू कर दी। टिपू सुल्तान के पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया और घर बनाने से रोक दिया। देखते ही देखते दोनो पक्ष के बीच लाठी डंडे से मारपीट शुरू हो गयी। उस मारपीट में रैयत पक्ष के रानी मुर्मू का माथ फट गया, जबकि टुडू हेंब्रम गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरे पक्ष की समीना बीवी घायल हो गयी और कलीमुद्दीन अंसारी और सलाउद्दीन अंसारी को चोटें आयीं। गंभीर रूप से घायल रैयत परिवार से जुड़े टुडू हेंब्रम और रानी मुर्मू का इलाज दुमका सदर अस्पताल में हुआ।उसी घटना के विरोध में हास्टल के छात्रों ने 27 जुलाई को प्रदर्शन करने का फैसला किया था।

## भाजपा ने सरकार पर लगाया आरोप

भाजपा ने इस घटना को लेकर सरकार को निशाने पर लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छात्रावास में सो रहे छात्रों के ऊपर राज्य सरकार ने वर्दीधारियों से बर्बरतापूर्ण हमला कराया है। उन्होंने इस बाबत सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है। वहीं, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने भी घटना की आलोचना की है।

(देखें पेज-3)

## हेमंत समेत विपक्ष के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए



**नयी दिल्ली।** नीति आयोग की बैठक में आइएनडीआइए ब्लॉक के राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। इनमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत एम के स्टालिन (तमिलनाडु), सिद्धारमैया (कर्नाटक), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश), पी. विजयन (केरल), भगवंत मान (पंजाब) और केजरीवाल (दिल्ली) शामिल हैं।













189200 Subscribers | VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+ | 12 Crore + Watch Time (min) | YouTube Channel | Subscribe NOW

# पाकुड़ के लोग अब भी याद कर रहे हैं आलमगीर आलम को

- पाकुड़ में बढ़ते तनाव के बीच महसूस हो रही है इस कांग्रेसी नेता की कमी
- हेमंत और आलमगीर की गिरफ्तारी के मुद्दे ने यहां बना दिया है भाजपा विरोधी माहौल
- गिरफ्तारी ने पाकुड़ के लोगों में पैदा कर दी है सहानुभूति की लहर
- आजाद सिपाही की चुनावी टीम ने संथाल परगना से शुरू कर दी अपनी यात्रा

आजाद सिपाही विशेष

आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए 'आजाद सिपाही' के चुनावी रथ ने संथाल परगना से अपनी यात्रा का आगाज कर दिया है। यह चुनावी रथ झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां के चुनावी माहौल से आपको अवगत करायेगा, साथ ही अपने संवाददाताओं के सटीक और निष्पक्ष विश्लेषण की मदद से आपको और क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक भी करेगा। इस चुनावी रथ का पहला पड़ाव काला पत्थर के लिए पूरी दुनिया में चर्चित पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र था, जहां इस बार अजीब सी बेचैनी है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक आलमगीर आलम भ्रष्टाचार और टेंडर घोटाले के मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें इसी साल 15 मई को इडी ने गिरफ्तार किया था। उस समय वह कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री थे। भाजपा ने आलमगीर आलम की गिरफ्तारी को बड़ा राजनीतिक मौका माना, लेकिन आज वहां का माहौल कुछ और कहानी कह रहा है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी हर संकट में आलमगीर आलम की कमी महसूस करते हैं। भ्रष्टाचार और घोटाला यहां के लोगों के लिए भी मुद्दे हैं, लेकिन पहले हेमंत सोरेन और बाद में आलमगीर आलम की गिरफ्तारी को लोग पचा नहीं पा रहे हैं। वे मान रहे हैं कि यह भाजपा की साजिश है। इसलिए हेमंत सोरेन के साथ आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के खिलाफ यहां एक सहानुभूति साफ दिखाई देती है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के चुनावी माहौल को नजदीक से जानने के बाद वहां क्या कुछ हो रहा है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड विधानसभा का चुनाव अगले तीन महीने में होना है। इसलिए राजनीतिक गतिविधियां तेजी से हो रही हैं, लेकिन इसके साथ ही लोगों के बीच भी अभी से चर्चाएं होने लगी हैं। राजनीतिक दलों से इतर चौक-चौराहों पर संभावित प्रत्याशियों के साथ संभावित परिणाम और विभिन्न दलों के गुण-दोष के आधार पर उनकी चुनावी संभावनाओं पर खूब चर्चा हो रही है। इसी चर्चा की नब्ज टटोलने के लिए आजाद सिपाही की टीम 26 जुलाई को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंची, जो संथाल परगना का महत्वपूर्ण जिला है और राजमहल संसदीय क्षेत्र का हिस्सा। काले पत्थर के लिए पूरी दुनिया में चर्चित झारखंड का पाकुड़ जिला पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा हुआ है। यह एक अनारक्षित विधानसभा सीट है, जो पाकुड़ जिले में स्थित है। यहां अल्पसंख्यक मतदाताओं का वर्चस्व है, इसलिए यह कहा जाता है कि जिसने अल्पसंख्यक मतदाताओं को साध लिया, उसके लिए इस सीट पर चुनाव जीतना आसान हो जाता है। यह क्षेत्र आज भी विकास की दौड़ में पीछे है। यहां सिर्फ पत्थर और बीड़ी के उद्योग हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार यहां मतदाताओं की संख्या करीब सवा तीन लाख है। इनमें अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 20 हजार के करीब और अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 40 हजार के करीब है। करीब पौने दो लाख मुस्लिम मतदाता इस विधानसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सामान्य मतदाताओं की संख्या करीब 90 हजार है।

## पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र का चुनावी इतिहास

राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा को 1.59 लाख से कुछ अधिक वोट मिले थे, जबकि भाजपा के ताला मरांडी को महज 80 हजार वोट ही मिले। इससे आसानी से समझा जा सकता है कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की स्थिति क्या है। इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव में पाकुड़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। कांग्रेस की ओर से आलमगीर आलम ने 1.29 लाख से अधिक वोट हासिल किये थे, जबकि भाजपा के वेणी प्रसाद गुप्ता को 63 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। आलमगीर आलम ने 65 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, जो उस चुनाव में राज्य में सबसे बड़ी जीत थी। इससे पहले 2014 में भी आलमगीर आलम ने 83 हजार से अधिक वोट लाकर जीत हासिल की थी। उस चुनाव में उन्होंने झामुमो के अकील अख्तर को हराया था। 2009 में अकील अख्तर ने आलमगीर आलम को हराया था।



## पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान माहौल

जहां तक पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान माहौल का सवाल है, तो यहां आज भी आलमगीर आलम की कमी महसूस की जा रही है। केवल मुस्लिम ही नहीं, आदिवासी और दूसरे समाज के लोग इस बात पर यकीन नहीं कर रहे हैं कि आलमगीर आलम की गिरफ्तारी घोटाले के कारण हुई है। वे बेहिचक कह रहे हैं कि भाजपावालों ने आलमगीर आलम को फंसा दिया। उसी तरह, जिस तरह हेमंत सोरेन को फंसाया था, जिन्हें हाइकोर्ट से न्याय मिला और वह जमानत पर बाहर आ पाये। आलमगीर आलम का नाम आते ही उनके सामने अपने विधायक का चेहरा आ जाता है। लोग बताते हैं कि आलमगीर आलम ने अपने क्षेत्र में कभी भी तनाव नहीं फैलने दिया। किसी भी टकराव की स्थिति में वह खुद सामने आते थे और लोग उनकी बात मानते भी थे। इतना ही नहीं, वह अपने इलाके के सभी वर्गों के लोगों के लिए सहजता से उपलब्ध थे। यही नहीं, इलाके में उनकी अलग प्रतिष्ठा है।

## क्यों याद आते हैं आलमगीर आलम

पाकुड़ के लोग आलमगीर आलम को कितना याद करते हैं, इसकी एक बानगी 26 जुलाई को मिली, जब स्थानीय कुमार कालीदास मेमोरियल कॉलेज के आदिवासी हॉस्टल में देर रात पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हुई। इसमें 11 छात्र और छह पुलिसकर्मी घायल हो गये। यह घटना गायबथान में आदिवासियों की जमीन पर मुस्लिम परिवार के कथित कब्जा करने की कोशिश से जुड़ा है। बताया जाता है कि जमीन कब्जे की कोशिश का विरोध करने पर मूल रैयतों को पीटा गया था, लेकिन अपराधियों को गिरफ्तार करने की बजाय लीपापोती की जा रही थी। इससे नाराज आदिवासी छात्र संगठनों ने 27 जुलाई को आक्रोश रैली निकालने का फैसला लिया था। इसके लिए उन्होंने परमिशन भी ली थी। 26 जुलाई की रात हास्टल में पुलिस यह कहते हुए पहुंची कि एक बच्चे का अपहरण हो गया है, और अपहरणकर्ता का लोकेशन हास्टल के आसपास ही मिल रहा है। इसकी जांच करने जब वहां पुलिस टीम पहुंची, तो उसे आदिवासी छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित छात्रों ने पुलिस पर हाथ छोड़ दिया। पुलिस भी एक्शन में आयी और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गये। इसमें दोनों ही ओर के करीब 17 लोग घायल हुए। इसमें 11 छात्र और 6 पुलिसकर्मी थे। इस घटना के बाद आजाद सिपाही की टीम ने कुछ लोगों से बात की। उनका कहना था कि आज अगर आलमगीर आलम बाहर होते, तो यह नौबत ही नहीं आती। वह छात्रों को भी समझा लेते और दूसरे को भी। जमीन विवाद के कारण पैदा हुई तनाव की स्थिति के बाद पाकुड़ का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। एक तरफ जहां भाजपा इसे राज्य सरकार की तुष्टीकरण का परिणाम बता रही है, तो दूसरी तरफ आम लोग कह रहे हैं कि यदि आलमगीर आलम होते, तो यह टकराव नहीं होता, क्योंकि वह ऐसे मामलों में हमेशा खुद सामने आते थे।

## हेमंत और आलमगीर की गिरफ्तारी के खिलाफ सहानुभूति

पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वर्ग विशेष के लोग जहां हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ हैं, वहीं आलमगीर आलम की गिरफ्तारी को भी वे गलत मानते हैं। लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में कल्पना सोरेन ने जिस तरह घर-घर जाकर लोगों से बात की और इन दोनों नेताओं की गिरफ्तारी को संथाल परगना पर कब्जा करने की भाजपा की साजिश करार दिया, उससे इलाके में सहानुभूति की लहर है। आजाद सिपाही की टीम ने कुछ भाजपा नेताओं से भी बातचीत की। वे भी इस बात को स्वीकार रहे हैं कि गिरफ्तारी से भाजपा को नुकसान हुआ है। खासकर ग्रामीण इलाकों में भाजपाई मतदाताओं के पास जाने का साहस नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा के एक पुराने नेता ने कहा कि हम लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि इस सहानुभूति को कैसे दूर किया जाये। लोग हमारी बात सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं।

## क्या है पाकुड़ का राजनीतिक माहौल

पाकुड़ का वर्तमान राजनीतिक माहौल एकदम साफ है। कांग्रेस-झामुमो का इंडी अलायंस पूरी तरह अपने अल्पसंख्यक-आदिवासी वोटों पर निर्भर है और निश्चिंत भी। दूसरी तरफ भाजपा इसी उम्मीद में है कि किसी तरह पाकुड़ के चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया जाये, ताकि इंडी अलायंस के वोट का बंटवारा किया जा सके। इसके लिए भाजपा ने अकील अख्तर पर निगाहें जमा रखी हैं, जिन्होंने हाल ही में आजसू से इस्तीफा दे दिया है। उनके तृणमूल कांग्रेस की तरफ से मैदान में उतरने की चर्चा है। भाजपा को उम्मीद है कि यदि अकील अख्तर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो वह इंडी अलायंस का वोट बांट लेंगे, जिससे उसका रास्ता आसान हो सकता है। लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि अगर अकील अख्तर मुसलिम मतदाताओं में 40 से 50 हजार वोट की सेंधमारी कर पायेंगे, तभी भाजपा मुकाबले में आ सकती है, वरना राह बहुत कठिन है और वहां कांग्रेस उम्मीदवार का मार्जिन बढ़ना तय माना जा रहा है।

उधर आलमगीर आलम के जेल में रहने की स्थिति में उनके पुत्र तनवीर आलम ने पाकुड़ का मैदान संभाल लिया है। कांग्रेस नेताओं में से कुछ का विचार है कि आलमगीर आलम की जगह उनके पुत्र को ही चुनावी मैदान में उतारा जाये। वह इलाके में सक्रिय भी हैं। लेकिन यह सब कुछ कांग्रेस आलाकमान को तय करना है। फिलहाल आज की तारीख में पाकुड़ में सहानुभूति की लहर बह रही है।

***आगे हम बतायेंगे कि कैसे पाकुड़ में एक तांगा वाला भी ताल ठोक रहा है।***

---

# छात्रों का आरोप: सौ जवान पहुंचे और पिटाई शुरू कर दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** हॉस्टल में रहनेवाले छात्रों ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजे के आसपास एएसआइ नागेंद्र कुमार एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ हॉस्टल में पहुंचे। पहले उन्होंने छात्रों से प्रदर्शन को स्थगित करने को कहा। छात्रों द्वारा ऐसा करने से इनकार करने पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक अपराधी के हॉस्टल में छिपे होने की जानकारी मिली है। इसकी जांच करनी है। वे सो रहे छात्रों को जगा कर उनसे पूछताछ करने लगे। इसका छात्रों ने विरोध किया और विवाद बढ़ गया। इस दौरान झड़प हो गयी। जानकारी के मुताबिक दोनों पुलिसकर्मियों के साथ छात्रों ने मारपीट भी कर दी। छात्रों का कहना है कि इसके बाद दोनों पुलिसकर्मी वहां से चले गये। करीब एक घंटे बाद वे लोग करीब एक सौ जवानों के साथ हॉस्टल पहुंचे और छात्रों की पिटाई शुरू कर दी। पुलिस की पिटाई से 11 छात्र घायल हो गये, जिनका इलाज पाकुड़ सदर हॉस्पिटल में चल रहा है। छात्रों ने कहा कि अब पुलिस किसी व्यक्ति का अपहरण कर उसे हॉस्टल के आसपास रखे जाने की बात कर रही है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि किसका अपहरण हुआ है। छात्रों का आरोप है कि यह सब उन्हें फंसाने के लिए किया गया है। उन्होंने पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।





### क्या कहा पुलिस ने

दूसरी तरफ पाकुड़ पुलिस ने कहा कि एक बच्चे का अपहरण कर उसे कॉलेज हॉस्टल के आसपास रखे जाने की सूचना मिलने पर उसकी जांच करने वहां पुलिसकर्मी गये। हॉस्टल के छात्रों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद जब उनकी शिकायत की जांच करने अतिरिक्त पुलिस बल हॉस्टल पहुंचा, तो छात्रों ने उसका भारी विरोध किया। उन्होंने कई पुलिसकर्मियों को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया, जिसमें कुछ छात्र घायल हो गये।

एसपी प्रभात कुमार ने मीडिया को बताया कि शुक्रवार को पुलिस को एक बच्चे के अपहरण की सूचना मिली थी। तकनीकी इनपुट के आधार पर पुलिस केकेएम कॉलेज के आसपास पहुंची, तो छात्रों ने इसका विरोध किया और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की गयी। छह पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिसकर्मियों ने इसका प्रतिकार किया और इसमें कुछ छात्रों को भी चोटें आयी हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जो सच होगा, उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

---

कारा एक्ट में बदलाव की तैयारी

# अब दंड की बजाय सुधारात्मक अवधारणा से चलेगा जेल प्रशासन

**विधानसभा में चालू सत्र में पारित कराने को लेकर भेजा प्रस्ताव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में पुराने जेल अधिनियम में संशोधन होगा। बंदियों के लिए दंड की अवधारणा के बजाये सुधारात्मक अवधारणा के अनुरूप नया कानून बनाया जायेगा। गृहए कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इसका प्रारूप तैयार करा लिया है और विधानसभा के मानसून सत्र में ही इसे पारित भी कराने के लिए विधानसभा सचिवालय भेजा है। इस विधेयक का नाम झारखंड कारा एवं सुधार सेवाएं विधेयक 2024 रखा गया है।

सेवानिवृत न्यायाधीश आनंद नारायण मुल्ला की अध्यक्षता में ऑल इंडिया जेल रिफार्म कमेटी 1980-83 की अनुशंसा और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई जनहित याचिका जैसे सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन, राम मूर्ति बनाम कर्नाटक सरकार, शीला बरसे बनाम महाराष्ट्र सरकार, गुजरात सरकार बनाम गुजरात उच्च न्यायालय, आरडी उपाध्याय बनाम आंध्र प्रदेश में कारा सुधार के संबंध में कई महत्वपूर्ण परामर्श और दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

कारा जो पूर्व में दंडात्मक व्यवस्था थी और दंड की प्रकृति थी। अब दंड की प्रकृति सुधारात्मक हो जायेगी। कारा को सुधारात्मक संस्था के तौर पर देखा जायेगा। ऐसे में सरकार का मानना है कि यह आवश्यक है कि सुधारात्मक और मानवाधिकार की अपेक्षा दंड पर आधारित है, के स्थान पर नया अधिनियम लाया जाये, जिसमें संवैधानिक अवधारणा पर आधारित मानवाधिकार-सुधार की प्रमुखता रहे इस संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से राज्य सरकार को पत्र लिखा गया है। इसके बाद गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव रांची की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी, जिसमें डीजीपी, अभियोजन महानिदेशक, जेल आइजी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी को रखा गया था और नये क्रिमिनल लॉ 2023 के आलोक में इसकी समीक्षा की गयी, जिसके बाद नया जेल अधिनियम के प्रारूप को तैयार किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.7 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |

## पाकुड़ में आदिवासी छात्रों की हॉस्टल में पिटाई पर सियासत तेज

# 'हिम्मत' नहीं, हिंसा वाली सरकार: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ के आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास के-केएम कॉलेज में छात्रों पर देर रात हुए पिटाई मामले को लेकर बीजेपी सरकार पर हमलावर हो गयी है। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार और जिला प्रशासन पर जमकर हमला बोला।

बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह हिम्मत वाली सरकार नहीं है, बल्कि यह हिंसा करने वाली सरकार है। बीती रात अपने छात्रावास में सो रहे छात्रों के ऊपर वर्दीधारियों से बर्बरतापूर्ण हमला कराना न सिर्फ हेमंत की कु-मानसिकता को दर्शाता है, बल्कि उनके कुकृत्यों को भी उजागर करता है। बांग्लादेशी घुसपैठियों का विरोध, कब से हेमंत सरकार का विरोध करना हो गया, जो पुलिस भेज कर छात्रों को पीटा और प्रताड़ित किया जा रहा है। लोकतंत्र में आवाज उठाना कब से गुनाह हो गया है, जिसकी इतनी बड़ी सजा दी जा रही है। अपने अधिकारों की मांग करना, अपने अधिकारों की रक्षा करना, कब से गैर कानूनी हो गया है, जिसकी सजा कानून के तहत ऐसे दी जा रही है। मुख्यमंत्री महोदय बस इतना याद रहे कि आप रंगों की होली नहीं, बल्कि खून की होली खेल रहे हैं, जिसका अंजाम बहुत ही विकराल और भयावह होगा।

हेमंत जी, अपनी मां-बहनों की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवा छात्रों पर अत्याचार और बाहरियों पर इतना प्रेम बरसाने की वजह क्या है? बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड की अस्मिता और अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं। इन्हें संरक्षण देकर आप प्रदेश की साढ़े तीन करोड़ जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस घटना में संलिप्त जितने भी पुलिसवाले शामिल हैं, उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कारवाई करें। सभी घायल छात्रों के इलाज का उचित प्रबंध करें।

वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि छात्रों द्वारा बताया कि उपद्रवी लगभग 100 की संख्या में लाठी, डंडे और हथियार से लैस होकर आये थे। सोये हुए छात्रों पर अचानक धावा बोल दिया, जिसे किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला। उन लोगों ने जमकर तांडव और उत्पात मचाया। कुछ बच्चे घटना के बाद से ही गायब हैं। दमनकारी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार पाकुड़ को जहां बांग्लादेशियों का चारागाह बना रही है, तो वहीं मूलवासी-आदिवासी जनमानस के आक्रोश और विरोध को लाठी-डंडे के माध्यम से दबाने का प्रयास कर रही है।

### ध्यान रहे ठगबंधन सरकार

जुल्मी कब तक जुल्म करेगा, सत्ता के गलियारों से, चप्पा चप्पा गूंज उठेगा, उलगुलान के नारों से। पाकुड़ जिला के उपायुक्त और पुलिस प्रशासन चिह्नित करें और कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पाकुड़ में कानून का राज स्थापित किया जाये, ना की गुंडों का।

# झारखंड के परिप्रेक्ष्य में डेमोग्राफी को देखें निशिकांत-बाबूलाल: बंधु तिर्की

## डेमोग्राफी की बात करते समय सलेक्टिव क्यों हो जाते हैं भाजपा नेता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा है कि डेमोग्राफी के विषय में बात करते समय सभी भाजपा नेताओं को पूरे झारखंड के परिप्रेक्ष्य में बात करनी चाहिए। सलेक्टिव होकर डेमोग्राफी जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बात करना खतरनाक है। इस बात का ख्याल न केवल लोकसभा या विधानसभा, बल्कि हर एक पब्लिक प्लेटफॉर्म पर और आपस की बातचीत में भी रखा जाना चाहिए।

कहा कि लोकसभा में सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संताल परगना में आदिवासियों की संख्या कम होने, डेमोग्राफी बदलने और घुसपैठ के साथ ही संताल परगना में आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत होने के मुद्दे की बात हो या फिर झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा डेमोग्राफी में बदलाव के बाद डेमोक्रेसी पर खतरे की बात लेकिन यह दोनों नेता केवल और केवल संताल परगना के मामले में ही बातचीत करते हैं। राजधानी रांची, दक्षिणी छोटानागपुर, उत्तरी छोटानागपुर और कोल्हान के संदर्भ में बातचीत करने के दौरान सभी भाजपा नेता, डेमोग्राफी का डी बोलने से भी परहेज करते हैं। श्री तिर्की ने कहा कि रांची के साथ ही जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो और अन्य नगरों और अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी आदिवासियों की संख्या तेजी से कम होती जा रही है। आदिवासी, जमीन लूट का शिकार हो रहे हैं, जिसके कारण आदिवासियों को विस्थापन और पलायन का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी और अन्य भाजपा नेताओं को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची में सबसे ज्यादा जमीन किसके द्वारा लूटी गयी और इसका आदिवासियों के ऊपर कैसा और कितना प्रभाव पड़ा।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।
- **वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी,उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।
- **मिथुन** आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे, नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।
- **कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा( गृह-भूमि-वाहन का सुख, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास,शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि,मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे,परिवार में मांगलिक कार्य होगा। सगे-सम्बन्धियों का आवागमन बना रहेगा।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, सेहत में सुधार होगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा.नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।
- **धनु** निराशा दूर होगी,बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।
- **मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धन लाभ के अवसर बनेंगे,संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।
- **कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या,किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।
- **मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें कार्यकर्ता : झामुमो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के चतरा, पलामू और लातेहार जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में शनिवार को हुई। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आये कार्यकर्ताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उठ रही जिज्ञासाओं को शांत किया और संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही।

विनोद पांडेय ने बैठक में राज्य सरकार के जरिये चलायी जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें।

बैठक में चतरा, पलामू और लातेहार जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष, सचिव, नगर-महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी और पंचायत समिति के अध्यक्ष-सचिव शामिल हुए।

# पूर्व मंत्री आलमगीर की बेल पर सुनवाई अब 3 अगस्त को

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की बेल पर प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान आलमगीर आलम की ओर से उनके अधिवक्ता ने अपनी दलील रखी। अब कोर्ट इडी का पक्ष सुनेगा। इस मामले में सुनवाई अब 3 अगस्त को होगी। बता दें कि आलमगीर आलम को इडी ने लंबी पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम को भी इडी गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी को इनके ठिकानों से 35 करोड़ से ज्यादा नकद राशि मिली थी।

# बिहार की पहली बार इतनी बड़ी हिस्सेदारी : संजय सेठ

## पूर्वोदय के माध्यम से बिहार का भाग्योदय होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार में केंद्रीय बजट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पत्रकारों से शनिवार को छपरा में संवाद किया। मंत्री संजय सेठ ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार बिहार को केंद्रीय बजट में इतनी बड़ी हिस्सेदारी मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मजबूत नेतृत्व में बिहार विकास का नया अध्याय लिखने को तैयार है। पूर्वोदय के माध्यम से बिहार का भाग्योदय होगा। एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में बिहार पुनः अपना गौरव हासिल करेगा। इस बजट में बिहार के लिए सड़क, रोजगार, बिजली, पर्यटन, आवास, शिक्षा, विरासत संरक्षण, महिला विकास सहित हर क्षेत्र की चिंता की गयी है। यह बिहार को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। कांग्रेस और राजद ने बिहार को जिस जंगलराज की ओर धकेला था, उससे बाहर निकलने का वक्त आ गया है। बिहारवासी अब विकास के साथ चलने को तैयार हैं। विकसित भारत में बिहार अपनी सशक्त भूमिका निभाये, यह कार्य एनडीए गठबंधन का है। हर बिहारवासी स्वावलंबी हो, इस लक्ष्य के साथ हम काम कर रहे हैं। इस पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सांसद जनार्दन सिग्रीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संजय सेठ ने धीरेंद्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद



रांची (आजाद सिपाही)। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नयी दिल्ली में शनिवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। यह उनकी औपचारिक मुलाकात बतायी गयी। मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# झारखंड में निबंधन सेवा के 15 अफसरों का ट्रांसफर

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने निबंधन सेवा के 15 पदाधिकारियों का तबादला किया। घासीराम पिंगुआ को जिला अवर निबंधक सरायकेला खरसावां के पद पर पदस्थापित किया गया। उज्ज्वल मिंज को प्रभारी सहायक निबंधक महा निरीक्षक-2 मुख्यालय के पद पर पदस्थापित किया गया। रामकुमार मद्धेशिया को जिला अवर निबंधक जमशेदपुर, धर्मेंद्र कुमार को अवर निबंधक चांडिल, रामेश्वर प्रसाद सिंह को जिला अवर निबंधन धनबाद, रामजी तिग्गा को जिला अवर निबंधन गुमला, विकास कुमार को जिला अवर निबंधन कोडरमा, सौरभ वर्मा को जिला अवर निबंधक बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं अशोक कुमार सिंह को जिला अवर निबंधन चाइबासा, विकास सोरेन को जिला अवर नि बंधक पलामू, दीपिका कुमारी को अवर निबंधक डुमरी गिरिडीह, दिलीप कुमार सिंह को अवर निबंधन गोविंदपुर, प्रफुल्ल कुमार को जिला अवर निबंधक घाटशिला, राजेश एक्का को जिला अवर र्निबंधक हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया। संतोष कुमार को निरीक्षक संताल परगना प्रमंडल दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में राजस्व निबंधन-भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## निदेशक का वायरल वीडियो में बयान ने पकड़ा तूल

# शिक्षकों का आंदोलन, ट्विटर पर भी चला अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन का शिक्षकों के विरुद्ध दिया गया बयान अब तूल पकड़ लिया है। विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। इस मामले को लेकर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन द्वारा शिक्षकों पर अमर्यादित बयान देने की घोर निंदा की। बता दें कि वायरल वीडियो में निदेशक यह कहते दिख रहे हैं कि शिक्षक अगर विद्यालय चप्पल पहन कर आयेंगे, तो उसी चप्पल से शिक्षक को मारेंगे। यह कहते भी दिख रहे हैं कि विद्यालय विकास कोष में पैसा नहीं है, तो अपनी तनख्वाह से विद्यालय के शिक्षक, प्रभारी विद्यालय का काम करें। अन्यथा उनके विद्यालय का ऑडिट करा देंगे। निदेशक के बयान के विरोध में शिक्षक दूसरे दिन विद्यालय चप्पल पहनकर पहुंचे। इसके साथ ही साथ बयान से नाराज शिक्षकों ने ट्विटर पर एक कैंपेन भी चलाया।

### माफी नहीं मांगेंगे तब तक आंदोलन

झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आंनद किशोर साहू, प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने कहा है कि इस तरह के बयान से शिक्षक समाज उद्वेलित है। शिक्षक निदेशक का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। संघ ने पत्र के माध्यम से पूरे घटनाक्रम को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को अवगत कराने का निर्णय लिया है। निदेशक शिक्षकों से जब तक माफी नहीं मांगते, तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

# 50 हजार का चेक बाउंस, 70 हजार का लगा जुर्माना

रांची (आजाद सिपाही)। सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में अर्जुन प्रसाद यादव को चार महीने की सजा और 70 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अर्जुन ने चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। दरअसल अर्जुन प्रसाद यादव ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 50 हजार का चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था, जिस पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट दिव्या राघव की कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

## राज्यसभा में सांसद दीपक प्रकाश ने पूछे सवाल, मंत्री ने कहा

# 2.37 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता सृजित होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

- झारखंड में 79.7 प्रतिशत भूमि सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर
- मोदी सरकार ने सात सालों में सिंचाई के लिए निर्गत किये 756.73 करोड़



**रांची।** राज्यसभा में सांसद दीपक प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड में सिचिंत भूमि से संबंधित जानकारी मांगी। पूछा कि झारखंड में कृषि जल पर निर्भरता, देश की कुल कृषि जल पर निर्भरता की तुलना में काफी अधिक है। इसके सुधार के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं। इसके जबाब में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आर्थिक सांख्यिकी एवं मूल्यांकन के अनुसार वर्ष 2012-13 से 2021-22 में देश भर में बोये गये 141.01 मिलियन हेक्टेयर शुद्ध क्षेत्र में से लगभग 63.09 मिलियन हेक्टेयर असिंचित-वर्षा सिंचित है, जो 44.7 प्रतिशत है। झारखंड के मामले में 1.38 मिलियन हेक्टेयर शुद्ध क्षेत्र में से 1.10 मिलियन हेक्टेयर असिंचित वर्षा सिंचित है, जो 79.7 प्रतिशत है। बताया कि वर्षा सिंचित क्षेत्र की संवेदनशीलता के मुद्दे का समाधान करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पूरे देश में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के एक घटक के रूप में वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2014 से 2024 तक झारखंड राज्य में आरडी के तहत 0.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है। वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक झारखंड में पीडीएमसी के तहत 0.41 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड सहित देश भर में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि मंत्रालय कृषि यंत्रीकरण उप मिशन, राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना, डिजिटल कृषि, समेकित विकास बागवानी मिशन, बीज हब कार्यक्रम, मृदा स्वास्थ्य मिशन आदि कार्यक्रम को कार्यान्वित कर रहा है। 2014-15 से 2021-22 तक 4690 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण-पुनरुद्धार किया गया है और 5233 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को डब्ल्यूडीसी के तहत सुरक्षात्मक सिंचाई के अंतर्गत लाया गया है।

### 19.40 लाख हेक्टेयर भूमि को बीमा क्षेत्र में कवर किया गया

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि झारखंड में पीएमएफबीवाइ के अंतर्गत 2016 से लेकर 2020 तक कुल 44.62 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे से 19.40 लाख हेक्टेयर भूमि को बीमा क्षेत्र में कवर किया गया।

## लोबिन हेंब्रम ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप, कहा

# राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को दे रही बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने विधानसभा की सदस्या खत्म किये जाने पर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या हुई है। उनकी सदस्यता जानबूझकर स्पीकर के माध्यम से पार्टी के लोगों ने समाप्त करा दी है। इससे विचलित होने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि संताल परगना में राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। हेंब्रम शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ घंटे पहले सदस्यता समाप्त कर दी गयी। ऐसे में उनके द्वारा उठाये गये जनहित के सवालों का जवाब कौन देगा। साथ ही कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है। उन्हें पूरा विश्वास है कि चालू सदन में उन्हें सवाल उठाने का मौका मिलेगा।

### झारखंड लेबर सप्लाई स्टेट बना

लोबिन हेंब्रम ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड लेबर सप्लाई स्टेट बन गया है। आदिवासी रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। लोगों का सरकार पर से विश्वास उठ गया है। चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि समय आने पर बताऊंगा। एक सवाल के जवाब में लोबिन हेंब्रम ने कहा कि वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे, इसका खुलासा समय आने पर करूंगा।

# कोच्चुवेली बरौनी ट्रेन को मिला अवधि विस्तार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे इन ट्रेनों के परिचालन को अवधि विस्तार दिया है। इस संबंध में रांची रेल मंडल की ओर से सूचना जारी की गयी है। बताया गया है कि ट्रेन संख्या 06091 और 06092 कोच्चुवेली बरौनी कोच्चुवेली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया रांची के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। इसके तहत ट्रेन सख्या 06091 कोच्चुवेली बरौनी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया रांची की यात्रा 10 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार को कोच्चुवेली से प्रस्थान करेगी। इस दौरान कुल तीन ट्रिप ट्रेन करेगी। ट्रेन संख्या 06092 बरौनी कोच्चुवेली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया रांची 30 जुलाई से 13 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार को बरौनी से प्रस्थान करेगी। इन ट्रेनों की समय सारणी, ठहराव, कोच संयोजन पूर्ववत रहेंगे। वहीं, ट्रेन संख्या 08695 और 08696 बोकारो स्टील सिटी ट्रेन देर से चलने के कारण शनिवार को परिचालन रद्द किया गया।


पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा

बैच संख्या 37/2024 दिनांक : 25/07/2024

आईआरईपीएस - www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।

**क्रम सं. 01, निविदा सं. :** 39245296A, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** फॉर धनबाद डिवीजन, सप्लाई इंस्टोलेशन एंड कमिसनिंग ऑफ जीपीएस बेस्ड ट्रैकिंग डिवाइसेस विथ थ्री इयर वारंटी। **मात्रा :** 400 Set, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय :** 24 जुलाई 2024 13:28 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 19 अगस्त 2024 14:00 बजे।

**क्रम सं. 02, निविदा सं. :** 39245471, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** 21/25 केएचजेड टीएक्स क्वाल असेंबली 15 मीटर केबल लेंथ बेस क्लैंप जी 36–टी212505हैसडैकसिस्टम सूटेबल फॉर जी.जी. ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड स्पेसिफिकेशन नं० RDSO/SPN/177/2012 वर्शन 3 मेक – जी.जी. ट्रॉनिक्सया सिमिलर। **मात्रा :** 66 Set, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय :** 25 जुलाई 2024 16:24 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 19 अगस्त 2024 14:00 बजे।

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पूमरे, धनबाद

पीआर/772/डीएचएन/स्टोर/टी/24–25/44

## मुखिया प्रतिनिधि ने किया मनरेगा कर्मियों की हड़ताल का समर्थन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बेकोबार उतरी के मुखिया प्रतिनिधि किशोर साव ने मनरेगा कर्मियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार से अपील की है कि वह जल्द से जल्द मनरेगा कर्मियों के साथ वार्ता कर इस हड़ताल को समाप्त करें। झारखंड के सभी पंचायतों में पिछले 15 दिनों से विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति रुक गयी है। किशोर साव ने सरकार से अनुरोध किया है कि मनरेगा कर्मियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनका समाधान निकाला जाये ताकि विकास कार्यों को पुनः शुरू किया जा सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## अकतो नदी पुल की नहीं हुई मरम्मत, तो हो सकता है बड़ा हादसा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कटहाडीह अकतो नदी पर बने पुल काफी जर्जर हो गया है। उक्त पुल पर बना रैलिंग टूट गया है। यहां तक कि उक्त पुल का पिलर कभी भी ध्वस्त हो सकता है। बता दें कि नदी से पूर्व में अवैध बालू का उठाव होने के कारण पुल का पीलर बारिश में ऊपर हो गया। इसी वजह से पिलर करीब 2 मीटर जमीन में से ऊपर हो गया। समय रहते पुल की मरम्मत नहीं की गयी तो आने वाले दिनों में कभी भी पुल ध्वस्त हो सकता है। इस पुल से सैकड़ों छोटी बड़ी वाहन के साथ साथ भारी वाहन भी चलते रहता है और पदाधिकारियों का आना जाना भी लगा रहता है। उसके पश्चात भी इस पुल को देखने वाला कोई पदाधिकारी नहीं है। इस पुल से मरकच्चो, जयनगर, झुमरी तिलैया का मुख्य मार्ग है। जयनगर प्रखंड, मरकच्चो प्रखंड के करीब दर्जनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण आवागमन करते रहते हैं। ग्रामीणों को अंदेशा सता रहा है कि पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है और ऐसा हुआ तो करीब एक दर्जन से ज्यादा गांव टापू में तब्दील हो जायेगा। ग्रामीणों ने इस पुल और रैलिंग को समय रहते मरम्मत कराने के साथ-साथ प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की भी मांग की है। झारखंड सरकार और विभाग ने समय रहते मरम्मत नहीं कराया तो विभाग को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

## प्रवासी मजदूर नारायण की कर्नाटक में मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रवासी मजदूरों की मौत का शिलशिला रूक नहीं रहा है। लगातार प्रवासी मजदूर के मौत की खबर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत कर्नाटक में शुक्रवार को हो गयी। प्रखंड के बलकमक्का गाव के नागीटांड निवासी मोहन महतो के 33 वर्षीय पुत्र नारायण महतो की कर्नाटक में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। मौत के कारणों के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। मृतक नारायण महतो अपने पीछे पत्नी गुड़िया देवी, पुत्र राहुल (14) और रिंपल कुमार(11) को छोड़ गया। वहीं मृतक नारायण महतो के घर जिप सदस्य सरजू पटेल, प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली, समाजसेवी उमेश कुमार, डूमरचंद महतो, तापेश्वर महतो पहुंच कर संवेदना प्रकट करते हुए कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की है।

## कांवर पद यात्रा निकालने का निर्णय



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के धार्मिक संगठन श्री राम संकीर्तन मंडल की एक बैठक श्री सत्यनारायण मंदिर खुदरा पट्टी में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के द्वारा 25 वर्ष (रजत महोत्सव) को भक्ति भाव के साथ मनाने के लिए कई निर्णय लिए गये। 12 अगस्त चौथ सोमवार को झरना कुंड से ध्वजाधारी धाम लगभग 15 किलोमीटर की कांवर पदयात्रा निकलने का निर्णय लिया गया। यह पदयात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए ध्वजाधारी धाम पहुंचकर 777 सीढ़ी चढ़कर बाबा भोलेनाथ पर जल अभिषेक कर संपन्न होगी। कांवर पदयात्रा में दो सुसज्जित वाहनों में जिसमें एक वाहन में बाबा भोले का दरबार और दूसरे में झांकी साथ साथ चलेगी। आयोजन की रजत जयंती के 25 वर्ष पूरे होने पर निजी विद्यालयों, सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के साथ धार्मिक संगठन से अपील की गयी वो बाबा भोले शंकर या सामाजिक परिपेक्ष पर आधरित जीवंत झांकियों को पद यात्रा में शामिल कर उत्सहवर्धन कर सकते है। बैठक के दौरान मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव अरविंद चौधरी ने कहा कि यह गर्व की बात है की 1999 से लगतार कांवर पद यात्रा निकाली जा रही है। 25वें वार्षिक उत्सव को ले कार्यक्रम के परियोजना निर्देशक बबलू सिंह, राकेश कापसीमें के साथ 5 सदस्यीय टीम सहित मोटरसाइकिल रैली के लिए पीयूष सिंह को प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा कमेटी में मनोज साव, अमित सुरेलिया, नवीन सिन्हा, गिरधारी सोमानी, महावीर खेतान शामिल है। वही अतिथि सत्कार सत्येंद्र सिन्हा, भोला प्रसाद, सुजय सिंह को रखा गया है। साथ ही प्रचार प्रसार में ओमप्रकाश निरंजन, लखन सिंह, विक्की केसरी, विकास साव को रखा गया है। धन्यवाद ज्ञापन गिरधारी सोमानी ने किया। बैठक में संरक्षक राजेश कपसीमे, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, गौतम पांडे, विक्रम कुमार साव, पंकज पाण्डे, नवल किशोर पांडे, ज्योति पहाड़ी, उमेश यादव, मनोज सेठ, राजेश गुप्ता, विकास कुमार, विनोद चौरसिया, नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट के मदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्रावणी मेला को लेकर शांति समिति की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला को लेकर शांति समिति की बैठक बड़कागांव थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में किया गया। जिसकी संचालन थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने किया। बैठक में प्रबुद्ध लोगों से एक-एक कर विचार दिया। जिसमें साउंड सिस्टम, जुलूस में भड़काऊ गाना नहीं बजाने का निर्णय लिया गया। शांति व्यवस्था बनाने के लिए बुद्धिजीवी को सहयोग करने की अपील किया गया। वहीं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहां की आपसी भाईचारगी के साथ श्रावणी मेला मनाये आपसी में भेदभाव दुर्वेश को मिटाइए मिलजुल का त्यौहार मनाये। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने सभी पंचायतों के चयनित जनप्रतिनिधियों द्वारा सहयोग करने की अपील किया। मौके पर मौजूद प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में आयोजित मेला और पूजा को संपन्न कराने को लेकर बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति की सराहनीय भूमिका रहती हैं। वहीं बैठक का धन्यज्ञापन अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने किया। मौके पर लोकनाथ महतो, फुलवा देवी, बचनदेव कुमार, बालेश्वर राम, जितेंद्र कुमार मंडल, कुंदन कांत विमल, रंजीत कुमार, मुटुधारी महतो, सुदेश कुमार, प्रभात कुमार सिंह, भगवान सिंह, बासुदेव यादव, प्रभु महतो, भीखन महतो, दीपक दास, उपेंद्र कुमार, रितेश ठाकुर, मोहम्मद इब्राहिम, संजय सिंह, झमन प्रसाद मेहता, सुरेश महतो, रामसेवक सोनी, मो तबस्सुम, अली, शमशेर आलम, प्रेमचंद महतो, सत्यजीत विद्या अलंकार, श्रीकांत निराला, इंद्र भूषण, राजेश कुमार, रवि महतो, रामधनी महतो, पंसस प्रतिनिधि अरुण कुमार, बालेश्वर महतो, सीताराम, शिबू मेहता, किशोर कुमार, मनीष पांडे, आसिफ असगर, मो इंतसार आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कोनार डैम में अपराधियों ने की गोलीबारी

**बोलेरो से आये अपराधियों ने कोनारडैम गेट के पास रुककर चंद मिनटों तक चहल कदमी की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** अपराधियों ने प्रखंड के कोनारडैम गेट के पास गोलीबारी की। घटना शुक्रवार की रात की है। बताया गया कि बोलेरो से आये अपराधियों ने कोनारडैम गेट के पास रुककर चंद मिनटों तक चहल कदमी की। बोलेरो मौके से कुछ दूर पीछे खड़ा कर दिया, बाद में अपराधियों ने पांच से छह राउंड गोली चलायी। यह भी बताया जा रहा है कि अपराधियों ने भाकपा माओवादी के नाम पर एक पोस्टर का बंडल भी छोड़ा है जिसमें कई ठेकेदारों का नाम अंकित है जिनसे लेवी की राशि अपराधी गिरोह द्वारा वसूला जाना है। अपराधी गिरोह का निर्माण कार्य में जुटी एजेंसियों से लेवी वसूली एक मात्र कार्य है। जिसके लिए दहशत पैदा करने के लिए अपराधियों ने गोलीबारी की। जानकारी पाकर मौके पर सदलबल पहुंचे विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने जांच पड़ताल की, पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह आपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों का गैरकानूनी कार्य है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# गड्ढे में डूबी बच्ची, ठेकेदार के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय तुईयो में उन्नयन कार्य को लेकर होने वाली शौचालय निर्माण कार्य के लिए महीनो से गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। बरसात के समय गड्ढे में लबालब पानी भर गया है। जिसमें शनिवार को स्कूल के बगल में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र की बच्ची स्वीटी कुमारी 4 वर्ष पिता सीताराम प्रसाद डूब गयी। जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने गड्ढे से भरे पानी में घुसकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची की स्थिति पानी में डूबने के कारण गंभीर हो गयी थी। जिसे आनन-फानन में लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में लेकर जाकर भर्ती कराया। घटना के बाद ग्रामीणों में स्कूल का उन्नयन कार्य करा रहे ठिकेदार के प्रति काफी आक्रोश है। जानकारी मिलते ही उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो और उपमुखिया विजय प्रसाद मौके पर पहुंचे। उत्तीम महतो ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्य को लेकर गड्ढा कर महिनों से छोड़ दिया जिससे अभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकती है।

## सर्पदंश से महिला की हुई मौत

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बीती रात्रि को चेचकप्पी पंचायत के ग्राम चौथा के रविदास टोला में सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गयी। ग्राम चौथा निवासी सुकांती देवी पति किसुन रविदास अपने घर में रात में सोई थी, इसी दौरान उसे करैत सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। उसने परिजनों को बताया कि मुझे सांप काट लिया जिसके पश्चात लोगों ने झाड़ फूंक करने लगे। धिरे-धिरे सुकंती की स्थिति बिगड़ने लगी। आनन-फानन में लोग सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाने लगे। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं और इसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। सूचना मिलने पर मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव मृतक के घर पहुंचे। मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया।

# झुंड से बिछड़े हाथी ने पिपचो, बडवार और चिरुआं में देर रात मचाया उत्पात

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झुंड से बिछडे एक हाथी का उत्पात क्षेत्र में लगातार जारी है। हाथी से क्षेत्र के लोगों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। झुंड से बिछड़ कर हाथी अधिक उत्पाती हो गया है। शुक्रवार रात भर हाथी ने दारू के पिपचो, बडवार, चिरूआं गांव में जमकर उत्पात मचाया है। हाथी टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में उत्पात मचाने के बाद दारू प्रखंड क्षेत्र के पिपचो पहुंचा। जहां राज प्रधान होटल में जमकर उत्पात मचाया। होटल संचालक राजेंद्र पासवान ने बताया कि हाथी ने फ्रीज, स्टील का बना काऊंटर, दो दरवाजा, अनाज, राशन, बर्तन क्षतिग्रस्त कर दिया है। उसने बताया कि हाथी से उसे करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है। इसके बाद शुक्रवार के रात्रि में हाथी ने बडवार निवासी अजय यादव का गौशाला को पूरी तरह से तोड़कर गिरा दिया, गोशाला में रखे एक साईकिल, दो ग्रिल खिड़की, 10 पीस अल्बेस्टर सीट, गोशाला में लगे 20 फिट का 2 पीस लोहा का पाइप, एक बड़ा ओर छोटा बक्सा में रखे बहुत सारे कपड़े ओर स्टील का बर्तन चापट कर पूरा इधर उधर बिखेर दिया गया। जो पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। उसने बताया कि हाथी से करीब पचास हजार का नुकसान पहुचा है। वहीं प्रकाश यादव का दो दरवाजा तोड दिया।और घर में रखे चावल खाते हुए पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। वहीं मुरली यादव का 50 फिट चारदीवारी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके बाद हाथी चिरूआं पहुंचकर लोकन साव का 50 फिट चारदीवारी तोड़कर फसलों को तहसनहस कर दिया। इसके अलावा कई किसानों के फसलों को हाथी ने रौंद डाला है। पीडितों ने अंचलाधिकारी दारू और वन विभाग से क्षति की भरपाई करने की मांग किया है। इधर, शुक्रवार रात दारू थाना क्षेत्र के जिनगा पीपल चौक स्थित एनएच-522 के किनारे सड़क पर सूखे पेड के गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही कि वाहन में सवार लोगों को कुछ नहीं हुआ। जिनगा, महेशरा, हुटपा, पेटो, हरली के ग्रामीणों ने वन विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सडक किनारे सूखे पेड़ों की कटाई कराने की मांग किया है।

# लोक अदालत में 17 वादों का निष्पादन 3 लाख 67 हजार राजस्व की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है, यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है। उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। इस लोक अदालत में कुल चार बेंचों के माध्यम से कुल 17 वादो का निष्पादन किया गया जबकि विभिन्न विभागों से कुल 3 लाख 67 हजार रुपये राजस्व की वसूली की गयी। मौंके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अमितेश लाल, गुलाम हैदर, राकेश चंद्रा, गौतम कुमार, कंचन टोप्पो, शिवांगी प्रिया, ज्योत्सना पांडेय, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार, अनिल कुमार सिंह, राजकुमार चौधरी, राजन कुमार, रवि कुमार, अखौरी मुकेश, रविन्द्र कुमार, पांडेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी, मनोज कुमार अन्य लोग मौजूद थे।

## पीडीजे ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने शनिवार को मंडल कारा कोडरमा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान जिला जज ने मंडल कारा कोडरमा के सभी वार्डो का निरीक्षण किया। प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने मंडल कारा कोडरमा में रह रहे बंदियों की वास्तविक स्थिति और जेल प्रशासन द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बाल कृष्ण तिवारी के साथ मनोरंजन कुमार और गौतम कुमार, कार्यालय अधीक्षक अजय प्रकाश और कार्यालय प्रधान अनिल कुमार भी मौजूद थे।

# सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का प्रतीक है बुढ़वा महादेव मंदिर

**हर दिन लगी रहती है श्रद्धालुओं की भिड़, सावन महीना होता है खास**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग का बुढ़वा महादेव मंदिर प्राचीन रहस्यों से भरा दुर्लभ शिवलिंग मंदिर है। यह शिवमंदिर महात्मा बुद्ध के समय के आसपास का माना जाता है। इस मंदिर पर लोंगो की बहुत आस्था है। श्रद्धा की अविरल धारा यहां हजारों साल से निरंतर प्रवाहित होती आयी है। इसके इतिहास के बारे में जानने के लिए कई लोंगों ने बहुत खाक छानी। इस मंदिर को जानने के लिए भगवान शिव से महात्मा बुद्ध तक की यात्रा करनी पड़ी। बुद्धवा से बुढ़वा तक की इस भूल भूलैया में आजतक खोया हूं। विश्वस्त सुत्रों के मुताबिक बुढ़वा महादेव मंदिर के आसपास कई बौद्ध स्तूप भी थे जो समय के गर्त में ढह गये। बुढ़वा महादेव मंदिर यहां पर एक उंचे टीले पर स्थापित था। वैसे शिवलिंग अक्सर जमीन की सतह से नीचे या उससे सटकर देखा गया है। देवघर, काशी विश्वनाथ से लेकर रामेश्वरम तक सभी शिवलिंग का पुराना स्वरूप धरती से सटकर ही है पर यह शिवलिंग एक उंचे टीले पर है जो इसे विलक्षण बनाता है। बुढ़वा महादेव मंदिर के आसपास कई मंदिरों की श्रंखला है। टीले पर स्थापित शिवलिंग के बगल में ही एक बजरंग बली का मंदिर और एक वैष्णोदेवी माता का भी मंदिर है। वैष्णोदेवी मंदिर में ज्वाला देवी का जोत जलते रहता है। यहां हर दिन श्रधालुओं के भिड़ लगी रहती है, मगर सावन सोमवारी और शिव रात्रि का दिन कुछ खास होता है। यहां प्रमोद कुमार मिश्रा पुजारी के रूप में वर्षो से सेवा दे रहें हैं। उनके भाई प्रभातचंद मिश्रा जो बताया पूजन सामग्री का दुकान चलाते हैं उनसे जानकारी लेने पर बताया की यह मंदिर कब से अस्तित्व में आया यह बता पाना संभव नहीं, पर यह मंदिर सनातन धर्म की पुर्नस्थापना का प्रतीक जरूर है। हजारीबाग शहर या आसपास से अमरनाथ, विष्णोदेवी, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ, बाबाधाम समेत अन्य तीर्थ स्थानों पर जाने वाले श्रद्धालु पहले यहां हाजरी लगाते हैं उसके बाद आगे की यात्रा शुरू करते हैं। मंदिर के बगल में एक तालाब और एक शिव मंदिर भी स्थित हैं। शिव मंदिर प्राचीन बुढ़वा शिव मंदिर के नाम से जाना जाता है। वहां के पुजारी बताते हैं कि इस मंदिर को लोग शिव लोक के नाम से भी जानते हैं।

## कांवर श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क सेवा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सावन का पवित्र महीना चल रहा है और श्रद्धालुगण बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए बाबा धाम के लिए हजारों की संख्या में कावड़ लेकर पैदल यात्रा के लिए निकल पड़े है। ऐसे में नवयुवक कावरियां संघ मेरु, हजारीबाग के बैनर तले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए निःशुल्क उत्तम व्यवस्था, नाश्ता चाय और गर्म पानी की व्यवस्था की गयी है। यहां श्रद्धालु आसानी पूर्वक विश्राम कर सकते हैं ऐसी व्यवस्था टेंट लगाकर की गयी है। इस निःशुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विनोद कुशवाहा ने फीता काटकर किया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि ने कहा कि इस सेवा शिविर के माध्यम से हजारों की संख्या में निकले हुए पैदल यात्रा में श्रद्धालु लाभान्वित होंगे। इस मौके पर मेरू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य दशरथ यादव, उप मुखिया मनोज कुशवाहा, वार्ड सदस्य शंभू नाथ कुशवाहा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार मेहता, पूर्व मुखिया जयशंकर मिश्रा, योगेंद्र पासवान, संतोष कुशवाहा, प्रमोद मेहता, बलराम कुशवाहा, विजय कुशवाहा, अनिल मेहता, किसुन प्रसाद, निर्मल कुशवाहा, रामचंद्र गुप्ता, रामकुमार पटेल, झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति के साथ-साथ स्थानीय और अनेक लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 से



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य और युवाओं की मांग पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से 4 अगस्त को खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ स्थान कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जायेगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश के कई वरीय पदाधिकारीगण और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल होंगे। यह टूर्नामेंट सदर विधानसभा क्षेत्र के पांच स्थानो पर आयोजित होगा। सदर प्रखंड, कटकमदाग प्रखंड, कटकमसांडी प्रखंड, दारू प्रखंड और कर्जन ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसकी शुरुआत हजारीबाग कर्जन ग्राउंड से होगा। सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत की टीमे इसमें हिस्सा लेंगी। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने समस्त सदर विधानसभा क्षेत्रवासियों को खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के शुभारंभ में शामिल होने का आग्रह किया हैं।

## स्कूल रूआर-2024 को लेकर कार्यशाला



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2024 कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में और संचालन सीआरपी दयाल प्रसाद ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, पंसस पिंगला देवी उपस्थित था। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का पौधा देकर किया गया। बीइओ ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि 5 से 18 वर्ष के बच्चों को विद्यालय से जोड़ना है इसके लिए प्रतिनिधि, समाजसेवी का सहयोग जरूरी है। बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति, ठहराव पर विशेष चर्चा किया गया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि बच्चों का नामांकन, पढ़ाई, ठहराव शत प्रतिशत हो इसके लिए प्रतिनिधि का जहां सहयोग हो करने के लिए तैयार है। विद्यालय के समय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक होते है। शिक्षक और अभिभावक का भी तालमेल जरूरी है। बीडीओ ने कहा कि बच्चों का ठहराव विद्यालय में हो इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक क्षेत्र के प्रतिनिधि और अभिभावक से तालमेल बना कर रखें। साथ ही सभी अतिथियों ने शिक्षा में बच्चों का ठहराव पर हर समय सहयोग करने की बात कहा। मौके पर बीपीएम चंद्र भुषण, सीआरपी नवीन कुमार, प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर, छोटन कुमार, विनोद रवि, सरयु पांडेय, मोहन प्रसाद, रामाशिष साव, मुकेश कुमार साव, मुकेश कुमार, पारस डे, सन्नी सोरेन, शंकर महतो, प्रमोद सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया में मनाया गया समझौता दिवस



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बैंक ऑफ इंडिया की कोडरमा जिले की सभी शाखाओं में समझौता दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर उन ग्राहकों के लिए विशेष प्रावधान किये गये जिनके खाते किसी कारणवश एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) हो गये थे और वे ऋण चुकाने में असमर्थ थे। बैंक ने उनकी योग्यता और वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए आसान शर्तों पर समझौता किया। एलडीएम निवास कुमार ने जानकारी दी कि समझौता दिवस के दौरान पूरे जिले में 172 खातों का ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) किया गया, जिससे कुल राशि 1 करोड़ 4 लाख रुपये की वसूली की गयीं। उन ग्राहकों को जिन्होंने समझौता राशि को एकमुश्त जमा कर दिया, उन्हें तुरंत एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) प्रदान किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक परसाबाद और जम्मू शाखा में खुद मौजूद थे और पूरे जिले में चल रहे समझौता प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। पथलडीहा शाखा में 12 और सतगावा शाखा में 10 खातों का समझौता किया गया। इस मौके पर परसाबाद के शाखा प्रबंधक कुंदन कुमार, जामु के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार, पथलडीहा शाखा प्रबंधक सलवानिया बानरा और सतगावां शाखा प्रबंधक राजीव कुमार समेत अन्य कई महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चालक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के महतो आहार के समीप ट्रक और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। ट्रक तिलैया से बरही की ओर जा रहा था इसी क्रम में टेम्पू समान लोड कर महतो आहर से तिलैया की ओर आ रहा था इसी बीच ट्रक से टेंपो में जोरदार टक्कर हुई जिसमें ऑटो का परखच्चे उड़ गये। घटना में ऑटो चालक अमित रजक भी घायल हो गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



## अवैध कोयला भंडारण के खिलाफ चलायी गयी छापेमारी



कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ कुजू पुलिस और सीसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आरा परियोजना अंतर्गत दो नंबर खदान के बगल से करीब 13 टन अवैध तरीके से भंडारण किये गये कोयला जब्त किया गया। जिसे कंपनी के गाड़ी में उठाने की प्रक्रिया के दौरान कोयला बरामदगी करने पहुंचे अधिकारियों को स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने कोयला उठाव का विरोध करते हुए जमकर हंगामा मचाया। बाद में अधिकारियों ने कोयला चोरी कर रखने के खिलाफ मामला दर्ज करने की चेतावनी दी। जिस पर सभी ग्रामीण महिला वापस हुए। जिसके बाद कंपनी के गाड़ी में कोयला लादकर तोपा परियोजना स्थित कुजू रेलवे न्यू साइडिंग के सुपुर्द किया गया। उक्त अभियान में कुजू ओपी के रौसन कुमार सदल बल सहित सीसीएल क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी पीसी साहू, आरा पारियोजना के पारियोजना पदाधिकारी पीएस देव, मैनेजर राजीव भारद्वाज, ओवरमैन आफताब हुसैन, मुरली मनोहर, जीतेन्द्र नोनिया, राज किशोर महतो, मुकेश कुमार, अजय कुमार, हेमंत कुमार सिंह, प्रदीप और गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल रहे।

### 14वें वित्त आयोग मद से निर्मित भवनों और अन्य कार्यों का उद्घाटन

# विकास कार्य लगातार चलता रहेगा: सत्यानंद भोक्ता

- समय से सभी योजनाएं पूर्ण किया जाये और गरीबों को लाभ दिया जाये : काली चरण सिंह
- गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाये, विकास को गति दी जायेगी: रमेश घोलप प्राप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन चतरा में नगर परिषद चतरा द्वारा विभिनन मदों से पूर्ण किये गये योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और चतरा सांसद कालीचरण सिंह को उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर स्वागत किया और संयुक्त रूप से तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार और केंद्र सरकार द्वारा लोगों के हितों में अनेक कार्यक्रम चलायें जा रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 21-50 वर्ष के बीच की पेंशन योजना प्रारंभ की जा रही है। इसका लाभ सभी योग्य महिलाओं को दी जायेगी। साथ ही उन्होने उपायुक्त रमेश घोलप को कहा कि चतरा जिला में नगर भवन की स्थापना की जाये। जिसमे मैरेज हॉल और अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा सके। मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना के तहत युवक/युवतियां लाभ उठाएं और अपने पैरों पर खड़ा हो। सरकार द्वारा इसके लिए 50 प्रतिशत तक कि सब्सिडी दी जा रही है। श्रावणी माह को देखते हुए मंत्री ने उपस्थित सभी महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समय से सभी योजनाएं पूर्ण हो। साथ ही योग्य लाभूकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिले। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि समय से सारी योजनाएं पूर्ण होगी और सभी विकास के कार्य गुणवत्तापूर्ण किये जायेंगे। कार्यक्रम में माननीय मंत्री श्री भोक्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की राशि के डमी चेक का वितरित किया और पूर्ण किये गये आवास (प्रधानमंत्री आवास योजना) के लाभुकों को डमी चाभी दिया गया। कुल 11 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया, जिसमें एक दिव्यांग लाभुक भी शामिल है। वहीं कार्यक्रम में एसएचजी महिला समूहों को आत्म निर्भर बनाने के लिए समूहों के बीच ऋण के रूप में डमी चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनिता कुमारी, संबंधित पदाधिकारी, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थिति थे।

## झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की मांग को राज्य सरकार अविलंब स्वीकार करे : सांसद कालीचरण सिंह



चतरा। झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के कर्मी 09 (नौ) सूत्री अपनी मांग को लेकर पिछले 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। चतरा के सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान और जिप उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी धरना स्थल पर पहुंचे और उनकी मांगों को अपना नैतिक समर्थन देने की घोषणा किया। इस मौके पर सांसद कालीचरण सिंह ने राज्य की मौजूदा सरकार से हड़ताल कर्मियों की जायज मांगों को पूरा करने की मांग किया। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि कर्मियों की हड़ताल के कारण समाहरणालय का कामकाज पूरी तरह बाधित है, जिससे आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। मैं उनकी मांगों का पूरा समर्थन करता हूं। उन्होनें कहा कि मौजूदा सरकार मांगो को पूरा नहीं करती है तो झारखंड में हमारी सरकार बनते ही इनकी मांगो को पूरा किया जायेगा। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ कैडर की 09 (नौ) सूत्री मांग को लेकर राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल को चतरा जिला पूर्ण समर्थन करते हुए हड़ताल पर है। यह निर्णय 21 जुलाई को झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ चतरा के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार पाठक की अध्यक्षता में लिया गया है।

## युवा आजसू के जिला सह प्रभारी बने रोहित सोनी, लोगों ने दी बधाई



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी युवा मोर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से रोहित सोनी को आजसू युवा मोर्चा का जिला सह प्रभारी सह छावनी परिषद प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी, प्रदेश संयोजक सह जिला प्रभारी राजेश महतो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रोहित सोनी ने कहा कि युवाओं के लिए संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, मैं उसे निष्ठा पूर्वक निभाने का कार्य करूंगा। हर संभव युवाओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से धर्मेंद्र साव भोपाली, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, दीपक साहू अरविंद महतो,नीतीश निराला, आकाश यादव, अजित गुप्ता आदि लोगों ने बधाई दी।

## श्री गुरु नानक स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर मां और प्रकृति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री का यह अभियान अब रामगढ़ में भी धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। शनिवार को रामगढ़ शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गयी। इस अभियान में विद्यालय के सभी वर्गों के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वागत गान, कविता वचन और पर्यावरण को कैसे हरा भरा रखा जाये, प्रकृति को कैसे प्रदूषण मुक्त बनाएं और इसे किस प्रकार से सुरक्षित रखा जाये विषय पर भाषण दिया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के बीच 2500 पौधों का वितरण किया जायेगा। यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा और विद्यालय के हर एक विद्यार्थी को पौधा दिया जायेगा। आज 150 पौधे भी बांटे गये। विद्यालय के हितधारकों के समन्वय से आगामी सप्ताह वृक्षारोपण सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। एसजीएनपीएस के बच्चे अपनी प्यारी मां के साथ मिलकर पौधे लगाएंगे और उनके साथ सेल्फी खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे और इसे सुरक्षित रखेंगे भी। इस सप्ताह के दौरान बच्चे जैव विविधता के प्रति अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के शिक्षक बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की प्रतिबद्धता जतायेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह तथा स्कूल प्रबंधक और स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे। प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि विद्यालय को इस कार्यक्रम का हिस्सा होने पर गर्व है और वे रामगढ़ शहर को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए समर्पित हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार विवेक विक्रमजीत सिंह कोहली एवं मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी भी इस अवसर पर उपस्थित रहें।

## इनमोसा की भुरकुंडा में हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा इनमोसा भवन में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसका अध्यक्षता दिनकर सिंह और संचालक प्रभाष दास ने किया। बैठक में सदस्यता शुल्क सहित बरका-सयाल एरिया का चुनाव जो कि पिछले 10 से 15 साल से अब तक नहीं हुआ है इस पर चर्चा की गयी। कहा गया कि बरका-सयाल एरिया के पद को हमेशा नॉमिनेट बंद कमरा में किया गया है जिसका विरोध पूरे बरका-सयाल एरिया के सभी परियोजनाओं में हो रहा है। बैठक में लोगों ने एक स्वर में कहा कि एक आदमी को एक ही पद दिया जाये। यहां एरिया के कुछ ऐसे पदाधिकारी नॉमिनेट हुए हैं जो कि यूनियन के भी पदाधिकारी हैं और इनमोसा के भी पदाधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं, जो की सरासर गलत है। इसका विरोध सभी माइनिंग स्टाफ कर रहे हैं। कहा गया कि मेंबरशिप की बात की जाये तो यहां के लोगों ने हमेशा से सदस्यता शुल्क दिया है और आगे भी देते रहेंगे। लेकिन कितने कहने के बावजूद यहां के पदाधिकारी का निष्पक्ष रूप से चुनाव नहीं कर पा रहे हैं। सभी लोगों ने यह भी मांग की है कि बरका-सयाल एरिया के जितने भी माइनिंग स्टाफ हैं, एरिया के चुनाव में सभी लोग अपना-अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं रहेगी। बताया गया कि इनमोसा के उच्च अधिकारियों से इस विषय की जानकारी दी गयी। वहां से आश्वासन मिला है कि बरका-सयाल एरिया का निष्पक्ष रूप से चुनाव कराया जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन भुरकुंडा शाखा अध्यक्ष संजीव कुमार दुबे ने किया। बैठक में शशि भूषण सिंह, पप्पू सिंह, अजीत सिन्हा, आनंद हेमब्रम, नारायण साहू, राज किशोर यादव, अनिल कुमार राय, अनिल पासवान, रामानुज प्रसाद, दूधेश्वर महतो, हरिहर टुडू, संदीप टोप्पो, विजय राम, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार राम आदि उपस्थित थें।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने सीएचपी और कोयला डिस्पैच को कराया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा बिरसा परियोजना अध्यक्ष पप्पू लाल मांझी और सचिव शनि सोरेन के नेतृत्व में एल एंड टी कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण किया गया। सीसीएल बरका सयाल प्रक्षेत्र के नोर्थ उरीमारी कोल हैन्डलिंग प्लांट और प्लांट पर कोयला डिस्पैच कार्य को संपूर्ण रूप से शनिवार को बंद कराया गया। इसके पूर्व में रैयत विस्थापित मोर्चा और बिरसा परियोजना प्रबंधन और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन प्रबंधन के साथ बिते 21 जून त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी। वार्ता में स्थानीय विस्थापित मजदूरों को नोर्थ उरीमारी कोल हैन्डलिंग प्लांट में कार्य पर रखने का प्रबंधन के साथ समझौता हुआ था। लेकिन वार्ता को अधिकारीयों ने केवल टेबल तक ही सीमित रखी। इसे कंस्ट्रक्शन के कार्यप्रणाली क्षेत्र पर नहीं उतारा गया। जिसके कारण आज तक विस्थापित मजदूर दर-बदर भटकने पर मजबूर है, और बहार से कोल हैंडलिंग प्लांट में मजदूरों को लाकर कार्य कराया जा रहा है। रैविमो के साथ वार्ता कर प्रबंधन ने विफल करने का काम किया है, औश्र स्थानीय विस्थापित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से वंचित किया गया है। जिसके विरोध में रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा बिरसा परियोजना के बैनर तले एल एंड टी कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण किया गया। बरका सयाल प्रक्षेत्र के नोर्थ उरीमारी कोल हैन्डलिंग प्लांट और प्लांट पर कोयला डिस्पैच कार्य को संपूर्ण रूप से बंद किया गया है। बंदी को सफल बनाने में मुख्य रुप से रैविमो क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा, संजय करमाली, बिरसा शाखा अध्यक्ष पप्पु लाल मांझी, शाखा सचिव सन्नी सोरेन, पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, उरीमारी शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम, अजय बेसरा, अंनाद बेसरा, पंकज हेम्ब्रोम, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, राजेन्द्र मुंडा, सुनील सोरेन, संतोष करमाली, मंटू मुंडा, मुनिष मरांडी, बसंत सोरेन, बिनोद मुर्मू, राजा मुर्मू, राजेन्द्र टुडू, सिकेन्द्र टुडू, शाहरुख सोरेन, संतोष टुडू, मुकेश टुडू, जुगनू मांझी, भादो मांझी, चंद्र देव मुंडा, बृज लाल मरांडी, दिलीप टुडू, दिलीप महतो, शंम्भु प्रजापति, नरेश पावरिया, अजीत टुडू, बिनोद मुर्मू, पोटरा मांझी, रमेश हांसदा, फुलमती देवी, सीमा देवी, अनीता देवी, पूनम देवी, मंझली देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, सोनमती देवी, सुनीता देवी, लालमुनि देवी, गुंजा किस्कू, प्रियंका देवी, जगनी देवी, सिबन्ति किस्कू, संजना देवी, और सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पौधरोपण करने गये कर्मियों का ग्रामीणों ने किया विरोध, बैरंग लौटे

- वन अधिकार पट्टा को लेकर ग्रामीणों ने किया मांग
- 55 एकड़ में लगाया जा रहे नर्सरी को बंद कराया काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के केतारीवार गांव और पैनी गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा लगाया जा रहे पौधरोपण कार्य को बंद करा दिया। इस दौरान काफी लोगों ने हो हंगामा किया और वन विभाग वापस जाओ, वन अधिकार पट्टा दो आदि के जमकर नारे लगाये। घर बनाकर रह रहे भूमि पर पेड़ लगाये जाने का पूरजोर विरोध किया। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर घर बना कर रह रहे लोगों को जमीन और पट्टा देने की बात करती है और दूसरी ओर बना बनाया घर को वन विभाग द्वारा तोड़ दिया जा रहा है। विदित हो कि केतारीबार और पैनी गांव के वन क्षेत्र पर 55 एकड़ जमीन में अनुसूचित जाति के सैकड़ों घर बना हुआ है और सरकारी आवास भी बनाये गये हैं। इसी वन भूमि पर वन विभाग द्वारा वनरोपन किया जा रहा है। आरोप है कि उक्त भूखंड पर तीन पुस्त से सभी लोग रहते आ रहे है। करीब एक सौ से ज्यादा मकान बना हुआ है। प्रभारी वन पाल अमित रंजन ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार वन भूमि के जमीन का सीमांकन किया जा चुका है। उक्त भूमि पर पौधरोपन किया जाना है। विरोध करने वालों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया गया है। दस लोगों को नामजद और पचास से साठ अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## दो दिवसीय तीज मेले की शुरुआत



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में शहर के मेन रोड स्थित जैन भवन के सभागार में दो दिवसीय तीज मेले की शुरूआत की गयी है। मेले का शुभारंभ शहर की वरिष्ठ चिकित्सक और सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डॉ प्रसाद ने समिति द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। उन्होंने समिति के कार्यों के लिए समिति को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए समिति के उज्जवल भविष्य की कामना की। समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया मेले का उद्देश्य आगामी त्यौहार हरितालिकातीज, रक्षाबंधन तथा जन्माष्टमी आदि त्योहारों के लिए लोगों को एक ही छत के नीचे जरूरत के सभी नवीन और आकर्षक सामान उपलब्ध कराना है। इस कारण हमने शहर के तथा संपूर्ण झारखंड की सभी नामी बूटिको को अपने नवीनतम संग्रह के साथ आमंत्रित किया है। इसी का प्रतिफल है कि हमारे मेले में एक से बढ़कर एक वस्तुएं उपलब्ध है। निशा जैन ने बताया यूं तो प्रति वर्ष हमारे द्वारा लगाए जाने वाले मेले में हमारी बहनें संतुष्टि का एहसास करती है। परंतु इस बार का हमारी बुटीक बहनों का प्रयास उनका मन मोह लेगा। मेले का आयोजन 27 और 28 जुलाई दो दिनों तक चलेगा। इस कारण उन्होंने लोगों से दोनों दिन अपनी भागीदारी प्रदान करने की अपील की है। समिति की सचिव रिद्धि जैन ने उद्घाटन समारोह में आए हुए मुख्य अतिथि, शहर के गणमान्य लोग और बुटीक बहनों का समिति की तरफ से आभार व्यक्त किया। मेले को सफल बनाने में अरुणा जैन, प्रिया अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, सुधा गोयल, मंजू मैडम, पुष्पा अग्रवाल, रेनू मित्तल, अनिता बंसल, सिंपल बरेलिया, नैना मेवाड़, पूनम गर्ग, निकिता गोयल पिंकी गोयल, सरिता जैन, शकुंतला अग्रवाल, उर्मिला साह, सविता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में अंतर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बना बुद्धा सदन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रहे अंतर सदनीय क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन 2 का शनिवार को फाइनल मैच बुद्धा सदन बनाम आर्यभट्टा सदन के बीच खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन प्राचार्य विजयंत कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और आशीर्वचन देकर किया। इसके बाद प्राचार्य विजयंत ने बल्लेबाजी कर मैच का शुभारंभ कराया। बुद्धा सदन की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।

# डीएमएफटी की योजनाओं में दो ठेकेदारों ने बरती लापरवाही, लगाया गया आर्थिक दंड

- शिकायतों के आधार पर जांच में पायी गयी गुणवत्ता की कमी

आजाद सिपाही संवाददाता



### गोला और रजरप्पा में की गयी जांच

**डीसी ने भवन प्रमंडल द्वारा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दूधमटिया गोला और राजकीय मध्य विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट में किचन शेड और स्टोर रूम निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी को लेकर अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा के क्रम में संबंधित संवेदक पर कार्रवाई करते हुए 5 प्रतिशत के कार्य राशि 91470 रुपए और 119690 रूपये का आर्थिक दंड निर्देश दिया।**

**रामगढ़।** जिले में डीएमएफटी के तहत चल रही विकास योजनाओं मे लापरवाही बरतना दो ठेकेदारों को महंगा पड़ गया। डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को बैठक के दौरान दोनों संवेदकों पर आर्थिक दंड लगाने का आदेश जारी किया है। डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में डीएमएफटी की तहत संचालित योजनाओं और चल रहे निर्माणकारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान सर्वप्रथम डीसी ने विकास शाखा और डीएमएफटी टीम से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में डीएमएफटी के माध्यम से ली गयी योजनाओं में प्राप्त शिकायतों और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी को लेकर संबंधित विभागों से पूछे गये स्पष्टीकरण की जानकारी ली।

**पतरातू और मांडू प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं पर मिली थी शिकायत :** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रामगढ़ द्वारा पतरातू प्रखंड के पटेल नगर बैंक मोड़ से पवन क्रूस हाई स्कूल होते हुए लोहा पुल तक पथ निर्माण और मांडू प्रखंड के लइयों दक्षिणी क्षेत्र में दूधी बांध पर पुल निर्माण योजना में गुणवत्ता की कभी की शिकायत पर समीक्षा करते हुए 10-10 प्रतिशत राशि 760359 रुपये और 2978120 रुपये कुल 39 लाख 49 हजार 639 रुपये का आर्थिक दंड लगाने और दंड की राशि भुगतान से कटौती कर या नीलाम पत्र द्वारा वसूल करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य शिकायतों के तहत संबंधित एजेंसियों को किये गये स्पष्टीकरण पर चर्चा करते हुए डीसी ने तत्काल रूप से सभी एजेंसियों को स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया।

**डीपीआर का अक्षरशः पालन करें अधिकारी :** बैठक के दौरान डीसी ने सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को सरकारी योजनाओं के निर्माण के दौरान डीपीआर का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने गोला प्रखंड अंतर्गत मगनपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल में अवस्थित तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्य किए जाने को लेकर महत्त्वपूर्ण निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंताओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## हिंदू संगठन 12 को निकालेंगे जलाभिषेक यात्रा



कुजू (आजाद सिपाही)। सावन के अवसर पर जलाभिषेक यात्रा निकालने को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच सहित स्थानीय लोगों ने प्राचीन शिव मंदिर कुजू के प्रांगण में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता अर्जुन प्रसाद केसरी ने किया। बैठक में आगामी 12 अगस्त सोमवार को भव्य जलाभिषेक यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए टूटी झरना मंदिर से कुजू प्राचीन शिव मंदिर तक यात्रा का रूप चार्ट बनाया गया। साथ ही, आसपास के क्षेत्र में जनसंपर्क कर कूपन बांटने, जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। जलाभिषेक यात्रा को लेकर 12 अगस्त को प्रातः 4 बजे से शिव मंदिर में शिव भक्तों के इकट्ठा होने पर विभिन्न वाहनों के माध्यम से टूटी झरना मंदिर तक पहुंचाने, तत्पश्चात प्रातः 6 से 7 बजे के बीच जल लेकर वापस कुजू शिव मंदिर की ओर प्रस्थान करने, बैनर, कूपन छपवाने, मंदिर की साजसज्जा, यातायात व्यवस्था, शरबत और प्रसाद वितरण आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा कर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में ऋषभ सहाय, सुमित, आकाश सिंह, मिंटू पांडेय, सुनील, संदीप केसरी, किशन गुप्ता, पिंटू सिंह, सिंटू, बंटी, रूपेश, अमन, बहादुर, आशीष साहू, अमित साहू, शक्ति, सावन राणा, विष्णु, अभिषेक, दीपक, रितेश, सुदीप मेहता, गौरव कुमार, अनीश, सोनू केसरी आदि उपस्थित रहे।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार मै निंशात कुमार मंझी पिता संजीव कुमार मांझी, ग्राम + पो०+थाना - तमाड ब्राह्मा टोला, जिला - राँची, झारखण्ड का स्थयी निवासी हूँ। शायद तकनीकी गलती के कारण आधार कार्ड में मेरा नाम निशांत कुमार दास दर्ज हो गया था जिसे मेने सुधार करवा लिया है। आधर कार्ड नं 2436 8180 5719 मे दर्ज है अब मेरा नाम निशांत कुमार मांझी से जाना जा सकता हूँ। अतः श्रीमान से निवेदन है कि दिनांक 20.07.2024 मुझे मेरे नए नाम निशांत कुमार मांझी से जो जाना जाए। इसके लिए मै सदा आपका अभारी रहूँगा।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार संख्या-1226 दिनांक- 25.07.2024, मैं संध्या कुमारी पति चंद्रशेखर दास निवासी ग्राम कजरु खुर्द, पोस्ट खुरहत कटैया, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू, झारखंड का निवासी हूं। 1 यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं। 2 यह कि मेरा नाम झारखंड अधिविध परिषद, रांची के सर्टिफिकेट में मेरा नाम संध्या कुमारी दर्ज है और मेरा आधार कार्ड में नाम संध्या दास अंकित है। 3 यह की संध्या कुमारी एवं संध्या दास दोनों नामो से जानी जाती हूं अर्थात दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं ही हूं। 4 यह कि मैं अपना उपरोक्त दोनों नाम को सत्यापित करने के लिए यह शपथ पत्र कर रही हूं

शपथकर्ता संध्या कुमारी

# चीनी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के सिलसिले में वियतनाम गए विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीनी विदेश मंत्री वांग यी से हुई मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण है। यह एक महीने के अंदर ही दूसरा मौका है, जब दोनों नेताओं ने मिलकर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पिछले चार वर्षों से जारी गतिरोध को दूर करने के उपायों पर बातचीत की है। दोनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि आपसी संबंधों को स्थिरता देना भारत और चीन के हित में है। लेकिन इस लक्ष्य की ओर बढ़ने के तरीकों पर दोनों देशों के बीच मतभेद अभी भी बने हुए हैं। चीन ने इस बार भी यह संकेत दिया कि एलएसी पर जो हालात हैं, उसे न्यू नॉर्मल मान कर रिश्तों को सामान्य बनाने की ओर कदम बढ़ाना ठीक रहेगा, लेकिन जयशंकर ने भारत के इस रुख को फिर स्पष्ट किया कि सीमा पर शांति और एलएसी के लिए सम्मान सुनिश्चित करके ही रिश्तों को सामान्य बनाया जा सकता है। हालांकि दुनिया के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत में भी इस बात का अहसास बढ़ता जा रहा है कि सीमा से जुड़े मसलों को दोनों देशों के व्यापारिक सहयोग में ज्यादा समय तक आड़े आने देना अच्छा नहीं है। अलग-अलग थिंक टैंकों या खास समूहों की तरफ से उठायी जा रही यह बात अब सरकार की ओर से भी कही जाने लगी है। इसी का ताजा उदाहरण है कि पिछले दिनों संसद में पेश किये आर्थिक सर्वे में चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेश निवेश को आसान बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके पीछे अमेरिका और यूरोपीय देशों की चाइना प्लस वन पॉलिसी का फायदा उठाने की भावना हो सकती है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर लगे प्रतिबंधों से उपजी परिस्थितियों में भारत ने उससे सस्ती दरों पर कच्चा तेल लेना और उसे रिफाइन करके अन्य देशों को भेजना शुरू करने में देर नहीं लगायी। इससे सभी संबंधित पक्षों को फायदा हुआ। यह एक तरह से पश्चिमी देशों की रूस प्लस वन पॉलिसी ही थी, जिसका भारत ने फायदा उठाया। चाइना प्लस वन की जहां तक बात है, तो मेक्सिको, दक्षिण कोरिया और वियतनाम जैसे देश तो उसका फायदा उठा रहे हैं, लेकिन भारत उनके मुकाबले में काफी पीछे है। बहरहाल, भारत अपनी सुरक्षा और भू-राजनीति से जुड़े हितों की अनदेखी नहीं कर सकता। ऐसे में एलएसी पर सामान्य हालात बहाल करने के सवाल को ठंडे बस्ते में डालने की चीनी पेशकश तो स्वीकार नहीं की जा सकती, लेकिन वहां जल्द से जल्द स्थिति सामान्य हो, इसके प्रयास तेज जरूर किये जा सकते हैं।

**दुनिया के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत में भी इस बात का अहसास बढ़ता जा रहा है कि सीमा से जुड़े मसलों को दोनों देशों के व्यापारिक सहयोग में ज्यादा समय तक आड़े आने देना अच्छा नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डॉक्टर कलाम को अपने भारतीय मुस्लिम होने पर गर्व था, उनके पिता एक मस्जिद में इमाम थे, जो हर शाम की चाय पर प्रमुख हिंदू मंदिर और ईसाई गिरजाघर के लोगों के साथ स्थानीय समस्याओं को सुलझाने के लिए चर्चा करते थे। बचपन में इस माहौल में परवरिश पाकर उन्होंने निर्णय किया कि वे विज्ञानी बनेंगे। इसके लिए उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अपने दृढ़ निश्चय और सब धर्मों में समानता को मूल में रख कर भारत के पहले विज्ञानी राष्ट्रपति बने।**

# वैज्ञानिक सोच और अध्यात्म का संगम थे राष्ट्रपति कलाम

**पूरन चंद सरीन**

किसी व्यक्ति का साधारण, सीमित साधन और निर्धन परिवार में जन्म लेना उसे महान बनने से नहीं रोक सकता, यह भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व को समझने पर पूरी तरह सही लगता है। 27 जुलाई को उनकी पुण्यतिथि है, इसलिए इस अवसर पर यह याद आना स्वाभाविक है कि ऐसा क्या था जिससे वे भारत रत्न और प्रेरक व्यक्ति बने?

**विज्ञान और अध्यात्म :** उन्होंने हिंदू धर्म की आध्यात्मिक संस्था स्वामी नारायण के तत्कालीन प्रमुख स्वामी महाराज के जीवन, दर्शन और उनके माध्यम से अपने अंदर हुए परिवर्तन को लेकर प्रोफेसर अरुण तिवारी के साथ मिल कर एक ग्रंथ की रचना की। इसमें लिखा गया है कि विज्ञानी होने और वैज्ञानिक सोच रखने का यह अर्थ नहीं है कि धर्म या अध्यात्म नकार कर हम प्रगति कर सकते हैं। उन्होंने हजारों युवाओं और सभी वर्गों से आये श्रोताओं को संबोधित कर एक बार कहा था कि जिसका हृदय निर्मल है, उसका चरित्र सुंदर है, जिस घर में सत्य और सुंदर चरित्र है, वहां सद्भाव रहता है, सद्भावना से राष्ट्र संचालित होता है और विश्व में शांति का सूत्रपात होता है। प्रमुख स्वामी में मैंने हृदय की सत्यता के दर्शन किये और अपार शांति का अनुभव किया।

**विज्ञान के क्षेत्र में डॉक्टर कलाम का योगदान अभूतपूर्व है। उन्हें मिसाइल मैन कहा गया, अंतरिक्ष विज्ञान उनके बिना अधूरा रहता।**

डॉक्टर कलाम को अपने भारतीय मुस्लिम होने पर गर्व था, उनके पिता एक मस्जिद में इमाम थे, जो हर शाम की चाय पर प्रमुख हिंदू मंदिर और ईसाई गिरजाघर के लोगों के साथ स्थानीय समस्याओं को सुलझाने के लिए चर्चा करते थे। बचपन में इस माहौल में परवरिश पाकर उन्होंने निर्णय किया कि वे विज्ञानी बनेंगे। इसके लिए उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अपने दृढ़ निश्चय और सब धर्मों में समानता को मूल में रख कर भारत के पहले विज्ञानी राष्ट्रपति बने।

अपनी मूल भावना से प्रेरित होकर उन्होंने प्रमुख स्वामी को अपना गुरु बनाया और उनके सान्निध्य और मार्गदर्शन में जीवन के अंतिम 14 वर्ष व्यतीत किये।

प्रमुख स्वामीजी के साथ हुए अपने आध्यात्मिक अनुभवों पर आधारित पुस्तक के प्रकाशन के बाद युवाओं की एक सभा में भाषण देते हुए अंतिम सांस ली।

**विज्ञान की आत्मा :** ऐसा नहीं है कि वे पहले विज्ञानी थे, जिन्होंने विज्ञान और अध्यात्म की एकता को सिद्ध और प्रचारित किया बल्कि पायथागोरस, गैलीलियो, आइंस्टाइन, रामानुजम, जगदीश चंद्र बोस, चंद्रशेखर, फ्रांसिस कॉलिन्स जैसे विचारकों और विज्ञानियों ने भी इसी सिद्धांत को स्वीकार किया और इसे मानव जीवन का अनिवार्य अंग माना। इन दोनों तत्वों का संगम ही मानवीयता है।

विज्ञान ने हमें बहुत कुछ दिया है लेकिन उसकी आत्मा अध्यात्म है। एक उदाहरण है; जब डॉक्टर कलाम अपनी पुस्तक लिखने से पहले उसके 5 अध्यायों की चर्चा स्वामी महाराज से कर रहे थे, तो गुरु ने कहा कि इसमें छठा अध्याय ईश्वर में आस्था भी शामिल करें, तब ही पुस्तक पूर्ण होगी। विज्ञान और धर्म या अध्यात्म को 2 अलग रूपों में देखना न केवल भूल है, बल्कि एक ही सिक्के के 2 पहलू होने को नकारना है।

विज्ञान के क्षेत्र में डॉक्टर कलाम का योगदान अभूतपूर्व है। उन्हें मिसाइल मैन कहा गया, अंतरिक्ष विज्ञान उनके बिना अधूरा रहता। अग्नि जैसी खोज देश को आत्मनिर्भर और मजबूत राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण है। देश को न्यूक्लियर ऊर्जा के उपयोग से विकास की नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प उनका था। वे सन 2020 तक भारत को विश्व की 4 आर्थिक महाशक्तियों के रूप में देखना चाहते थे।

**वैज्ञानिक सोच क्या है? :** वैज्ञानिक और धार्मिक तथा आध्यात्मिक सोच वाला व्यक्ति कोई भी ऐसा काम करने से पहले 10 बार इस बात का चिंतन करेगा कि उससे किसी का अहित तो नहीं हो रहा। इसके उलट जब सोच यह हो कि चाहे मेरा लाभ हो या नहीं, पर दूसरे की हानि अवश्य हो, तब उस समाज का भविष्य चाहे भौतिक समृद्धि का दर्शन करा दे, लेकिन शांति की स्थापना नहीं हो सकती।



एक बार डॉक्टर कलाम ने विद्यार्थियों के समक्ष बोलते हुए पूछा कि हमारा शत्रु कौन है, इस पर अनेक उत्तर मिले लेकिन एक विद्यार्थी स्नेहल ठक्कर ने कहा कि शत्रु केवल गरीबी है। एक बार उनका हैलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और चमत्कारिक रूप से सभी बच गये। घायल अवस्था में नींद का इंजेक्शन दिया गया, तो स्वप्न में उन्हें विश्व की महान विभूतियां अपने आसपास दिखायी दीं, जिन्होंने उन्हें जीवन का भरोसा दिया।

एक बार डॉक्टर कलाम ने विद्यार्थियों के समक्ष बोलते हुए पूछा कि हमारा शत्रु कौन है, इस पर अनेक उत्तर मिले लेकिन एक विद्यार्थी स्नेहल ठक्कर ने कहा कि शत्रु केवल गरीबी है। एक बार उनका हैलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और चमत्कारिक रूप से सभी बच गये। घायल अवस्था में नींद का इंजेक्शन दिया गया, तो स्वप्न में उन्हें विश्व की महान विभूतियां अपने आसपास दिखायी दीं, जिन्होंने उन्हें जीवन का भरोसा दिया।

उन्होंने अपनी पुस्तक में इस घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि सपने, सपने और केवल सपने ही उन विचारों को जन्म देते हैं, जो हमें अपने लक्ष्य तक ले जा सकते हैं। उनका मानना था कि बुद्धि ही वह शस्त्र है, जो विनाश से रक्षा कर सकता है। कोई भी दुश्मन हमें हरा नहीं सकता यदि हम अपनी अक्ल, सूझबूझ का इस्तेमाल कर ऐसा ताना बाना तैयार करें, जिसे भेदना असंभव हो। अगर यही बुद्धि भ्रष्ट हो जाये तो भ्रष्टाचारी बनने और नैतिकता का पतन और अंधकार के गर्त में गिरने से कोई नहीं रोक सकता।

ईश्वर ही कर्ता और नियंता है, इसे नजरअंदाज कर जब हम स्वयं को यह दर्जा देने लगते हैं, तब ही हिटलर, मुसोलिनी जैसे लोग निरंकुश होकर अत्याचार करने में सफल हो पाते हैं। भारत की आध्यात्मिकता और सभी धर्मों, जातियों, वर्गों, संप्रदायों के प्रति समान भाव रखना ही उसकी पहचान है।

## जमशेदपुर की खबरें

# पोटका विधायक की अनुशंसा पर 23 सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण को मिली स्वीकृति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** विधायक संजीव सरदार के अनुशंसा पर ग्रामीणों की बरसों पुरानी मांगों पर सरकार से स्वीकृति मिल गयी। शनिवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र स्थित जमशेदपुर, पोटका और डुमरिया प्रखंड क्षेत्र में कुल 46.08 करोड़ की लागत से 23 महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण का कार्य के लिए निविद प्रकिया पुरा होते ही काम धरातल पर शुरू हो जायेगा। शनिवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र में 64.465 किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए कुल 46.08 करोड़ राशि की स्वीकृत मिलने पर ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। स्वीकृत दिये गये योजनाओं मे डुमरिया प्रखंड के निरूडीह से पलासबनी तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 1.70 किमी, स्वीकृति राशि-77.06 लाख रुपया), आरईओ रोड से कोलेबिरा तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 1.35 किमी, स्वीकृति राशि-1.26 करोड़ रुपया), बेसार पहाड़ी से चटानीपानी तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 7.00 किमी, स्वीकृति राशि-4.80 करोड़ रुपया), आरईओ रोड से चिंगरा तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 1.85 किमी, स्वीकृति राशि-1.39 करोड़ रुपया), एल-063 आरईओ रोड से जामबनी तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 1.82 किमी, स्वीकृति राशि-94.72 लाख रुपया), पोटका प्रखंड के बिरघा से कानिकोला तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 4.3 किमी, स्वीकृति राशि-2.49 करोड़ रुपया), नागा से केण्डमुडी तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 1.93 किमी, स्वीकृति राशि-95.27 लाख रुपया), हल्दीपोखर तिरिंग मुख्य पथ से नागा तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 2.60 किमी, स्वीकृति राशि-1.28 करोड़ रुपया), मुदासाई से तेतुललडीह तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 0.95 किमी, स्वीकृति राशि-50.22 लाख रुपया), एल-105 से सुफलडीह तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई-6.82 किमी, स्वीकृति राशि-3.87 करोड़ रुपया), हाता जादूगोड़ा मुख्य पथ से मोघासाई तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 1.32 किमी, स्वीकृति राशि-71.34 लाख रुपया), पोडाडीहा से पोखरिया तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 2.50 किमी, स्वीकृति राशि-1.92 करोड़ रुपया), बालीडीह से बुरूहातू तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 2.50 किमी, स्वीकृति राशि-98.66 लाख रुपया), एल 035 से झारियागुटु तक पथ का सुदृढीकरण (लंबाई- 2.48 किमी, स्वीकृति राशि-1.82 करड़ो रुपये) शामिल है। वही राजाबासा बिंगबुरु से डांगराडीह होते हुए पोटका कुदादा मुख्य पथ माचागोडा तक सड़क निर्माण (लंबाई-3.85 किमी, स्वकृति राशित-3.84 करोड़ रुपया), नरवा जादूगोड़ा मुख्य पथ धोबनी से दोरागुटु तक पथ निर्माण (लंबाई-4.70 किमी, स्वीकृत राशित-4.70 करोड़ रुपया), लोआडीह जाहेरथान से रानीकुदर ऊपर टोला जाहेरथान तक पथ निर्माण (लंबाई-3.10 किमी, स्वीकृत राशि-2.89 करोड़ रुपया), पल्ली मंगल विद्यालय से कुटसुरी तक पथ निर्माण (लंबाई-2.53 किमी, स्वीकृत राशि-2.41 करोड़ रुपया), ,ग्राम पावरू पहाड़ चौक से चारडीहा तक पथ निर्माण (लंबाई-1.80 किमी, स्वीकृत राशि-1.27 करोड़ रुपये), ग्राम खड़ियासाई गंगानारायण सिंह चौक से हेंसागोडा तक पथ निर्माण (लंबाई-1.60 किमी, स्वीकृत राशि-1.14 करोड़ रुपया), रासुनचोपा मुख्य पथ से खापरसाई तक पथ निर्माण (लंबाई-3.65 किमी, स्वीकृत राशि-2.22 करड़ो रुपया), सारसे मारांगघुटू बुरुहातू चौक होते हुए लेंगाडीह तक पथ निर्माण (लंबाई-3.10 किमी, स्वीकृत राशि-3.02 करोड़ रुपया) और जमशेदपुर प्रखंड के पूर्वी घाघीडीह पंचायत करनडीह घाघीडीह मेन रॉड किनुदिह से प्राथमिक स्कूल कानुडीह तक पथ निर्माण (लंबाई-1.00 किमी, स्वीकृत राशि-79.49 लाख रुपया) कार्य शामिल है। विधायक श्री सरदार ने कहा यह सभी सड़क निर्माण व सुदृढ़ीकरण की मांग वर्षों से ग्रामीण कर रहे थे। जिसके आलोक मे योजनाओं की स्वीकृत दिलाया गया।

# पति के निधन के 12 घंटे बाद महिला ने भी त्यागा प्राण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घटशीला।** घाटशिला प्रखंड अन्तर्गत भादुआ पंचायत के घोटिडुबा गांव में पति-पत्नी की एक साथ अर्थी निकली। घटना 26 जुलाई की है। घोटिडुबा निवासी करमु गोप(65) की झाड़ग्राम के एक अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। 12 घंटे के बाद उनकी पत्नी कलावती गोप(61) ने भी दम तोड़ दिया। 27 जुलाई को पति पत्नी का एक साथ गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी। इस घटना से ग्रामीण हतप्रभ है। सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू घोटिडूबा गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांडस बंधाया.एक साथ पति -पत्नी की अर्थी निकलने से परिजन सकते मे है.पुत्र गुरुचरण गोप ने बताया कि माता पिता के बीच बहुत प्रेम था. कहीं भी जाते थे तो साथ जाते थे.भोजन भी साथ ही करते थे। दोनो के बीच कभी भी मनमुटाव नहीं होता था। उन्होंने बताया कि पिता के निधन कि सूचना माँ को नहीं दी गयी थी। इसके बावजूद मां ने प्राण त्याग दिये। जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने शोक संतप्त परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

# गम्हरिया बाजार निरक्षण करने पहुंची नगर निगम टीम




**गम्हरिया(आजाद सिपाही)। बीते एक दिन पूर्व गौ रक्षा सिंहभूम विभाग प्रमुख मंटू दूबे ने बाजार के अंदर शीतला मंदिर के आसपास बिक रहे मीट,मुर्गा और मछली के दुकानों की समस्याओं से नगर निगम के प्रशासक को अवगत कराया था। उन्होंने कहा था यह सिलसिला सालों से चली आ रही हैं। इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।आलम यह है कि मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ करना छोड़ दिया।महिलाएं तो उक्त मार्ग में आना-जाना भी बंद कर दिया। जबकि विश्व हिंदू परिषद से लेकर गौ रक्षा के बड़े-बड़े नेता और प्रचारक इस इलाका में प्रवास करते हैं।जिससे मंदिर की पवित्रता प्रभावित हो रही है। नगर निगम के प्रशासक ने मामला को संज्ञान में लेते हुए पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया। शनिवार को आदित्यपुर नगर निगम की टीम गम्हरिया बाजार स्थित मीट, मुर्गा और मछली के दुकानों का निरक्षण करने पहुंची। निरक्षण के दौरान उन्होंने बाजार के अंदर बने पुराने शीतला मंदिर के आसपास के मीट दुकानों में कई सारी त्रुटियां पाई गईं। वही जांच करने पहुंचे सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने बताया बाजार और मंदिर की वर्तमान स्थिति से नगर निगम के प्रशासक को अवगत कराया जाएगा। मंदिर की पवित्रता बरकरार रहे इसके लिए रास्ता निकाला जाएगा।**

# राज्यों को पंगु बनाने की कोशिश न करे केंद्र सरकार : डॉ अजय कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** दिल्ली में चल रहे नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विपक्षी इंडिया गठबंधन ने बहिष्कार कर दिया। शनिवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र सरकार की नीति पर हमला बोला। उन्होंने कहा केंद्र सरकार राज्यों को पंगु बनाने की कोशिश ना करे।बीते दस सालों में नीति आयोग ने विपक्षी शासित राज्यों के साथ जो भेदभाव किया है वह संघीय ढ़ाचे के नीति के विपरीत है। दस साल पहले स्थापित होने के बाद से नीति आयोग पीएमओ का एक अटैचड ऑफिस मात्र बन कर रह गया। यह संस्था प्रधानमंत्री के लिए ढोल पीटने वाले तंत्र के रूप में काम करती है।कांग्रेस नेता डॉ. अजय ने नीति आयोग के काम करने के तरीके पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा किसी भी रूप में नीति आयोग ने सहकारी संघवाद को मजबूत नहीं किया। इसका काम करने का तरीका स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रहा है। यह प्रोफेशनल और स्वतंत्र तो बिल्कुल भी नहीं है। यह असहमति से भरे सभी तरह के दृष्टिकोणों को दबा देता है। जो कहीं ना कहीं लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। इसकी बैठकें महज दिखावा मात्र की होती हैं।डॉ. अजय ने कहा नीति आयोग की मीटिंग में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति किया गया व्यवहार नीति आयोग का वास्तविक रूप है जो बिल्कुल अस्वीकार्य है।

# अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल संपूर्ण भारत के झारखंड प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल संपूर्ण भारत के झारखंड के प्रदेश पदाधिकारी की एक बैठक तुलसी भवन में आयोजित की गयी। शनिवार को बैठक में झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मंडल व जिले स्तर की टीम बनाकर संगठन का संपूर्ण विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में व्यापार मंडल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। देश के 22 राज्यों में व्यापारियों की समस्याओं पर व्यापार हितों के लिए व्यापार मंडल संघर्ष कर रही है। छोटे व्यापारी में ठेले वालों को व्यापार मंडल अपने साथ लेकर चल रही है। झारखंड में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू के नेतृत्व में मंडल से लेकर जिले स्तर की टीम बनाकर संगठन का संपूर्ण विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने बताया संगठन का उद्देश्य सरकार की व्यापारियों के हित में चल रही योजनाओं से व्यापारियों को अवगत कराते हुए व्यापारियों की समस्याओं को दूर करना है। साथ ही प्रतिनिधि मंडल के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक समस्याओं को पहुंचाना है। इस अवसर पर छोटे व्यापारियों को व्यापार के समक्ष उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दूर करने व प्रशासन के सहयोग से व्यापारियों तक सहायता पहुचाने पर पहल करने जैसे मुख्य बातों पर रणनीति तय की गई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव राजकुमार जायसवाल ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और उनकी टीम को बधाई दी।

# गढ़वा में बिछ रहा सड़कों का जाल : मिथिलेश ठाकुर

**12 करोड़ रुपये की लागत से दो सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण, सरकार ने दी स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से करीब 15 किलोमीटर लंबी दो सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुये गढ़वा विधायक व झारखंड के पीएचइडी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने दो सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जल बीछ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विरोधी अब विधानसभा में घूमते रह जायेंगे। उन्होंने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर चुटकी लेते हुए कहा कि वे लोग न तो खुद विकास किये और न ही दूसरे को विकास करने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में काफी तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। जिससे विरोधियों की बेचैनी बढ़ गयी है। बेचैन नेताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देगी।

## इन सड़कों की मिली स्वीकृति

रंका रमकंडा पथ से मध्य विद्यालय होते हुए सोनपुरवा पथ तक 4.5 किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।

2 करोड़ 95 लाख 50 हजार 500 रुपए में किया जाएगा जबकि चिनियां मे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुर्री पालामाटी होते हुए नगसीली तक 10.4 पथ किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 8 करोड़ 94 लाख 5 हजार 200 सौ रूपए में किया जायेगा।

# बिजली बहाल नहीं किये जाने पर ग्रामीणों में रोष

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा भवनाथपुर के प्रसिद्ध कड़िया धाम पर बिजली बहाल करने को लेकर विभाग के सहायक अभियंता को लिखे गए पत्र के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति बहाल नहीं किये जाने से मकरी के ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। बता दें कि विधायक भानु प्रताप शाही ने 30 दिसंबर 2022 को बिजली विभाग के नगर प्रक्षेत्र के सहायक अभियंता को लिखे पत्र में उल्लेख किया था, कि भवनाथपुर के प्रसिद्ध स्थानों में एक कड़िया धाम है। जहां पर हमेशा मेला आयोजन होता रहता है। ऐसे में कड़िया धाम तक बिजली पहुंचाना जनहित में अति उपयोगी है। लेकिन विभाग ने अब तक कड़िया धाम पर बिजली बहाल नहीं करायी। इस संबंध में कड़िया बाबा धाम के संरक्षक प्रदीप यादव ने बताया कि विधायक के पत्र के आलोक में तत्कालीन जेइ द्वारा स्थल जांच किया गया था। फिर उपभोक्ताओं के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन की मांग नगर उंटारी कार्यालय में की गयी। जिसपर हमलोगों ने सभी दस्तावेज पूरा करके कार्यालय में जाकर जमा कर दिये। वहां हमलोगों को बोला गया था कि एक क अंदर बिजली बहाल हो जायेगी, लेकिन अब तक बिजली बहाल नहीं हुई।

**कड़िया धाम पर जल्द बहाल होगी बिजली : एसडीओ**

इस संबंध में सहायक अभियंता सुमेश कुमार ने बताया कि अभी हम यहां पर नये आये हुए हैं। फाइल निकलवाकर देखते हैं कि बिजली बहाल करने में क्या अड़चनें हैं। उन्होंने स्वयं से स्थल जांच करके निजी कंपनी के जरिये अविलंब बिजली बहाल करने की कदम उठाने की बात कही।

# दिव्यांग बच्चों के जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन



**बरगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तत्वाधान में, समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित उक्त शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों की जांच की गई तथा उन्हें नि:शुल्क उपकरण उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भंडरिया के रंभा चौबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को भुवनेश्वर, उड़ीसा( भारत सरकार का उपक्रम) के टीम द्वारा किया गया। टीम में डॉक्टर दीपक कुमार मंडल, पी.एंड ओ, डॉक्टर ज्ञानेंदु कुमार सिंह, ऑडियोलॉजिस्ट, अरुण कुमार यादव,पी एंड ओ.टेक्नीशियन तथा डाटामैन आकाश सैनी के नाम शामिल हैं। दिव्यांग छात्रों के बीच जो उपकरण बांटे गए उनमें 1 व्हीलचेयर, एल्बो क्रच 14 जोड़ी, श्रवण यंत्र 26 पीस, कैलीपर्स 8 जोड़ी के नाम शामिल हैं। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे सीआरपी ब्रह्मदेव राम, बीपीएम इन्दु विश्वकर्मा,प्रधानाध्यापक अजय मिंज, शिक्षिका अनीता लकड़ा, जितेंद्र कुमार आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आदित्य रंजन का अमर्यादित वीडियो और ऑडियो वायरल होने पर शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई कांडी के तत्वाधान में शनिवार की शाम तकरीबन साढ़े तीन बजे शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव शंभू शरण के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय कांडी के समीप झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक जेइपीसी आदित्य रंजन का आपत्ति जनक व सभी शिक्षकों को अमर्यादित वीडियो व ऑडियो वायरल होने पर शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया। वायरल वीडियो में उनके द्वारा कहा गया है की कहीं कोई शिक्षक हवाई चप्पल पर दिख गया, वहीं उसी चप्पल से मारेंगे फिर पहनने लायक नहीं रह जायेगा। प्रखंड सचिव शम्भू शरण ने कहा की असंवैधानिक रूप से सार्वजनिक तौर पर शिक्षकों को चप्पल से मारने की बात कहने वाले ऐसे राज्य परियोजना निदेशक से शिक्षा विभाग को मुक्त कर स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के दूषित होने से बचाने के लिए शिक्षकों द्वारा चप्पल में ही विद्यालय पहुंच कर पठन-पाठन करें और जमकर विरोध करें। मौके पर प्रखण्ड सचिव नागेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र कुमार तिवारी, सत्येन्द्र कुमार मेहता, अखिलेश लाल सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार झारखंड के युवाओं का भविष्य गर्त में डाल रही है : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा है कि हेमंत सरकार ने झारखंड के युवाओं के भविष्य को दूसरे राज्यों के हाथों बेचने का काम किया है। जिस तरह से नगर विकास एवं आवास विभाग में सहायक नगर निवेशक के बहाली में 28 लोग को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें 17 लोग दुसरे राज्यों से आने वाले हैं। आखिर किस नियमावली के तहत इतने बड़े पैमाने पर दुसरे राज्यों के लोगों को नौकरी दिया गया। गढ़वा सहित पूरे झारखंड के युवा पढ लिखकर नौकरी के लिए ठोकर खाने को मजबूर हैं। लेकिन झामुमो सरकार ने असम, हरियाणा, बिहार, तेलंगाना, दिल्ली, मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों के साथ नाइंसाफी हुई है। झारखंड में युवाओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले पीजीटी भर्ती परीक्षा में खुलेआम धांधली सामने आया। लेकिन कोई जांच नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में सिर्फ झारखंड से बाहर के लोग लाभ ले रहे हैं। हेमंत सरकार ने झारखंड के नियोजन नीति को ध्वस्त करते हुए दुसरे राज्यों के लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। हेमंत सरकार ने 60/40 फामूर्ला के तहत बहाली किया है 60 प्रतिशत से अधिक दुसरे राज्यों के लोगों को नौकरी किस संविधान के तहत दिया गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने खतियानी जोहार यात्रा का शुरूआत गढ़वा से किया और पूरे झारखंड में घुमाया। झामुमो 1932 खतियान का बात करता था लेकिन धीरे-धीरे झामुमो का चाल चरित्र झारखंड के युवाओं के सामने स्पष्ट हो गया। आखिर कैसा खतियानी जोहार यात्रा था जो दुसरे राज्यों के लोगों को नौकरी बांट रहा है झामुमो ने खतियानी जोहार यात्रा के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने भाषण में युवाओं के लिए कई बार कहा कि युवा मुर्गा बकरी पालन करें और दुसरे राज्यों के लोगों को नौकरी बांट रहें हैं झारखंड के युवाओं के प्रति हेमंत सरकार का सोच बेहद शर्मनाक है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के तत्वावधान में गढ़वा जिला के रमकंडा प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के उदयरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चेटे पंचायत और उदयपुर पंचायत के सिसवा, गोर्यकरम, सुल्ली, पटसर, रेनुडीह, पथलगड़वा, अंबावा, कुरुनदारी, मुडखुड़, नवाडीह, पुंदागा, सबाने गावों के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉ. केएमएन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉक्टर एमएनखान ने कहा कि एआइएमआइएम वर्तमान सरकार द्वारा किये गये वादा खिलाफी के खिलाफ में सभी पंचायत में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की सरकार ने जो वादा किया था कि पांच लाख युवाओं के रोजगार दिया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। गैरमजरूआ मलिक को मालिकाना हक दिया जायेगा। किसानों के खेत में पानी दिया जायेगा। लेकिन झारखंड सरकार के द्वारा एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। इस बार परिवर्तन की लहर है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला महासचिव मोहम्मद रमजान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, एस कुमार पासवान, शिवनाथ राम, नंदलाल सोनी, आरिफ अंसारी, खुश्दिल अंसारी, रंका प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, जहांगीर अंसारी, मोबिन अंसारी, डॉक्टर आफताब आलम, विनय सिंह, विजय पासवान आदि उपस्थित थे।

# सर्पदंश से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की मौत



**केतार (आजाद सिपाही)।** रामवि मुकुंदपुर के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह सुप्रसिद्ध श्री सूर्य मंदिर विकास समिति के सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह की मृत्यु हो जाने से विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षको ने दो मिनट की मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना किया। विदित है की सुरेंद्र कुमार सिंह को पिछले 17 जुलाई को खेत जुताई करवाने के दौरान सर्प डंस लिया था। तत्काल उनको रावटसगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया। परंतु स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर वहा के चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर किया। स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ।दोनो किडनी,हार्ट सहित सहित के अन्य अंग कार्य करना बंद कर दिया। जिसके कारण शुक्रवार के देर रात्रि इलाज के दौरान वाराणसी के बीएचयू में मृत्यु हो गया। मृत्यु की सूचना गांव सहित अन्य गांवों में आग की तरह फैल गया। इनकी मृत्यु से पूरे गांव मर्माहत है।

# प्रशिक्षण से बच्चों में देश प्रेम और विश्व बंधुत्व की भावना उत्पन्न करना है : विकास कुमार

बलराम शर्मा



मेराल **(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन के प्रांगण में चल रहे चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हो गया। समापन के मौके पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा बिखेरे। प्रशिक्षक विकास कुमार सिन्हा ने बच्चों को स्काउट एंड गाइड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आपात कालीन परिस्थितियों का सामना करने एवं जन सेवा ही राष्ट्र सेवा तथा ईश्वर सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देकर बच्चों में देश प्रेम एवं विश्व बंधुत्व की भावना उत्पन्न करना है। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को इस अवस्था से राष्ट्र प्रेम के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना निश्चित रूप से लाभकारी है। ये बच्चे भविष्य में देश के कई क्षेत्रों में अपना परचम लहराकार देश का मान बढ़ायेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल साह ने ऐसे कार्यक्रम आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज अनेकों बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थापित हो रहे है। यह प्रखंड का पहला विद्यालय है जो निरंतर दो दशकों से भी अधिक समय से गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने निरंतर सहयोग के लिए सभी को आभार जताते हुए कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पंद्रह अगस्त को पुरस्कृत करने की बात कही। कार्यक्रम में अभिभावक, शिक्षक सहित विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

# धुरकी में अवैध बालू और ट्रैक्टर जब्त

**धुरकी/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुलिस की कारवाई से बालू चोर में हड़कंप, 2500 सीएफटी अवैध बालू एवं एक बालू लोड ट्रैक्टर जप्त प्राथमिकी दर्ज। धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह रक्सी गांव से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर एवम रक्सी कदवा शिवान के पास करीब 2500 सीएफटी अवैध बालू को जप्त कर घघरी निवासी बब्लू बैठा उर्फ बिशुनदेव बैठा, पिता रामकुमार बैठा तथा ट्रैक्टर के मालिक एवम चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 5.00 गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी रात्रि में कनहर नदी से बबलू बैठा के द्वारा बालू चोरी कर ग्राम रक्सी, कदवा के शिवान के पास रखा जाता है जहां अभी करीब 2500 सीएफटी बालू रखा हुआ है तथा बबलू बैठा बालू को बेचने के लिए ट्रैक्टर में लोड कर रहा है।

# तीन पुलों के निर्माण से मिलेगी जनता को राहत : संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर के अथक प्रयास से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण पुल के निर्माण स्वीकृति मिल गयी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उक्त बातें झारखण्ड मुक्ति मोर्चा गढ़वा के युवा जिलाध्यक्ष सह वन एवं पर्यावरण विभाग के विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू ने कही। उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि रंका प्रखण्ड अंतर्गत बाहाहारा पंचायत के ग्राम बाहाहारा और जासोबार (पानापोठी) के बीच हांठू नदी पर और रमकंडा प्रखंड अंतर्गत चेटे पंचायत के ग्राम चेटे और टेढ़ा कहुआ और बोड़ी के बीच हांठू नदी पर तथा रक्सी पंचायत के ग्राम रक्सी देवी मंडप से ढुलवा सीमा के पास हड़बड़िया नाला पर पुल का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां पुल नहीं होने से एक पंचायत दो भाग में बंटा हुआ था। यह पुल का मांग बहुत पुराना था इसलिए स्थानीय लोगों ने कई बार पूर्व के जनप्रतिनिधियों से भी पुल बनाने का आग्रह किया था। इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए संजय सिंह छोटू, पंचायत अध्यक्ष ओम-प्रकाश यादव,पंचायत सचिव नंदलाल सिंह, युवा पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह,युवा पंचायत सचिव विकास यादव, वार्ड सदस्य सह प्रखण्ड उपाध्यक्ष प्रताप सिंह,प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुदामा भुईयां वरिष्ठ झामुमो नेता बालेश्वर सिंह ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर का हृदय से आभार प्रकट किया है।

# भाजपा मंडल ने भानु प्रताप शाही पर हुए एससी - एसटी एक्ट को गैर संवैधानिक बताया



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय भाजपा मंडल इकाई के कार्यकताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भानु प्रताप शाही पर हुए एससी-एसटी एक्ट को गैर संवैधानिक बताया है। स्थानीय विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र राम व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कांडी मंडल अध्यक्ष दुर्गा राम ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर कर इसारे पर कुत्सित भावना से ग्रसित होकर गैर संवैधानिक तरीके से भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने की भर्त्सना किया है। दुर्गा राम ने कहा कि झारखंड सरकार लूट और बलात्कार के आरोपी को सजा नहीं दे रही है। बालू चोर और प्रखंड में व्याप्त भ्रस्टाचार को रोकने के बजाय अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले को दमनकारी नीति के तहत दबाया जा रहा है। नेता द्वय ने यह भी कहा कि भवनाथपुर विधानसभा की अनुसूचित जाति के लोग भाजपा विधायक के साथ हैं। मौके पर सुग्रीम राम, सुनर राम, बसंत राम, निर्मल विश्वकर्मा, संतोष सिंह, अरुण मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

# रमना विकास सेवा समिति ने किया पौधा वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना विकास सेवा समिती के तत्वधान में निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन संत जेपी स्कूल के प्रांगण में किया गया। जिसमे आंवला, बेल, जामुन, अमरूद, गोल्ड मोहर, बरगद, सीसम सहित अन्य प्रकार के फलदार व छायादार लगभग एक हजार पौधा वितरण किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएफओ अंशुमान कुमार ने कहा कि रमना विकास सेवा समिती के द्वारा प्रत्येक वर्ष पौधे का वितरण करना बहुत ही सराहनीय कदम है। कहा कि हम सभी को संतुलित पर्यावरण को लेकर पौधा रोपण करना अति आवश्यक है। ताकि आने वाले पीढ़ियों को साफ एवम स्वच्छ वातावरण मिल सके। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी को पौधो को अभिवावक के रूप में सेवा करना करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की आज हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने घर के आस-पास कम से कम पांच पौधा को लगाने की अपील की। अंचल पुलिस निरक्षक रतन कुमार सिंह ने कहा की हम सभी आने वाले पीढ़ियों को साफ स्वच्छ वातावरण देने के लिए अभी से भारी संख्या में पोधा रोपण की आवश्यकता है। बीडीओ वासुदेव राय ने कहा कि अभी तेजी से हरा पेड़ों को काटा जा रहा है जिसके कारण हमें समय से वर्षा का पानी खेतों को नही मिल पा रहा है और ना ही हमे भीषण गर्मी से निजात मिल रहा है। कहा की ऐसे में हम सभी को अभी से सतर्क रहते हुए पेड़ पौधे लगाना चाहिए। वही पौधे वितरण का कार्यक्रम के संचालक डाक्टर पारसनाथ ने कहा कि पिछले कई वर्षो से सार्वजनिक जगहों थाना परिसर, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय एवं रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर पौधा रोपण के साथ निःशुल्क रूप से पौधा वितरण कराते आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी बबलू गुप्ता, टुनटुन सोनी, मुन्ना प्रसाद, रोहित रंजन,धर्मचंद कुमार धंजय गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, शंभु गुप्ता, राहुल कुमार, विशुजित गुप्ता, रवि कुमार मेहता का सराहनीय योगदान रहा।

# मझिआंव में शिक्षकों ने चप्पल पहन शिक्षण कार्य का विरोध किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव/ गढ़वा।** झारखंड शिक्षा परियोजना निर्देशक श्री आदित्य रंजन का एक विडिओ जो शोशल मिडिया पर वायरल जो रहा है जिसमे आदित्य रंजन ने हवाई चप्पल पहनकर आने वालो शिक्षकों को चप्पल से मारने की बात कही है। जिसको लेकर अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक के आहवाहन पर मांझीआँव प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने निर्देशक के इस बयान को लेकर आक्रोश व विरोध जताते हुए आज दिनांक 26/07/2024 को विद्यालय परिसर में हवाई चप्पल पहनकर शिक्षण का कार्य किये।

वहीं चप्पल पहनकर विरोध करने वालों में प्रखंड क्षेत्र अलग अलग प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक इसमें जीतेन्द्र प्रसाद, रामप्रवेश राम, रमाकांत तिवारी, अवधेश कुमार रवि, अंजनी सिंह, विजय सिंह, अम्बिका राम, राजेश तिवारी, अर्चना कुमारी, पूनम शर्मा, चंद्रशेखर उपाध्याय, उमेश कुमार मिश्रा, बृजकिशोर कुमार, नीतू कुमारी, रामनरेश प्रसाद, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त-सह-
जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(सामान्य शाखा)

आदेश

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक-376 / सा0 दिनांक-12.07.2024 द्वारा निर्गत विज्ञापन सं0 01 / 2024, जो खूँटी जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति से संबंधित है, PR329579District(24-25)#D की अपरिहार्य कारणों से आवेदन भरने की तिथि को दिनांक -06.08.2024 तक विस्तार किया जाता है।

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी,
खूँटी

PR 331013 (Khunti)24-25*D

# मारपीट में घायल बच्चे की मौत, परिजनों ने लोहरदगा - गुमला मार्ग किया जाम

**परिजनों ने घंटो एनएच 143 पथ रखा जाम, आश्वासन पर हटा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** मारपीट घटना के उपरांत इलाज के दौरान बच्चे की मौत पर परिजनों ने रोष प्रकट करते हुए पांच घंटा तक सेन्हा में एन एच 143 ए पथ पर लोहरदगा गुमला मुख्य पथ को जाम किया। सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की, सर्कल इंस्पेक्टर सच्चिदानंद साहू दल बल के साथ जाम स्थल पहुंच पथ जामकर्ताओं से जायजा लिया। मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने तथा मुआवजा दिलाने का मांग रखा गया। जामकर्ताओं ने पीड़ित परिवार को मुआवजा तथा एक सदस्य को नौकरी और घटित घटना मामला में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कारवाई का मांग किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद जाम हटा।



विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में बीते 18 जुलाई को मोहर्रम पर्व के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया था। मेले के दौरान किसी बात को लेकर एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच आपसी विवाद हुआ और मुस्ताक अंसारी व दाऊद अंसारी दोनो के पिता मुर्शिद अंसारी तथा आरिफ अंसारी पिता नासिर अली के द्वारा जानलेवा प्रहार किया गया। जिसमें जावेद अंसारी के पुत्र दिलकश अंसारी को गम्भीर अंदरूनी चोटें आयी थी। जिसका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था। इलाज के दौरान दिलकश अंसारी का 27 जुलाई को मृत्यु हो गयी। जिसकी सूचना परिजनों को मिलते ही बात आग की तरह गांव में फैल गया और ग्रामीण गोलबंद हो प्रशासन की लापरवाही बताते हुए सेन्हा में लोहरदगा - गुमला पथ को जाम कर दिया।

इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सड़क जाम की सूचना पर प्रशासनिक पहल जारी है और जमाकर्ताओं से बात चीत किया जा रहा है। प्रशासन की काफी प्रयास के उपरांत पांच घंटा बाद जाम हटा और पथ पर परिचालन आरंभ हुआ। जाम हटने के पश्चात मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने कहा फिलहाल जमाकर्ताओं को समझा बुझा कर यातायात आरंभ करा दिया गया है और पीड़ित परिजनों से प्राप्त आवेदन के आलोक में विचार करते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कारवाई कि जायेगी। फिलहाल दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कुड़ुख विषय के पद सृजन में गड़बड़ी की शिकायत, निरस्त करने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** परम्पाकि स्वशासन पड़हा व्यवस्था, राजी पड़हा प्रार्थना सभा, आदिवासी छात्र संघ, केंद्रीय सरना आदि आदिबासी समिति के सदस्यों ने कुडुख भाषा विषय के पद सृजन में भारी गड़बड़ी को लेकर लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को ज्ञापन सौंपा है। दिये गये ज्ञापन में लिखा है कि बिते 17 मई के अंतर्गत जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा हेतु विद्यालयों का चयन से सबंधित अपति के सबंध मे विद्यालय में नामांकित कुडुख (उरांव) की संख्या को गलत तरीके से नागपुरी में शामिल कर पद सृजित किया गया है। कुंडुख भाषा को विलुप्त करने में सादरी बोली का मुख्य भूमिका रहा है ऊपर से प्राथामिक, मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा कुडुख बच्चों की विद्यालय में नामांकित संख्या अधिक होने के बावजूद गलत तरीके से नागपुरी का पद सृजित किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में पारंपरिक स्वसाशन पढ़हा व्यवस्था लोहरदगा के बेल विजय उरांव, दीवान संजीव भगत, उपदीवान जतरू उरांव, पढ़हा सरकार रांची के संरक्षक जागरे उरांव, आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अवधेश उरांव, उपाध्यक्ष महादेव उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव आदि शामिल हैं।

## यातायात नियमों का पालन जरूर करें : थाना प्रभारी



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने शनिवार को रांची लोहरदगा मुख्य पथ के चट्टी पिकेट पर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। वहीं थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन एवं सड़क सुरक्षा सब की व्यक्तिगत जिम्मेवारी है। उन्होंने वाहन चालकों को बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रिपल लोड वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति से वाहन न चलाने का आग्रह किया। कहा कि ट्रैफिक रूल्स का पालन करने से 80 फीसदी तक सड़क दुर्घटनायें रोकी जा सकती है। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर ही सड़क पर चलें। मौके पर थाना प्रभारी के अलावा अन्य पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त यानी 15 दिनों तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम बैठक की गयी। जिसमें कहा गया कि 14 दिनों तक क्षेत्र में परिभ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मी एवं सहिया के द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलायेंगे। वहीं तीन दिनों तक विद्यालय में यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। साथ ही साथ बताया गया कि फाइलेरिया जिसको हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। उससे बचाव के लिए प्रतिवर्ष साल में एक खुराक के तौर पर डीइसी, एल्बेंडाजोल एवं आइभर मेक्टिन की गोली का सेवन कर लेने से इस गंभीर रोग से बचा जा सकता है। इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे गर्भवती महिलायें, धात्री माता एवं गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्ति नहीं करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जयवंत लकड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य विभाग का टीम बनाया गया है। इन सभी दलों के द्वारा घर-घर परिभ्रमण कर अपनी उपस्थिति में दवा खिलायेंगे। दवा सभी लोगों को भोजन करने के उपरांत ही खाना है। इस दवा के साल में मात्र एक खुराक सेवन करने से फाइलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से लोग बच सकते हैं। इसलिए सभी लोगों को इसका सेवन करना चाहिए। बैठक में उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल, बीपीएम ओम प्रकाश गुप्ता सभी पंचायत के मुखिया व शिक्षा विभाग से भी लोग शामिल रहें।

## अनुसंधानकर्ता का अनुसंधान ही केस की दिशा तय करता है: पीडीजे

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के मार्गदर्शन में दिन शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानों से आये पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्धन्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा अरविंद कुमार पांडेय, फैमली जज सुभाष, पोक्सो स्पेशल जज अखिलेश कुमार तिवारी, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, वरिष्ठ सिविल जज अर्चना कुमारी एवं जया स्मिता तिर्की द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे ने डीएलएसए के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और प्रतिभागियों को कार्यशाला से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अनुसंधानकर्ता खुद को कभी छोटा नहीं समझे, न्यायालय उनके द्वारा कही गयी बात को गंभीरता से लेती है। कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट, अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को सफलतापूर्वक रोका जा रहा है क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है। बाल कल्याण समिति के अनुराग कुमार ने स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम, बाल कल्याण समिति के कार्य तथा पोक्सो एक्ट के तहत बालकों-बालिकाओं की स्थिति एवं जूविनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बालकों के संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रावधानों को बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने किया।

## मनरेगा सोशल ऑडिट में मनमानी के खिलाफ भाकपा माले ने किया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायत में मनरेगा सोशल ऑडिट के नाम पर किये गये मनमानियां के खिलाफ भाकपा माले का हल्ला बोल सोशल ऑडिट का खोलो पोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव बिरजू राम के नेतृत्व में मनरेगा पुतला के साथ विरोध प्रदर्शन जुलूस निकाला गया। पुराना ब्लॉक परिसर से जुलूस निकाल कर मनरेगा मे सोशल आडिट का खोलो पोल, लुटेरों पर हल्ला बोल, बरवाडीह सहित सम्पूर्ण लातेहार जिला मे पुनः स्पेशल सोशल ऑडिट से मनरेगा मे सामाजिक अंकेक्षण अकेक्षण कराओ, मनरेगा लूट मे शामिल लोगो पर कानूनी करवाई करो, भाकपा माले जिंदाबाद नारा को बुलंद करते हुए नगर भर्मण के साथ अंबेडकर चौक पर मनरेगा का पुतला दहन कर माले प्रखंड सचिव कृष्णा सिंह अध्यक्षता में प्रतिरोध सभा किया गया। प्रतिरोध सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि वर्तमान सरकार में लूट चरम पर है। मनरेगा योजना गरीबो के योजना के रूप मे आया था जो खुद अपने आप में मनरेगा एक्ट है। लेकिन यहां मनरेगा योजना मजाक बन कर रह गया। खुलेआम लाखों करोडों की लूट कागज पर हो रहा है और प्रसासन और जन प्रतिनिधि चुप है। श्री राम ने कहा वर्तमान मे बरवाडीह सहित सम्पूर्ण लातेहार जिला मे मनरेगा का सोशल ऑडिट हुआ लेकिन सोशल ऑडिट के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया गया और लूट मे शामिल तमाम लुटेरों को बचाने का काम किया गया है। हम सरकार से पुनः सोशल ऑडिट कराने का मांग करता हूं। और मनरेगा लूट मे शामिल लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग करता हूं। प्रतिरोध सभा को प्रखंड सचिव कृष्ण सिंह, माले नेत्री मंजू देबी, माले प्रखंड कमिटी के नेता सुदामा राम सहित सबों ने लूट के खिलाफ जोरदार संघर्ष करने का आह्वान किया।

## युवाओं की पार्टी है आजसू : नीरू शांति भगत




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू प्रधान कार्यालय में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने सभी का स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी युवाओं की पार्टी है और आज युवाओं का सैलाब लोहरदगा में आजसू की ओर है। इस बार के विधानसभा चुनाव में पार्टी जीत दर्ज करेगी। जिला संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा कि आप ही की तरह कमल किशोर भगत की उम्र जब 16 वर्ष की थी तो उन्होंने आजसू पार्टी के गठन के पश्चात सक्रिय भूमिका झारखंड अलग कराने में निभाई थी। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि आप के आने से संगठन मजबूत हुआ है। आप पार्टी के सिपाही हैं। महिला मोर्चा के अध्यक्ष अनीता साहू ने कहा इसी तरह महिलाओं हुजुम भी आजसू पार्टी में जुड़ने को तैयार है। मौके पर दिलीप कुमार साहू, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा ,विनोद सिंह, राजू गुप्ता, आयुष मेहता, आकाश मेहता, विजय कुमार, विक्रम कुमार, पवन प्रजापति, राणा शुभम उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर कमांडेंट राहुल कुमार ने सीआरपीएफ की उपलब्धियों के बारे में बताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा मुख्यालय में शनिवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कमांडेंट राहुल कुमार ने मणिपुर में तैनात जवानों को इस दिन की महत्ता के बारें में बताया तथा जवानों एवं उनके परिवारजनो को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 86 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाए दीं। सुमित कुमार, उप कमाण्डेन्ट द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गयी। सलामी लेने के पश्चात उप कमाण्डेन्ट ने भी उपस्थित सभी अधिकारियों/ जवानों एवं उनके परिवारजनों को 86 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। राहुल कुमार कमाण्डेन्ट ने मणिपुर में तैनात जवानों तथा सुमित कुमार, उप कमांडेंट ने लोहरदगा स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बताया कि इस बल की स्थापना दिनांक 27/07/1939 को नीमच में क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के नाम से हुई थी, जिसे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। साथ ही कमाण्डेन्ट ने जवानों अधिकारियों को बल के अतीत को याद करते हुए बल के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में भी अवगत कराया व सभी से अच्छा कार्य करते हुए बल की गरिमा को बनाए रखने हेतु आग्रह किया। इसी क्रम में पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु बटालियन मुख्यालय में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों/ जवानों के साथ जलपान का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त शाम को बटालियन मुख्यालय में जवानों के बीच बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्री के समय बटालियन के मैसों में संयुक्त रूप से बड़े खाने का भी आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के सभी अधिकारी/ अधीनस्थ अधिकारी व जवान एक साथ सम्मिलित हुए तथा एक दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किये।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर अस्पताल में 27 जुलाई को जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से (फाईलेरिया) एमडीए-आइडीए सफल क्रियान्वयन के लिए अलग अलग विभागों के पदाधिकारियो के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन संयुक्त रूप से सदर अस्पताल सभागार लातेहार में उप विकास आयुक्त लातेहार सुरजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में एवं सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह के उपस्थिति में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लातेहार जिला के जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी, पंचायतीराज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, सचिव नेहरू युवा केंद्र एवं कार्यक्रम प्रबंधक एनएसएस/ एनसीसी जिला लातेहार अंतर्गत के सभी ने इस जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में लक्षित लभार्थियों को शत प्रतिशत फाइलेरिया की दवा खिलाना सुनिश्चित करना है। जिला मलेरिया कंस्लटर सुनील कुमार सिंह ने फाईलेरिया रोग से बारे में बताया की मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसित हो जाते हैं, इस का लक्षण एवं प्रभाव पांच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाइलाज बीमारी है। पीरामल फाउंडेशन सीडी टीम के कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से फाईलेरिया बीमारी के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन एबीसी टीम के प्रोग्राम मैनेजर देबानजन बेनर्जी उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को शनिवार को पुण्यतिथि पर याद किया गया। प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बालक उच्च विद्यालय परिसर में अपना अधिकार अपना सम्मान मंच के द्वारा स्थापित डॉ अब्दुल कलाम की प्रतिमा स्थल पर विद्यालय शिक्षाकर्मी व विद्यार्थियों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के माध्यम से मौजूद शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बारी-बारी से कलाम साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर मौजूद प्रधानाध्यपी का सुनीता खालको ने कहा कि डॉ कलाम साहब देश के साथ-साथ विशेष तौर पर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जहां कलाम साहब ने आर्थिक अभाव के बावजूद अपनी शिक्षा को पूरा करते हुए देश में मिसाइल मैन के रूप में अपने नाम को स्थापित किया। मौके पर नीलम मिंज, योगेद्र कुमार, चूड़ामणि चंद्र सिंह, शुभम कुमार शर्मा, अर्पणा, पूनम लकड़ा, परम एक्का मधु कुमारी रूपा कुमारी समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## 11वीं सीआरपीएफ बटालियन ने 86वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में सीआरपीएफ कमांडेंट याद राम बुनकर की उपस्थिति में 11वीं बटालियन, सीआरपीएफ ब्लॉक परिसर, लातेहार में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86वां स्थापना दिवस मनाया गया। सीआरपीएफ की संरचना तत्कालीन रियासतों में आंदोलनों एवं राजनीतिक अशांति तथा कानून व्यवस्था को बनाये रखने के उद्देश्यो से की गयी थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा 28 दिस्मबर 1949 को सीआरपीएफ के रूप में परिवर्तित कर ध्वज प्रदान किया था। वर्तमान समय में 247 बटालियनों के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भारत का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल होने का गौरव हासिल भी कर चुका है। सीआरपीएफ का गौरवशाली इतिहास रहा है। जब-जब देश को जरुरत पड़ी है सीआरपीएफ देश कि सुरक्षा व्यवस्था और शांति स्थापित करने में हमेशा अपना योगदान दिया है। केरिपुबल अपनी आंतरिक सुरक्षा के अलावा विदेश में भी अपनी सेवाएं दे रही है। इसी का प्रतिफल है कि देश के किसी भी कोने में अशांति एवं आसुरक्षा के दौरान सीआरपीएफ को याद किया जाता है। इस अवसर पर कमांडेंट ने सभी जवानों एवं उनके परिवार को बधाई दी एवं बल की गौरवमयी उपलब्धियों को भविष्य में भी बनाये रखने का सलाह दिया तथा मुख्यालय स्थित क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। जवानों को संबोधित किया एवं शहीद स्मारक पर माला/ पुष्पांजली अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

इस अवसर पर याद राम बुनकर, कमांडेंट-11 बटालियन, शोभनाथ, उप कमा., मुकेश कुमार, उप कमा., डॉ. अमूल्या कूजुर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसजी), सुबेदार मेजर विश्वकर्मा, उप निरीक्षक सुरेन्द्र डागर, सहा. उप निरीक्षक देवेन्द्र वीर विक्रम प्रताप सिंह तथा कैंप के सभी जवान उपस्थित थे। साथ ही इस अवर पर ब्लड कैंप का भी आयोजन किया गया सीआरपीएफ के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

## स्कूटी में घुसे सांप को निकाल कर जंगल में छोड़ा गया

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा के सेमरा में एक स्कूटी में सांप छुपकर बैठा था और उसे गाड़ी से निकालने में लगभग 3 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव के ग्रामीण भुनेश्वरी देवी जब घर मे खड़ी स्कूटी निकले पहुचे तो स्कूटी मे सांप देख डर गये और हल्ला करने लगे शोर सुन लोगो की भीड़ पहुंची तो लोग स्कूटी पर सांप देखकर हक्के बक्के रह गये। पोडहा गांव निवासी सपेरा तपेसर लोहरा मौके पर सांप पकड़ने पहुंच गया। सांप नीचे से स्कूटी के अंदर के पाट्र्स में घुस गया था। सपेरा ने बड़ी मशक्कत के बाद सांप को स्कूटी से बाहर निकाल लिया।

## नक्सलियों ने दो हाइवा में लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हेरहंज/ लातेहार।** थाना क्षेत्र के नवादा-लातेहार मुख्य मार्ग पर चाया ग्राम के गंदुर बिगवा नामक जंगल में शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे टीएसपीसी नक्सली संगठन ने सड़क में पत्थर से जाम कर दिया। जिसके बाद जेएच 10 सीजे 3496 व जेएच 19 ई 0032 हाइवा गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। यह हाइवा गाड़ी एक डीवीसी कंपनी व दूसरी हाइवा डीही-मुरुप निवासी अशोक राम का बताया जा रहा है। तुबेद के डीवीसी कम्पनी में कोयले का परिचालन करने के दौरान की घटना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि तुबेद कोल खदान से हाइवा में कोयला लोड कर बालूमाथ की ओर जा रही थी। वहीं दूसरी हाइवा बालूमाथ से कोयला अनलोड कर तुबेद वापस आने के दौरान घटना घटी है। घटना स्थल में पर्चा छोड़ टीएसपीसी संगठन ने घटना की जिम्मेवारी ली है। हस्तलिखित पर्चे में टीएसपीसी संगठन के द्वारा लिखा गया है कि डीवीसी कंपनी को सूचित किया जाता है कि संगठन के बिना आदेश के अनुसार काम जारी रखा तो संगठनात्मक कारवाई की जायेगी। अगर संगठन की बातों का उलंघन किया गया तो गाड़ी चालक पर घटना का अंजाम दिया जायेगा। घटना की सूचना हेरहंज थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच कर पर्चे को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुटी है। यह मामला लेवी से जुड़ा बताया जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# पिता ने नाबालिग बेटी को काटा

**मानसिक रूप से बीमार थी बेटी, आरोपी हुआ गिरफ्तार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** कोटाम के निकट कतरी पंचायत के पतगच्छा गांव में एक एक पिता ने अपनी 9 वर्षीय बेटी की हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना के पीछे का कारण और दिल दहला देने वाला है। घटना की सच्चाई जानने के लिए हम चलते हैं ,गुमला थाना क्षेत्र के कतरी पंचायत अंतर्गत पतगच्छा गांव, जहां की यह घटना है। इसी गांव में रहता है वह निर्दई पिता जिसका नाम सरजू लोहरा बताया जा रहा है। शुक्रवार, शाम के करीब 8 बजे थे। सरजू अपनी पुत्री काजल कुमारी पर कुदाल से कई वार करता है, और आखिरकार काजल वहीं पर ढेर हो जाती है। काजल तो अपना बचाव भी नहीं कर सकती थी क्योंकि वह दिव्यांग थी। सरजू ने अपनी पुत्री का शव उठाया, और उसे ठिकाने लगाने की नीयत से चल पड़ा। अभी तक उसने यह तय नहीं किया था कि लाश को ठिकाने कैसे लगाए। घर से निकलने के बाद उसे मंडल महतो का कुआं दिखाई देता है। उसे यही अच्छा लगता है और वह अपनी बेटी की लाश मंडल महतो के कुएं में फेंक देता है। ग्रामीणों को हैरत तो इस बात की हुई कि आरोपी ने खुद अपने रिश्तेदारों को फोन पर घटना की जानकारी दी।

**पुलिस ने आरोपी को कर लिया गिरफ्तार :** पुलिस ने सूचना मिलते ही शव बरामद कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को कोटाम फिकेट प्रभारी मनोरंजन शर्मा और एसआई विवेक मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से निकालकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के क्रम में एक अजीब कहानी सामने आई।

**दिव्यांग बच्ची के शौच आदि साफ करने के कारण परेशान था पिता :** सरजू लोहरा अपनी पत्नी रूपा देवी के साथ गांव में रह रहा था। आरोपी सरजू लोहरा का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्ण लातेहार जिला के मनिका निवासी रूपा देवी हुआ था। घर में गरीबी पहले से ही थी। ऊपर से सरजू पियक्कड़ प्रवृति का भी था। जिसके कारण आए दिन घर में झगड़ा होता रहता था। लगभग एक माह पुर्व पति पत्नी में जम कर लड़ाई हुई और रूपा देवी गुस्सा कर मुंबई चली गई। अब एक तरफ पत्नी के चले जाने से दुखी सरजू और अधिक पीने लगा। इधर घर में अभाव वाला जीवन था वो अलग। इसके वावजूद दिव्यांग और मंदबुद्धि काजल बिस्तर पर ही शौच आदि करती थी। इससे परेशान सरजू अपनी जिंदगी से तंग आ गया था। और गुस्से में उसने यह निर्णय ले लिया। । आरोपी ने बताया कि वह अपनी बेटी की देखभाल करने में असमर्थ था। इसलिए उसने यह घिनौना कदम उठाया।

# ट्रैक्टर देने के नाम पर साइबर अपराधी ने ठगे 35 सौ रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को तरह-तरह के हथकंडे अपना कर ठगने का मामला सामने आ रहा है। मीडिया के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं ताजा मामला गुमला थाना क्षेत्र का है। सदर अस्पताल गुमला में इलाज कराने आए मोरेंग बसिया निवासी 23 वर्षीय सतनारायण राम को शनिवार को एक कॉल आया।अनजान नंबर से कॉल करने वाले ने खुद को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताया और बताया कि सूखा राहत योजना के तहत उसका एक ट्रैक्टर निकला है जिसे उसे भेजा जा रहा है। जिसके लिए सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर 7500 जमा करना होगा। राशि जमा नहीं करने पर उक्त ट्रैक्टर को किसी अन्य किसान को दे दिया जाएगा। इसके बाद किसान उस अधिकारी की बातों में आ गया और उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड में ?3500 भेज दिया। कुछ देर बाद किसान के मोबाइल के फिर कॉल आया अधिकारी ने कहा जो वाहन ट्रैक्टर लेकर जा रहा है उसका किराया देना होगा। जिसके लिए, उसे ?12000 जमा करना होगा। तब किसान ने कहा यहां ट्रैक्टर पहुंचाने के बाद पैसों का भुगतान किया जाएगा। तब अधिकारी ने कहा कि पहले पैसा देना पड़ेगा तभी सामान आ पाएगा। इसके बाद सतनारायण को ठगी का एहसास हुआ और वह गुमला थाना पहुंचा।

# गुमला में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए चलाया गया फिटनेस चैलेंज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** करगिल युद्ध में शहीद 527 वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए फिटिस्तीन -एक फिट भारत के द्वारा 3 मई से होकर 26 जुलाई तक सबसे बड़ा फिटनेस चैलेंज एसबीआई टाइगर हिल चैलेंज चलाया गया। 85 दिन तक चलने वाले इस चैलेंज में प्रतिभागियों को 630000 स्टेप्स चलना या दौड़ना था। कारगिल विजय रजत जयंती की इस अनोखी प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा एकादश की छात्रा ताशा झा ने निर्धारित लक्ष्य पार करते हुए सात लाख से ज्यादा स्टेप्स एवं सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने साढ़े छह लाख से ज्यादा स्टेप्स पूर्ण किये कारगिल विजय रजत जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-आइ सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ गुलाम नबी खान, डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु, डीएवी लोहरदगा प्रधानाचार्य जीपी झा, एलएमसी सदस्य देवसागर सिंह ने दोनों को फिटिस्तीन द्वारा प्रदत मेडल देकर सम्मानित किया। ध्यातव्य है कि इस चैलेंज में देशभर से 21000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया है। कारगिल युद्ध के नायक और परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन (मानद) योगेन्द्र यादव इस चैलेंज के एंबेसडर हैं। सभी प्रतिभागियों को उनके द्वारा हस्ताक्षरित एक ई-प्रमाणपत्र मिलेगा। फिटिस्तीन-एक फिट भारत के मेजर डा. सुरेंद्र पुनिया, वीएसएम एवं मिसेज वर्ल्ड शिल्पा भगत ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी है।

# फोरी और टांगीनाथ धाम में सड़क निर्माण की जांच कर कार्रवाई के लिए डीसी को मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला कमेटी सदस्य सह झारखंड नवनिर्माण दल के प्रभारी शंकर उरांव ने टोटो से फोरी तक और डुमरी प्रखंड के अंतर्गत टांगीनाथ धाम जाने वाली सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता पर कार्रवाई के लिए गुमला उपायुक्त को ज्ञापन देकर उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांचोपरांत विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। श्री उरांव ने ज्ञापन में कहा है कि प्राक्कलन को ताक पर रखकर उक्त सड़क का निर्माण की गई है जो बनते ही गड्ढा होकर टूटने लगा है, जो सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी को दशार्ता है। विदित हो कि जिले में विकास कार्यों में इतनी भ्रष्टाचार बढ़ गयी है कि ठेकेदार और इंजीनियर धार्मिक स्थल में करायी जा रही विकास कार्य व सड़क निर्माण में भी भारी भ्रष्टाचार करने से नहीं चुक रहे हैं। श्री उरांव ने जल्द कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 5 अगस्त 2024 को जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क निर्माण के नाम पर हो रही भ्रष्टाचार तथा लोकधन की लूट के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की भी बात कही है।

# अपहरण और लूटपाट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** पलामू निवासी सचिन कुमार सिंह पिता मनु सिंह ने शनिवार को गुमला थाना को आवेदन सौंपते हुए अपहरण, लूटपाट और जान से मारने की कोशिश मामले को लेकर आवेदन सौंप कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में युवक ने बताया मैं पलामू जिला अंतर्गत ग्राम उदयपुर का निवासी हूं और रांची में रहकर अपना वाहन भाड़े पर चलाता हूं। बीते शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे रांची रेलवे स्टेशन में गाड़ी खड़ा किया था। तभी दो लोग मेरे पास आए और मां सीरियस है उनको रांची लेकर आना है बोलकर मेरे गाड़ी को 2700 रुपया में बुक किया। उन दोनों लड़कों का नाम कसीरा गुमला निवासी विजय साहू और तिर्रा निवासी अशोक साहू है ।उन्होंने कहा कि सिसई चलना है। इसके बाद दोनों मेरे गाड़ी में बैठ गए और हम लोग सिसई आने लगे। सिसई पहुंचने के बाद उन लोगों ने दाहिना रास्ते की तरफ चलने को कहा और कहा कि कुछ और दूर चलना है उसके बाद गांव पहुंचेंगे। काफी दूर जाने के बाद सुनसान रास्ते में वे लोग पेशाब करने का बहाना बनाकर गाड़ी रोकने को कहा। जिसके बाद पिस्तौल दिखाकर मेरे साथ मारपीट की वही मेरा आईफोन मोबाइल छीन लिया और उसे स्विच ऑफ करने लगे। आइफोन मोबाइल स्विच ऑफ नहीं होने पर उसे तोड़ दिया और पानी में फेंक दिया। जिसके बाद एक और मोबाइल को छीन लिया और पर्स में रखे 12 हजार, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड सभी चीज को लूट लिया। इसके बाद रस्सी से मेरे हाथ को पीछे से बांध दिया मुंह में तौलिया भी बांध दिया और गाड़ी के पीछे सीट पर बैठा दिया और खुद मेरे गाड़ी को चला कर भागने लगे। तभी वे लोग भंडरिया पहुंच गये। इस दौरान सड़क से सटा एक बाइक लगा था जिससे वे लोग सड़क के किनारे से निकलना चाह रहे थे तभी सड़क पर मिट्टी में गाड़ी फंस गया । तब मैं बचाओ बचाओ चिल्लाने लगा। वहां के स्थानीय लोग मेरी आवाज सुनकर मेरे पास आ गए और मुझे उन दोनों के चंगुल से छुड़ाया। जिसके बाद 100 नंबर में डायल कर पुलिस को बुलाया गया।। इसके बाद गुमला थाना की पुलिस दोनों को पकड़कर थाना लाई और पूछताछ किया। इसके बाद पीड़ित युवक ने शनिवार को गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के मुताबिक कसीरा गांव निवासी विजय साहू पूर्व में लाखों रुपए की ठगी मामले में जेल जा चुका है। वही एक माह पूर्व जेल से बाहर निकला था। वहीं थाना प्रभारी ने उनके पास से एक पिस्टल जप्त किया है लेकिन वह पिस्टल नकली है। वही दोनों आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रविवार को दोनों को जेल भेजा जायेगा।

# क्लब ऑफ यूनिटी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** क्लब ऑफ यूनिटी के तत्वावधान में बसिया धर्मशाला में सुभाष कुमार चौरसिया के अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक संपन्न हुई। वहीं मंच संचालन राजकुमार गुप्ता ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है जिसको लेकर गंभीरता पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में ग्रामीणों का विचार लिया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम ग्रामीणों को एकजुट कारण है। साथ ही सभी टोलो में ग्राम सुरक्षा दल का गठन करना है। जो रात को पूरे गांव का भ्रमण करेगी। इसके लिए एक कमिटी के गठन किया गया। जो ग्रामीणों से विचार विमर्श के बाद बैठक कर ग्राम सुरक्षा दल का गठन किया जायेगा साथ ही निर्णय लिया गया कि हर घर के बाहर में एक एक बल्ब लगाएंगे। साथ ही धर्मशाला में इंवर्टर लगाने का विचार किया गया जिसके लिए समाजसेवी पंकज सिंह ने 11 हजार रुपया देने की बात कही साथ ही बाकी खर्च दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवम सचिव वहन करेंगे। मौके पर अजय सिंह अवध चौरसिया कैलाश उमेश महंती धनेश्वर साहु संजीत कुमार चौधरी नरेंद्र राम गोकुल चंद्र सोनी मधुसूदन सिंह कुमुद महंती मनभरण साहु सुरेंद्र चौधरी बजरंग साहु सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# खड़िया समाज की बैठक में शहीद तेलंगा की मूर्ति लगाने का निर्णय लिया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कोनबीर भागीडेरा चौक में खड़िया समाज की एक आवश्यक बैठक रतिया इंदवार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में सर्वसम्मति से बसिया थाना चौक स्थित जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद तेलंगा खडिया का मूर्ति लगाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही प्रखंड स्तरीय समिति का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में रतिया इंदवार, उपाध्यक्ष दुर्गा पाहन, सचिव एमलेन कुल्लू , कोषाध्यक्ष एलिजाबेथ इंदवार के साथ ही युवा अध्यक्ष के रूप में यूजीन कुल्लू का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सलाहकार के रूप मे रीतवा कुल्लू,सुजीत टेटे, मार्टिन कुल्लू, थॉमस कुल्लू, बिरसा कुल्लू समय समाज के सभी प्रबुद्धजनों को शामिल किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

# अवैध खनन, बालू के उठाव की सूचना अंचल दें : सीओ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** ब्लॉक परिसर में शनिवार को अवैध खनन रोकने को लेकर मुखिया, कर्मी, चौकीदार के साथ बीडीओ और सीओ ने संयुक्त रूप से बैठक किया। बैठक में सीओ आशीष कुमार मंडल ने सभी मुखिया और पंचायत कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने गांव पंचायत में अगर किसी भी तरह के अवैध खनन पत्थर फोड़ने, अवैध बालू के उठाओ हो रही हो। तो उसकी सूचना अंचल को दे। ताकि वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही चौकीदार और राजस्व कर्मी को भी निर्देश देते हुए कहा कि अपने बीट क्षेत्र में पड़ने वाले किसी भी तरह के अवैध खनन की सूचना मिले तो अंचल कार्यालय को दे। ताकि उस पर रोक लगाया जा सके। अवैध खनन अवैध बालू उठाव को लेकर पूरी तरह छापेमारी की जाएगी। निश्चित तौर पर इस कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी तरुण कुमार, मुखिया, पंचायत कर्मी राजस्व कर्मी, चौकीदार सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# राज्य परियोजना निदेशक की अमर्यादित टिप्पणी पर शिक्षकों ने जताया रोष



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने शनिवार को शाम मिडिल स्कूल प्रांगण में राज्य परियोजना निदेशक के अमर्यादित टिप्पणी पर रोष जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस क्रम में शिक्षकों ने बताया कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ गुमला के आहवाहन पर आज घाघरा प्रखंड के शिक्षक हवाई चप्पल पहनकर अपने-अपने विद्यालय पहुंचे और पठन-पाठन का कार्य किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के द्वारा अमर्यादित टिप्पणी से सभी शिक्षक आक्रोर्षित है। उनके इस टिप्पणी से शिक्षकों को काफी आघात पहुंचा है। विवादित टिप्पणी उनके द्वारा शिक्षकों के ऊपर दिया गया जो उनके अमानवीय चेहरा को दशार्ता है। इस मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश शेखर, सचिव गोपाल कृष्ण कुमार साहु, रामचन्द्र खेरवार, अनिमा रानी टोप्पो, पवन कुमार शर्मा, सुका टोप्पो, प्रेम केरकेट्टा, लाल उरांव, अशोक उरांव, विरेन्द्र सिंह, राजकुमार भगत, महेश उरांव, सत्येन्द्र कुमार, बिहारी उरांव, तेरेसा कच्छप, आरती कुमारी, रामरती कुमारी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रयोगशाला बच्चों की मानसिकता का चौमुखी विकास करता है : डॉ. प्रहलाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिमडेगा।** विद्यालय में नवीन विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन शनिवार को किया गया। विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में नवीन विज्ञान प्रयोगशाला का विधिवत उद्घाटन मदर टेरेसा एएनएम प्रशिक्षण केंद्र बानो के निदेशक डॉक्टर प्रह्लाद मिश्रा, डॉक्टर प्रभात कुमार जायसवाल एवम विद्यालय समिति के संरक्षक नंदकिशोर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित पुष्पर्चान किया। तत्पश्चात श्रीफल फोड़कर और फीता काटकर प्रयोगशाला में प्रवेश किया गया।इस अवसर पर राजस्थान से आए सेवा इंटरनेशनल के कार्यकर्ता लखबीर सिंह और आचार्य सुदर्शन कुमार के द्वारा अतिथियों को प्रयोगशाला में बिभिन्न प्रयोगों के बारे में बताया गया।साथ ही भैया बहनों द्वारा किए गये प्रयोगों का अवलोकन किया गया। डॉक्टर जायसवाल ने कहा कि प्रयोगशाला के माध्यम से बच्चे और अधिक शिक्षा ग्रहण करेंगे और लंबे समय तक उनके मस्तिष्क में छपा रहेगा। डॉक्टर प्रह्लाद मिश्रा ने कहा कि विवेकानंद के बच्चे अब इस प्रयोगशाला के माध्यम से विवेकानंद जी का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी रविकांत मिश्रा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सह सचिव रिक्की अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि अजय साहू, प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू, आचार्य प्रमोद पाणिग्रही, बिमल टेटे उपस्थित थे।

# सब्जी खरीद रही महिला के गले से चेन की चोरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के सिसई रोड स्थित साप्ताहिक बाजार में शनिवार की अपराह्न करीब 3 बजे भिंडी की सब्जी खरीद रही शांति नगर निवासी उर्मिला देवी नामक एक महिला की सोने की चैन की चोरी कर ली गई। महिला भिंडी की सब्जी खरीद रही थी तभी दो-तीन महिलाएं उसके अगल-बगल सट कर बैठ गई और वे लोग भी भिंडी चुनने लगे। भिंडी तौलाने के बाद महिला उठना चाही लेकिन भीड़ के कारण उठने में उसे परेशानी हुई। इसके बाद महिला अगल-बगल की औरतों पर चिल्लाई और किसी तरह उठ कर खड़ी हुई। इसके बाद सब्जी वाले को पैसा देकर कुछ दूर चली गई।तभी उसे एहसास हुआ कि उसके गले में चैन नहीं है। उसने अपने गले में हाथ फेरा तो चैन को गायब पाया। यह बात उसने साथ में चल रहे पति को बताई। इसके बाद वापस उसी सब्जी दुकान के पास पहुंची और वहां पर चेन चोरी होने की बाद बताइए लेकिन तब तक कुछ हासिल नहीं हुआ। मामले को लेकर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कीमती सामान लेकर भीड़ भाड़ में लोग ना जायें। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के महिलाओं का चोर गिरोह गुमला में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था और वे लोग बीच-बीच में साप्ताहिक बाजार में आते रहते हैं और चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

# घाघरा में किशोरी ने लगायी फांसी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पूटो रोड ब्लॉक के पीछे स्थित निवासी एक किशोरी ने घर में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही शनिवार को पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार उक्त किशोरी का परिजन शुक्रवार को दोपहर में इलाज करा कर घर लाया गया था। और वह घर में सो रही थी। काफी देर के बाद भी वह घर से बाहर नहीं निकली। तो शक होने पर अंदर जाकर देखा गया, तो घर में लगे कंडी में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।हालाकि परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गयं। जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# गुमला की तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेसी उम्मीदवार देने की उठ रही मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** इधर राज्य में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है और दुसरी तरफ गुमला जिला के तीन विधान सभा क्षेत्र, गुमला, सिसई एवं विशुनपुर के कांग्रेसी उक्त तीनों सीटों को झामुमो से हटा कर कांग्रेस को देने की बात कर रहे हैं। सूबे के अध्यक्ष को पत्र लिख कर गुमला के कांग्रेसियों ने यह मांग रखी है। पत्र में कहा गया है कि 1957 में लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र एक पृथक जनजाति क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आया । 1962 के बाद यह क्षेत्र भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस का गढ़ के रूप में उभर कर सामने आया। इस के अंतर्गत पड़ने वाले तब के सभी विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस का दबदबा कायम रहा। गुमला जिला से इस लोक सभा क्षेत्र में पड़ने वाले तीनो विधान सभा क्षेत्र यथा गुमला, सिसई एवं विशुनपुर पिछले कई वर्षों तक कांग्रेस के परम्परागत सीटे रही है। यहां से निर्वाचित विधायक न केवल तत्कालीन बिहार सरकार के मंत्री बल्कि राष्ट्रीय जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष तक बनाये गये है।

तत्कालीन बिहार राज्य और सन 2000 में पृथक हुए झारखण्ड राज्य बनने के बाद भी इस क्षेत्र की पहचान कॉंगेस के परम्परागत क्षेत्र के रूप में रही है । यदपि बीच में कभी कभी कतिपय कारणों से कभी भाजपा एवं जेएमएम के हाथों में सीटे गयी। किंतु 2024 का लोक सभा चुनाव में इस क्षेत्र में एक नई उर्जा और अपने पुराने गढ़ को पुनः स्थापित करने में कॉंग्रेस पार्टी ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र में अब तक के सर्वाधिक मतो से विजय हासिल की। इतना ही नही गुमला जिला में पड़ने वाले तीनों विधान सभा क्षेत्रो गुमला, सिसई एवं विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र में कॉंग्रेस पार्टी गुमला में 19443, सिसई में 25994 एवं विशुनपुर में 14819 मतो से विजयी रही। 2024 के लोक सभा चुनाव में मांडर एवं लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र का भी योगदान रहा है।

# अज्ञात हाइवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गुमला के सहायक अभियंता हरि उरांव ने गुमला थाना को लिखित शिकायत कर अज्ञात हाइवा वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। थाना को दिए गए शिकायत में सहायक विद्युत अभियंता ने कहा है कि 26 जुलाई 24 शुक्रवार की रात लगभग 10:42 बजे तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मेन रोड में मंत्री टायर दुकान के समीप 11 केवी गुमला फीडर के दो रेल पोल को धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस घटना से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची को लगभग ढाई लाख का नुकसान हुआ है।

# अज्ञात लोगों ने स्कूल में चलायी गोली

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के टोटो में संत मेरी पब्लिक स्कूल में गोली चलायी गयी है। घटना के संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य रंजीत गुप्ता ने गुमला थाना को आवेदन दिया है। बताया है कि अज्ञात लोगों के द्वारा रात्रि में गोली चलायी गयी है। जिससे खिड़की का एक शीशा टूट गया है। शीशा में गोल छिद्र व दरार पड़ गयी है। वहीं घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है। प्राचार्य अपने परिवार के साथ स्कूल में ही रहते हैं। इधर घटना के बाद परिजन व बच्चे डरे सहमे है। प्रधानाध्यपक ने प्रशासन से कारवाई करने की मांग की है। बताया कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मामले की जानकारी के बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव विद्यालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। वही घटनास्थल का निरीक्षण भी किया।

# 15 वर्षीय छात्र ने लगायी फांसी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया मुख्यालय के रहने वाले लगभग 15 वर्षीय कक्षा आठवी की छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता देवनारायण लोहरा ने बताया कि स्कूल से लगभग 12:30 बजे उसका बेटा घर आया और सीधा अपने रूम में चला गया कुछ देर बाद जब हम उसके रूम गए तो देखें कि वह अपने रूम में तोलिया को फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था। जिसे फांसी के फंदे से उतार कर बसिया रेफरल अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में कैंपस सेलेक्शन के लिए दर्जनों विद्यार्थियों ने कराया निबंधन






**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला बी मोड़ स्थित तुलसीदास डिग्री कॉलेज में शनिवार को कैंपस सलेक्सन शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य संतोष मिश्रा व मध्यप्रदेश के वर्धमान फैब्रिक्स कंपनी के एचआर वाईस प्रेसिडेंट अजीत कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय बच्चों को रोजगार मुहैया कराने के लिए इस तरह का आयोजन आगे भी करते रहेगा। ताकि इस कॉलेज के छात्रों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कैंपस सलेक्सन शिविर को छात्रों के लिए सुनहरा अवसर बताया। एचआर वाईस प्रेसिडेंट अजीत तिवारी ने कंपनी के बारे में जानकारी दी। कहा कि हमारी कंपनी धागा, कपड़ा और कपड़े की डिजाइनिंग का काम करती है। जिसमें पढ़े लिखे छात्र-छात्राओं को हमारी कंपनी लेती है। चार महीने के प्रशिक्षण के बाद कंपनी काम लेना शुरू करती है। कंपनी में रहने खाने की सारी व्यवस्था है। शिविर में कॉलेज के दर्जनों छात्रों ने कंपनी ज्वाइन करने करने लिए निबंध कराया। उन्होंने कहा कि इससे पहले मैं रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में बतौर एचआर हेड काम कर चुका हूं। इस लिए इस क्षेत्र से मेरा ज्यादा लगाव है। इसी लगाव को लेकर मैं आप सबों के सहयोग से इस क्षेत्र के बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने के लिए यह कैंप आयोजित करवाया हूं। इस मौके पर डॉ श्याम मिश्रा, राकेश कुमार शुक्ला, शशि रंजन सिंह, रंजन दूबे, टीपी तिवारी, अजय ओझा, कृष्ण कुमार चौबे, संतोष शुक्ला, रामजी चौबे, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, अस्मिता पांडेय, प्रधान सहायक अमित कुमार, मधु ओझा, जितेंद्र पाठक, सुनील कुमार, रामेश्वर राम, नरेंद्र मिश्रा, गुंजन पासवान और फूल कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद में बसपा की विस स्तरीय समीक्षा बैठक आज



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के बसपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक रविवार को होगी। इसकी जानकारी बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुंवारी मायावती जी के निर्देश पर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित होगी। जिसमें राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर रामजी गौतम, पूर्व मंत्री एवं केंद्रीय राज्य प्रभारी झारखंड प्रदेश गया चरण दिनकर, केंद्रीय राज्य प्रभारी झारखंड प्रदेश रामबाबू चिरगईया, श्रीकांत, एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता आदि शामिल होंगें। उन्होंने हुसैनाबाद टाउन हॉल में प्रखंड, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मा७ के नाम' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर भी प्राचार्य-अभिभावक एवं अध्यापिकाओं ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें सीख दी है कि हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। उसके प्यार की कीमत कोई नहीं चुका सकता। हम मां को कुछ दे नहीं सकते, लेकिन कुछ कर सकते हैं। इसी सोच के साथ इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम, शुरु किया गया। यदि भारत के सभी लोग एक-एक पेड़ लगायें तो प्रकृति और मानव जीवन की रक्षा करने के संकल्प के समान है। कहा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण ही हमारी कुंजी है। कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इस साल सितंबर तक 80 करोड़ और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य है। जिसे पूरा करना है।

### नगर पंचायत प्रशासन और ठेकेदारों की मिलीभगत से बिना नाली के ही हो रहा सड़क निर्माण, आक्रोश



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत प्रशासन एवं ठेकेदारों की मिलीभगत से बिना नाली निर्माण के ही सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस अव्यवस्थित कार्यप्रणाली से नगरवासियों में गहरी नाराजगी है। लक्ष्मीनगर के आगे राम विलास नगर रोड नंबर 2 के निवासियों का कहना है कि बिना नाली बनाये सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बिना नाली के बारिश के मौसम में जलजमाव की समस्या होगी। जिससे बाद में उन्हें ही परेशानी होगी। कहा कि नगरवासियों ने कई बार इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह सड़क हमलोग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना नाली के इसका निर्माण किया जाना समस्याओं को और बढ़ा देगा। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ठेकेदार एवं लेबर मिस्त्री द्वारा मनमानी तरीके से सड़क बनवाया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस मामले की गंभीरता को समझें और जल्द से जल्द नाली निर्माण का कार्य पूरा कराएं, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। यदि प्रशासन ने जल्द ही उचित कदम नहीं उठाया तो उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगें।

## अवैध बालू को लेकर सदर एसडीओ की कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर जब्त

# अनुमंडल क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइनिंग बर्दाश्त नहीं: एसडीओ



पुलिस के कब्जे में बालू तस्करी में लिप्त ट्रैक्टर।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अनुराग कुमार तिवारी ने शनिवार को क्षेत्र के सतबरवा के सलैया व हलुमाड़ गांव में अवैध बालू के परिवहन व भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने सलैया गांव में अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही डंप कर रखे गये 10 ट्रैक्टर अवैध बालू को भी जब्त कर लिया गया। इसके बाद उन्होंने हलुमाड़ गांव के औरंगा नदी से 4 ट्रैक्टर जिसमें अवैध रूप से बालू लोड था उसे भी जब्त कर लिया। इस कार्रवाई में सतबरवा सीओ एवं सतबरवा थाने की पुलिस भी शामिल रही। पुलिस ने सभी के विरुद्ध सतबरवा थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया है। गौरतलब हो कि जिले के डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को ही जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रहे अवैध माइनिंग या बालू पर पूर्ण रूप से प्रतिबंद्ध लगाने को लेकर निर्देशित किया था। उपरोक्त कार्रवाई के संबंध में एसडीओ ने बताया कि डीसी द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि पूरे सदर अनुमंडल क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर इसी तरह की कार्रवाई की जायेगी। कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से जुड़े लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। इधर, पिपरा प्रखंड अंतर्गत सुखनदिया नदी के समीप ट्रेंच खोदकर मार्ग को अवरुद्ध किया गया, ताकि अवैध बालू का परिवहन न हो पाये।

### बालू का अवैध खनन और परिवहन कार्य में शामिल दो वाहन चालक गिरफ्तार

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बालू के अवैध खनन व परिवहन कार्य में संलिप्त एक ट्रैक्टर को विश्रामपुर अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने शुक्रवार की रात को जब्त कर लिया। वहीं परिवहन कार्य में लगे दो चालक संतोष और रंधीर को नौगढ़ा ओपी के हवाले किया गया। जहां नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही गाड़ी मालिक निर्मल सिंह के विरुद्ध अंचलाधिकारी की ओर से अवैध बालू उत्खनन, परिवहन करने, सरकारी काम में बाधा डालने व सरकारी कर्मी के साथ दुर्व्यवहार करने को लेकर नौगढ़ा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की ओर से लालगढ़ कोयल नदी से अवैध बालू खनन और परिवहन को ले जा रहा वाहनों के खिलाफ छापामारी की गई। लालगढ़ स्टेशन के निकट एक ट्रैक्टर को आते देखा रोककर जानकारी लेना चाहा, तो चालक ने गाड़ी मालिक व कोयल नदी से बालू उठाव संबंधी जानकारी दी। वहीं अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद सहित अन्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया।

### जपला स्टेशन पर चला विशेष टिकट जांच अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में जपला स्टेशन, विभिन्न ट्रेनों व प्लेटफार्म पर पर शनिवार को विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बेटिकट यात्रा व रेलवे एक्ट के उल्लंघन के आरोप में 10 लोगों को पकडा गया। उन सभी से 2700 रुपये जुर्माना वसूला गया। डेहरी ऑनसोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर पैसेंजर, बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर समेत कई ट्रेनों में टिकट जांच की गयी। महिला व दिव्यांग डिब्बे में अनाधिकृत रूप से सफर कर रहे लोगों से भी जुर्माना वसूला गया। सीटीआई दीपक कुमार ने बताया कि इस विशेष जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाना के साथ ही यात्रियों के बीच जागरूकता पैदा करना है, ताकि वह वैध टिकट के साथ यात्रा करें। विशेष जांच अभियान में बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा, सीबीएस राजीव रंजन सिंह, सीएस प्रशांत कुमार, टीटीई आशीष कुमार, रविंद्र कुमार आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, जयप्रकाश प्रसाद और जेपी यादव आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।**

**शुद्धि-पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/KODERMA-07/2024-25 Date 23-07-2024 जिसका PR No. 330430 Minor Irrigation (24-25),D है, को अपरिहार्य कारणवश रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR 330990 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

# हुसैनाबाद में अलग-अलग जगहों पर दो लोगों को सांप ने काटा, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर जहरीसे सांप ने एक महिला और एक युवक को काट लिया। इस हादसे में महिला की मौत हो गयी। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक को हुसैनाबाद में प्राथमिक उपजार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक पहली घटना शुक्रवार की रात कुसुआ गांव में घटित हुई। जहां 20 वर्षीय जयंत कुमार सिंह अपने घर में बिस्तर पर सो रहा था। तभी एक जहरीले सांप ने काट लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। जहां हालत गंभीर देख उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना शनिवार की सुबह दुलहर गांव में घटित हुई। हरि मेहता नामक व्यक्ति की पत्नी तिलेश्वरी देवी (78) अपना घरेलू कार्य कर रही थी। तभी उसे सांप ने काट लिया। उसे तुरंत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। उधर, ग्रामीणों की मानें तो जिस सांप ने महिला को काटा था उसे पकड़ कर रखा गया है। जिसे वन विभाग को सौंप दिया जाएगा।

# शिक्षा निदेशक की अमर्यादित टिप्पणी से शिक्षक नाराज, जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक की बिगड़े बोल को लेकर शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की हुसैनाबाद इकाई के सदस्यों की शहर के रा उर्दू मध्य विद्यालय के परिसर में शनिवार को बैठक की। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर अंसारी ने की। बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित कर झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन की शिक्षकों के प्रति दिए गये बयान की निंदा की गयी। साथ ही प्रोजेक्ट निदेशक से माफी मांगने की मांग की। मो जुबैर अंसारी ने कहा कि बीते दिनों झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें वे शिक्षकों को धमकी भरे शब्दों में कह रहें हैं कि अगर शिक्षक हवाई चप्पल में दिखे तो, वही चप्पल से उन्हें पीटेंगे। फिर वह पहनने लायक नहीं रह जायेगा। कहा कि जबतक शिक्षा निदेशक माफी नहीं मांगते, तबतक विरोध जारी रहेगा। मौके पर हुसैनाबाद डीडीओ सुनील कुमार, निर्मल कुमार, वरीय शिक्षकों में कन्हैया प्रसाद, अंगद प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार, गिरिवर राम आदि मौजूद थे।

# पेरिस ओलिंपिक : भारतीय शूटर मनु भाकर फाइनल में

## वीमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालिफाइ किया



**पेरिस (आजाद सिपाही)।** भारतीय शूटर मनु भाकर पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। वे रविवार अपराह्न 3:30 बजे से इस इवेंट के फाइनल में मेडल के लिए निशाना लगाएंगी। मनु ने क्वालिफिकेशन इवेंट में 600 में से 580 पॉइंट्स हासिल किए और 45 शूटर्स में तीसरे स्थान पर रहीं। इस इवेंट में दूसरी भारतीय शूटर रिद्म सांगवान फाइनल में नहीं पहुंच पाई। सांगवान 573 पॉइंट्स के साथ 15वें नंबर पर रही। टॉप-8 शूटर ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। इससे पहले, चीन ने पेरिस ओलिंपिक-2024 का पहला गोल्ड जीता। चाइनीज टीम शूटिंग के 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में चैंपियन बनीं। रिपब्लिक ऑफ कोरिया दूसरे और कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा। कजाक टीम ने इन गेम्स का पहला मेडल अपने नाम किया। इसी इवेंट में भारतीय जोड़ियां छठे और 12वें नंबर पर रहीं। भारत की टीम-2 रमिता (314.5) और अर्जुन (314.2) कुल 628.7 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर रहे, जबकि टीम-1 में एलावेनिल (312.6) और संदीप (313.7) की जोड़ी कुल 626.3 अंकों के साथ 12वें नंबर पर रही। 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस इवेंट में भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके।

**जिला समादेष्टा का कार्यालय,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी**

**गृह रक्षकों के लिए आवश्यक सूचना**

खूँटी जिला के पूर्व नामांकित ग्रामीण गृह रक्षक जिनके 04(चार) वर्षो की पुनः नामाकंन (बॉण्ड) पूर्व में 17.01.2020 को किया गया था। वैसे गृह रक्षकों को प्रखण्डवार पुनः नामांकन करना आवश्यक है।

अतः सूचित किया जाता है कि वैसे गृह रक्षक निश्चित रूप से पुलिस अधीक्षक कार्यालय खूँटी स्थित पुलिस उपाधीक्षक (मु0)–सह–जिला समादेष्टा का कार्यालय, खूँटी में निश्चित तिथि को पूर्वा 10.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक पूरी वर्दी में उपस्थित होकर पुनः नामांकन (बॉण्ड) करा लें। संबंधित गृह रक्षक अपने साथ 03 (तीन) पासपोर्ट साईज वर्दी में खीचा रंगीन फोटो, गृह रक्षक पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी अभिलेख साथ लाऐंगे।

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | खूँटी | 29.07.2024 |
| 2 | तोरपा | 30.07.2024 |
| 3 | कर्रा | 31.07.2024 |
| 4 | अड़की | 01.08.2024 |
| 5 | रनियाँ | 02.08.2024 |
| 6 | मुरहू | 03.08.2024 |

उपायुक्त,
खूँटी

PR 330905 District(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–27/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.08.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.08.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.08.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Residential Office Out House, Boundary wall, Paver Block, Parking Tiles and Other work in Residence No.-01 Circular Road, Ranchi | 4920900.00 | 98500.00 | 1250.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 330918 Building(24-25).D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement very short Tender Notice**

Tender Reference No. DWSD/LTR/SR-09/24-25(2nd call) Date – 27.07.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 29.07.2024 अपराहन 04:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 05.08.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 05.08.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 07.08.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct T/Well with 125mmx115mm Blue Casing Pipe & Installation of IM-II Hand Pump with 32mm G.I Riser Pipe & C. Rod Cylinder Platform & drain Under D W & S Div Latehar. | SR-01 | 19 | 1593876.00 | 33000 | 5000.00 | 02 Month |
| 2 | | | | | | | |

1.Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2.Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3.Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

PR 330908 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

# कार्रवाई : चर्चित शंकर रवानी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# राजू दुबे ने रची थी हत्या की साजिश, पांच गिरफ्तार

**दो आरोपित अभी भी फरार, उनकी गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापामारी**

## ऐश पौंड पर वर्चस्व को लेकर रची गयी थी हत्या की साजिश

## बिहार के शूटरों की मदद से रेकी के बाद करायी थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चर्चित शंकर रवानी हत्याकांड में बोकारो पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान राजू दूबे, अशोक सम्राट, प्रक्षित सिंह उर्फ राजा, श्याम कुमार रवानी और अमित कुमार रवानी के रूप में हुई है। इनकी निशानदेही पर दो कार और एक बाइक समेत पांच मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। आरोपितों में राजू दूबे हत्याकांड का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। इसकी जानकारी एसपी पूज्य प्रकाश ने दी। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शंकर रवानी की हत्या बोकारो के ऐश पोंड में वर्चस्व कायम करने को लेकर राजू दूबे ने अशोक सम्राट के साथ मिलकर करवाई थी। बोकारो के पूर्व अपराधी अमित मुखिया और बिहार के पटना के मोस्ट वांटेड अपराधी विकास सिंह के साथ मिलकर 10 लाख रुपए में शंकर रवानी की हत्या की साजिश रची गयी थी। घटना के बाद दोनों अपराधी को ऐश पोंड से प्रत्येक महीने पांच लाख रुपये देने की बात कही गई थी। वहीं शूटरों को बोकारो लाकर अपराध की घटना को अंजाम देने वाले अशोक सम्राट को ऐश पोंड में 15 से 20 गाड़ी से ट्रांसपोर्टिंग करने की भी बात कही गई थी।



पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते एसपी पूज्य प्रकाश व अन्य अधिकारी।

### मजदूर बन कर छिपे थे शूटर, की थी रेकी

एसपी ने बताया कि घटना के दो-तीन दिन पहले सभी अपराधी बोकारो पहुंच गये थे। वे सभी सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के भारत एकता कोऑपरेटिव में मजदूर बन कर शरण लिए थे। शंकर रवानी की हत्या से पहले उसकी रेकी की गयी थी। एसपी ने बताया कि शूटरों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। क्योंकि जो पटना का मोस्टवांटेड शूटर विकास है। वह फिलहाल एक हत्याकांड के मामले में फरार है। जबकि अमित मुखिया भी वर्तमान में फरार है। राजू दूबे और अशोक सम्राट के खिलाफ 4-4 आपराधिक मामले दर्ज कराए गए हैं। जल्द ही उन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, छापामारी दल में डीएसपी आलोक रंजन, अमरेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार, अनिल कच्छाप, थाना प्रभारी हरला सुदामा दास, थाना प्रभारी बीएस सिटी संजय कुमार, पुलिस निरीक्षक 4 थाना नवीन कुमार सिंह और बालीडीह थाना प्रभारी आदि शामिल थे।

# पहला कदम में शिक्षक और अभिभावकों की बैठक

## दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास की चर्चा और विचार विमर्श किया गया। मीटिंग बच्चों के बेहतर विकास के लिए पैरेंट्स के लिए रही जिसमें काफी अभिभावकों ने हिस्सा लिया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि अभिभावक बच्चों की शिक्षा में जितने साथ रहेंगे वे बच्चे स्कूल और उसके बाद भी सफल रहेंगे। अभिभावक-शिक्षक बैठक का उद्देश्य शिक्षक और अभिभावक का टीम वर्क शैक्षणिक परिणामों में सुधार करता है और बच्चो के बेहतर सामाजिक और भावनात्मक विकास को सक्षम बनाना था।

## जिला अभियंता का कार्यालय,जिला परिषद,खूँटी (अभियंत्रण शाखा)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2024-25 PR No- 329110 (District) 2024-25 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 12-07-2024 अपराह्न 5:00 बजे | 29-07-2024 अपराह्न 05:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 26.07.2024 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 05.08.2024 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 26.07.2024 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 05.08.2024 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 29.07.2024 अपराह्ण 04:00 बजे | 07.08.2024 अपराह्ण 04:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

ह०/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, खूँटी

PR 330992 District(24-25).D

# जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने न्यायालय में दिया आवेदन



**ऊपरघाट (आजाद सिपाही)।** पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के लहिया निवासी दिल मोहम्मद अंसारी ने बेरमो के तेनुघाट न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें 20 जुलाई को दो पक्ष में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में घायल होने की जानकारी दी गयी है। इसमें एक पक्ष के दिल मोहम्मद अंसारी ने दूसरे पक्ष के 13 लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। आवेदन में लिखा है कि 20 जुलाई की सुबह आठ बजे जब परिवादी अपने घर का कचरा अपनी खरीदगी जमीन पर फेंकने गया, तभी दूसरे पक्ष ने घात लगाकर हरवे हथियार के साथ हमला कर दिया। उसमें सभी लहिया निवासी समसुद्दीन अंसारी, रुकसाना खातून, नेहा प्रवीण, नजरूल अंसारी, अफजल अंसारी, बसीर खातून, लालो खातून सहित 13 लोगों को आरोपी बनाया है। इस संबंध में पेंक नारायणपुर थाना पर प्रथम पक्ष ने मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी अनील लिंडा ने कहा कि दूसरे पक्ष का आवेदन नहीं मिला है।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (विकास शाखा)

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com
Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

विधायक मद से विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गुमला एवं विशुनपुर के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के ज्ञानोपार्जन, प्रतिभा, व्यक्तित्व विकास एवं विद्यार्थियों के मौलिक विकास हेतु पुस्तकों के क्रय/आपूर्त्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं (प्रतिष्ठित प्रकाशकों/अधिकृत विक्रेताओं) से दिनांक 03.08.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता अनुश्संसित पुस्तकों की विवरणी एवं निविदा से संबंधित अन्य शर्तें गुमला जिला के वेवसाईट https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

दिनांक 03.08.2024 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

उप विकास आयुक्त,
गुमला

PR 331006 Rural Development(24-25).D

# बेरमो केबी कॉलेज में मनाया गया विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

**जारंगडीह (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बेरमो केबी कॉलेज में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रकृति है तभी हम हैं। प्रोफेसर इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि दुनियाभर में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते प्रकृति दूषित हो रही है। प्रकृति की रक्षा और लोगों को इनकी अहमियत समझाने के लिए प्रति वर्ष 28 जुलाई जो वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे मनाते हैं। वहीं, डॉ अरूण राय महतो ने कहा प्रकृति की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है।

# ससुराल नहीं जाने से नाराज पिता ने कर दी बेटी की हत्या, गिरफ्तार

**काफी दिनों से पति से अलग मायके में रह रही थी बेटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** देवरी थाना क्षेत्र के महेशियादिघी गांव में एक पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। पिता अपनी बेटी के ससुराल नहीं जाने से नाराज था। मृतका की पहचान मंजू सिंह (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वह अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। उसके पिता प्रभुनाथ सिंह कई बार बेटी को अपने ससुराल जाने के लिए कह चुके थे, पर नहीं जा रही थी। जानकारी के अनुसार मृतका तीन बेटियों की मां थी और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में उसका ससुराल था। मंजू अपने पति घनश्याम सिंह से पिछले कई वर्षों से अलग रह रही थी। मंजू की हत्या के बाद गांव में चर्चा है कि उसका चक्कर गांव के ही एक व्यक्ति से था, जो दो बच्चों का पिता है। इसी बात से पिता प्रभुनाथ सिंह बेटी से नाराज थे। शुक्रवार की रात इन्हीं बातों को लेकर पिता-पुत्री के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद क्रोध में आकर पिता ने हथियार से बेटी की हत्या कर दी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही देवरी पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल हथियार को भी बरामद कर लिया गया है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

**अति अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना 15/2024-25**

1. विज्ञापन दाता का नाम –कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय –12.08.2024 को अप0 12ᵖ00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –13.08.2024 के अप0 2ᵖ30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.08.2024 के अप0 3ᵖ00 बजे से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –(i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2ए राँची का कार्यालय।
   (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7. कार्य विवरणी :–

| SI. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Boundary wall in Science Park and Main Gate of Collectoriate, Simdega. and E/R to Repair of Boundary Wall Building Division in Simdega. | 4,98,500.00 | 10,000.00 | 750.00 | 01 (One) Month |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.330958 Simdega(24-25):D

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और मंत्री बेबी देवी के प्रयास से चेन्नई से लाया गया मृतक का शव



**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पोटसो पंचायत निवासी स्व धानेश्वर महतो के पुत्र शिवा महतो का कुछ दिन पहले ही चेन्नई में ट्रेन से कटकर मौत हो गयी थी। शिवा चेन्नई से वापस अपने घर नावाडीह आ रहा था। उनके परिजनो ने गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को घटना सूचना दी। तब सांसद दिल्ली लोकसभा सदन में थे। बावजूद इसके क्षेत्र की जनता की आवाज को गंभीरता से लेते हुए आर्थिक मदद कर शव को नावाडीह भवानी लाने में मदद की। इसके अलावा मंत्री बेबी देवी ने भी शव को वापस लाने में पीड़ित परिवार की मदद की। इसके लिए परिजनों ने सांसद और मंत्री का आभार व्यक्त किया है। उधर, शनिवार को शव गांव पहुंचते ही माहौल गमनीन हो गया। परिजनों से मिलकर डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो, बबन यादव, नावाडीह प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन महतो, बाबू महतो और वासुदेव महतो ने ढांढस बंधाया।

# भाजपा फुसरो मंडल ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधियों ने की नये थाना प्रभारी से मुलाकात

**फुसरो/बेरमो(आजाद सिपाही)।** भाजपा फुसरो नगर मंडल ओबीसी मोर्चा के सदस्यों ने शनिवार को बेरमो के नए थाना प्रभारी रोहित सिंह से मुलाात की। इर दौरान नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकाशित किताब न्यू इंडिया समाचार नागरिक प्रथम, न्याय प्रथम किताब देकर स्वागत किया। फुसरो नगर मंडल ओबीसी मोर्चा मंत्री छोटू रवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि नये थाना प्रभारी से मिले। वहीं, थाना प्रभारी ने अपराध खत्म करने के लिए सभी से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## Government of Jharkhand
## Urban Development and Housing Department
### Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

**e-Procurement Tender Notice No. DMC/10/2024-25**

NIT No.- DMC/10/2024-25 Date :- 26.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of FSTP Plant under DMC, Dhanbad |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 4,23,18,743.00 |
| 3. | Tender Fee and Bid Security | Tender document fee : - INR 10,000/- (Ten Thousand Only) Non-Refundable. Bid Security: Rs 4,23,187.00 (Rupees Four Lakh Twenty Thousand One Hundred Eighty Seven Only). |
| 4. | Time of Completion | 270 Days |
| 5. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 01.08.2024 at 03:00 PM |
| 6. | Start Date of Submission of Bids | 01.08.2024 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date / Time for receipt of bids Online | 21.08.2024 (On line) till 03:00 PM |
| 8. | Date and Time of Technical Bid Opening Online. | 22.08.2024 (On line) from 03:00 PM |
| 9. | Name & address of office Inviting tender | Chief Executive Officer, Dhanbad Municipal corporation,Dhanbad. |
| 10. | Helpline number of e-Procurement cell | 8986892064 |
| 11. | e-mail id | dhanbadmunicipalcorporationadm@gmail.com |

NOTE:- (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Contractor should be registered in Class (I) First class as per NIT
(iii) Estimated Cost / Quantity May Vary
(iv) Any Change/Information can be seen on Website on http://www.jharkhandtenders.gov.in.

S/d-
Executive Engineer,
Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

PR 330871 Urban Development and Housing (24-25)_D

# बीसीसीएल एरिया 4 की दुर्गा नगर कॉलोनी में पानी माफिया वाले हावी

## 300 परिवार प्रतिमाह 14.15 लाख का पानी खरीदने को मजबूर

**कॉलोनी वासियों ने अधिकारियों पर लगाया पानी माफियाओं से साठगांठ करने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** पिछले 10 सालों से पानी की किल्लत झेल रहे बीसीसीएल के एरिया चार अंतर्गत कतरास के दुर्गा नगर कॉलोनी वासियों ने अधिकारियों पर पानी माफियाओं से साठगांठ का आरोप लगाया है। बतातें चलें कि पिछले दो महीना से दुर्गा नगर कॉलोनी में बीसीसीएल की ओर से जलापूर्ति नहीं हो रही है। कॉलोनी के समीप स्थित कार्यालय के कर्मियों का कहना है कि पंप खराब होने की वजह से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है. जबकि कॉलोनी वासियों ने बार-बार पंप खराब होने और पानी सप्लाई बाधित होने के पीछे एक बड़ी साजिश बताया है। उनका कहना है कि पानी सप्लाई बाधित रहने पर टैंकर से पानी खरीदना पड़ता है। जिसके लिए 2 हजार लीटर का एक टंकी भरने के बदले 400 रुपया देना पड़ता है। जो महज 2-3 दिन ही चलता है? इस प्रकार एक परिवार एक महीने में तकरीबन 4 से 5 हजार रुपये का पानी खरीदने को मजबूर हैं। पूरे कॉलोनी में लगभग 300 परिवार पानी खरीदते हैं। अगर महीना की बात करें तो कॉलोनीवासी औसतन हर महीने 14-15 लाख रुपए का पानी माफियाओं से खरीद लेते हैं। पूरे साल में पानी माफियाओं की कमाई करोड़ों में होती है। कॉलोनी वासियों का कहना है की इसके एवज में पानी माफिया संबंधित अधिकारियों की जेबें हर महीना गर्म करते रहते हैं। सूत्रों की माने तो अधिकारियों एवं पानी माफियाओं के बीच एक स्थानीय दबंग यूनियन नेता बिचौलिया के रूप में काम करता है। आकाश, सुरेंद्र और सन्नी आदि 4-5 लोग उक्त कॉलोनी में पैसा लेकर टैंकर और 2 हजार लीटर के सेंटेक्स टंकी के माध्यम से पानी की आपूर्ति करते हैं और अधिकारियों की मेहरबानी से प्रतिमाह लाखों की गाढ़ी कमाई करते हैं। संभवतः अधिकारियों एवं पानी माफियाओं के इसी गठजोड़ के चलते विगत 10-12 वर्षों से दुर्गा नगर कॉलोनी में पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है और बीसीसीएल प्रबंधन अपने कर्मियों की समस्याओं से अवगत होते हुए भी आंखें बंद किए हुए हैं।

# चार किलो गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** बाघमारा पुलिस अनुमंडलाधिकारी आनंद ज्योति मिंज के नेतृत्व में तेतुलमारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शक्ति चौक के समीप वाहन जांच अभिचान चलाकर दो युवको को चार किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध तेतुलमारी थाना में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। साथ ही उनकी बाइक को जब्त कर लिया। इसकी जानकारी बाघमारा एसडीपीयो ने आनंद ज्योति मिंज ने दी। वे शनिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि 8 लाइन सड़क पर कांको से शक्ति चौक के समीप गांजा लेनदेन का कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद तुरंत शक्ति चौक में वाहन जांच अभियान चलाया गया। तभी कांकों से शक्ति चौक की ओर आ रही एक बाइक को रोक गयाष उस पर उमाशंकर सिंह और आकाश शर्मा सवार थे। उनकी तलाशी ली गयी तो 4 किलो गांजा बरामद हुआ। दोनों धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इस अभियान में तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी, श्रवण राम, नारायण महतो, चंदन कुमार महतो और प्रमोद कुमार तिवारी आदि शामिल थे।

## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी

**पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा खूँटी जिला के पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या– 17 रा० (वि०) दिनांक– 16.07.2024 अन्तर्गत प्रशिक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन गव्य विकास प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची के द्वारा आयोजित किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

**प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है :–**

(क) वित्तीय वर्ष– 2024–25 में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित एक वर्ष का DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) पाठ्यक्रम। **प्रशिक्षणार्थी की योग्यता कम से कम 10+2 उत्तीर्ण हो।**

(ख) वित्तीय वर्ष– 2024–25 में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम। **पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो।**

(ग) वित्तीय वर्ष 2024–25 छः दिवसीय आवासीय दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोशण प्रशिक्षण योजना।

छः दिवसीय प्रशिक्षण योजना हेतु निम्न बिन्दुओं की आवश्यकता है :–

1. प्रशिक्षणार्थी का साक्षर होना अनिवार्य है।
2. न्यूनतम उम्र 18 वर्श एवं अधिकतम 55 वर्श।
3. वैसे पशुपालक जिन्हें विगत तीन वर्शो के अन्दर विभागीय योजना के तहत् दुधारू पशु उपलब्ध कराय गया है तथा उनके पास अभी दुधारू पशु उपलब्ध है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा।
4. झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित प्रत्येक बल्क मिल्क कूलर से संबद्ध दुग्ध आपूर्तिकर्त्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सभी लाभुक जो अप्रशिक्षित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतू चयन किया जाएगा तदोपरान्त् मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयन प्रक्रिय में प्राथमिकता दी जाएगी।
6. इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादक जो पूर्व से गाय/भैंस रखते हो या रखने के इच्छुक हों, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी से आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय समर्पित करेगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी में आवश्यक रूप से संलग्न करेगें।

**नोट :–** प्रशिक्षण/DIPLOMA हेतु आवेदन प्रपत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता हैं। विशेष जानकारी हेतु 9470135707 पर सम्पर्क करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
खूँटी

PR 330956 Agriculture (24-25)_D

# देश को विकसित बनाने में राज्यों की भूमिका अहम है : नरेंद्र मोदी

## प्रधाननमंत्री ने नीति आयोग की बैठक को संबोधित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दशक तकनीक और भू-राजनीतिक बदलाव का है। भारत को इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए और ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आये। साल 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना हर भारतीय का है। राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि राज्य लोगों से सीधे तौर पर जुड़े रहते हैं। प्रधानमंत्री शनिवार को नयी दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है। पीएम ने कहा कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने 100 साल में एक बार आने वाली महामारी को हराया है। हमारे लोग उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। हम सभी राज्यों के संयुक्त प्रयास से विकसित भारत 2047 के अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

नीति आयोग की मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आकर्षण है। हमें अपने युवाओं को एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। विकसित भारत बनाने के लिए स्किल, रिसर्च, इनोवेशन और नौकरी आधारित ज्ञान पर जोर देना जरूरी है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक हुई। बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर फोकस किया गया है। इसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और आयोग के सदस्य शामिल हुए।

### बैठक छोड़ कर निकलीं ममता बनर्जी



**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मीटिंग को बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गयीं। ममता ने आरोप लगाया कि उन्हें बोलने नहीं दिया। माइक बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्रियों को बोलने के लिए 10 से 20 मिनट का समय दिया गया, जबकि मुझे केवल पांच मिनट मिले। बैठक में विपक्ष की ओर से सिर्फ मैं शामिल हुई थी। इधर, सरकार ने ममता के इन आरोपों को झूठा बताया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता झूठ बोल रहीं, माइक बंद नहीं किया गया। हर मुख्यमंत्री के बोलने का समय तय था।

## जीडी गोयंका विद्यालय में पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह
# विजयी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जीडी गोयंका के प्रांगण में शनिवार को पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर उमेश अर्जुन परब, प्रवीना उमेश अर्जुन परब, विद्यालय के उपनिदेश अमन सिंह तथा प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन द्वारा कार्यक्रम का आरंभ किया। गत सत्र शैक्षणिक आयामो में अपने नाम की कीर्ति फैलाने वाले विद्यार्थियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विवेकानंद को बेस्ट हाउस घोषित किया गया। इस सत्र विभिन्न छात्र-छात्राओं को उनकी योग्यता के अनुसार भिन्न-भिन्न पदों के लिए चयनित किया गया। इन छात्रों को उनके अभिभावकों द्वारा अलंकृत कर इसी प्रकार आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर हेड बॉय आर्यमान, हेड गर्ल स्निग्धा भारती, स्टूडेंट ऑफ द ईयर आर्यमान, बेस्ट क्लास 4बी तथा 1ए की शिक्षिकाएं खुशबू झा तथा वनिका जलान को शुभकामनाएं दी गयीं। मुख्य अतिथि ने उन सभी प्रभारी छात्र-छात्राओं को नवीन चुनौतियों तथा उनकी जिम्मेदारियों के लिए सजग किया। उपनिदेशक अमन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उन सभी छात्रों को प्रेरणा स्रोत बताते हुए उन्हें उनके कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाने की सीख दी गयी। विद्यालय के इस भव्य आयोजन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य समस्त कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

## नवनियुक्त डीजीपी अनुराग गुप्ता से नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के नवनियुक्त डीजीपी आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता से शनिवार को पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने आशा जतायी कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के मार्गदर्शन में झारखंड में कानून व्यवस्था कंट्रोल में रहेगी। साथ ही उनका फोकस अपराध नियंत्रण, राज्य की विधि व्यवस्था बनाने, पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग, साइबर अपराध रोकने, महिलाओं व बच्चों से होने वाले अपराध पर नियंत्रण करने, मानव तस्करी को रोकने, ड्रग्स की तस्करी की रोकथाम व हिंसक अपराध पर नियंत्रण करना होगा।

# हवाई यात्रियों को आकर्षित करेगा हस्तशिल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा का हस्तशिल्प विमान यात्रियों को आकर्षित करेगा। भुवनेश्वर बीजू पटनायक हवाई अड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने वाले यात्री हवाई अड्डे पर ओड़िशा हस्तशिल्प खरीद सकते हैं। राज्य सरकार के हथकरघा, कपड़ा और हस्तशिल्प विभाग ने भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर एक अत्याधुनिक कपड़ा शोरूम खोला है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री मोहन माझी ने किया। इस स्टॉल में केवल जीआइ अनुमोदित ओड़िशा हस्तशिल्प ही बेचे जायेंगे। ग्राहक कोटपाड़ हैंडलूम कपड़ा, ओड़िशा इकत, गोपालपुर टसर गारमेंट, धलापथर कर्टेन एंड कपड़ा, संबलपुरी बांध कपड़ा, बोमकेई शाडी, हाबासपुरी साड़ी और कपड़ा, ब्रह्मपुर फोडकुंभ साड़ी और खंडुआ की साड़ी और कपड़ा खरीद सकते हैं। विमान यात्रियों को जल्द ही इस सुविधा का लाभ मिलेगा। जहां कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां एयरपोर्ट पर अपने उत्पाद बेचती हैं, वहीं ओडिशा के अपने हस्तशिल्प भी कपड़ा बाजार में बेचे जायेंगे।

# केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री ने नालको निगम कार्यालय और अनुगुल संयंत्र का दौरा किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर/ अनुगुल, ओड़िशा।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने शनिवार को भुवनेश्वर स्थित नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) के निगम कार्यालय का अपना पहला दौरा किया।

कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के आगमन पर नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र और सभी निदेशकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' विशेष अभियान के तहत एक पौधा लगाया और कंपनी की चल रही परियोजनाओं पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र के साथ मंत्री ने बाद में ओड़िशा के अनुगुल स्थित कंपनी के प्रद्रावक एवं विद्युत संयंत्र का दौरा किया और उत्पादन एवं विभिन्न परिचालन गतिविधियों से संबंधित मामलों पर चर्चा की। उन्होंने नालको के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और नालको समूह को उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्राप्त करने हेतु उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी।

# जेएसपी को एसोचैम ओड़िशा सीएसआर और स्थिरता उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को खेल प्रोत्साहन और विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित एसोचैम ओड़िशा सीएसआर एंड सस्टेनेबिलिटी एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वाइं ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के उप महानिदेशक (सी) एटी मिश्र एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने जेएसपी की सीएसआर टीम को बधाई दी और कहा कि हम भारतीय खेल क्षेत्र के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह पुरस्कार ग्रामीण युवाओं के बीच खेल और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए जेएसपी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे समाज के उत्थान और समग्र विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने इस पुरस्कार के लिए एसोचैम को धन्यवाद दिया।

जेएसपी अपनी सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम से ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में हॉकी, उसु, कबड्डी, फुटबॉल, तीरंदाजी सहित विभिन्न खेलों को बढ़ावा देती है। कंपनी खेल बुनियादी ढांचे का निर्माण, खेल प्रशिक्षण और शिक्षा का समर्थन और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी का समर्थन करके ग्रामीण खेल प्रतिभा को बढ़ावा देती है। इस कार्यक्रम से 40 हजार से अधिक युवक युवतियां लाभान्वित हो रही हैं। जेएसपी अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत होता ने कहा कि बच्चों और किशोरों को कम उम्र से ही खेलों में शामिल करके, हम उनके खेल कौशल को सुधारने का प्रयास करते हैं।

## मुख्यमंत्री मोहन माझी ने ममता बनर्जी से मुलाकात की
# आलू की समस्या के समाधान के लिए चर्चा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को नयी दिल्ली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात कर आलू आपूर्ति समस्या के समाधान पर चर्चा की। दोनों मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली में हैं। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल से ओड़िशा तक आलू की आपूर्ति बाधित हो गयी है और कीमत में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। इससे राज्य की जनता को आम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ममता बनर्जी से इस मुद्दे को जल्द सुलझाने का अनुरोध किया।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव : सतत विद्युत और सामुदायिक सशक्तिकरण में आगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव, 750 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली एक अग्रणी बिजली उत्पादन इकाई, सतत बिजली उत्पादन और समावेशी हितधारक जुड़ाव के प्रतीक के रूप में चमकती रही है। 26 जुलाई को आयोजित एक मीडिया बातचीत में एनटीपीसी बोंगाईगांव के परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह के नेतृत्व में एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधन ने महत्वपूर्ण परिचालन और संयंत्र प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने फ़्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) तकनीक के कार्यान्वयन के माध्यम से प्रदूषण को कम करने के लिए स्टेशन के चल रहे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति एनटीपीसी बोंगाईगांव के समर्पण पर भी प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि 2006 से स्टेशन ने सुविधा में और उसके आसपास 1.93 लाख से अधिक पेड़ लगाये हैं। अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में एनटीपीसी बोंगाईगांव ने लगातार तीन वर्षों तक एनटीपीसी के प्रमुख बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीइएम) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया है। यह पहल, जो हर साल 40 लड़कियों को शिक्षा, समग्र विकास और जीवन कौशल में प्रशिक्षित करती है, लड़की सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के प्रति स्टेशन के समर्पण को दर्शाती है।

श्री सिंह ने सभी पहलों में निरंतर समर्थन के लिए बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने परिचालन दक्षता और सामुदायिक कल्याण को बढ़ाने के लिए स्टेशन द्वारा किए गए विभिन्न टिकाऊ उपायों की भी रूपरेखा तैयार की।

मीडिया से बातचीत के दौरान, टीएस के प्रमुख परेश माथुर ने परिचालन और रखरखाव मापदंडों और एनटीपीसी बोंगाईगांव की उत्पत्ति के बारे में जानकारी प्रदान की। ओंकार नाथ, एजीएम (एचआर) ने विविध मानव संसाधन और सीएसआर पहलों और सामुदायिक विकास की दिशा में एनटीपीसी बोंगाईगांव के प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में इंदुरी एस रेड्डी, जीएम (ओ एंड एम) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आशुतोष विश्वास, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), रोशन डुंगडुंग, मधुर्ज्या सिंघा लहकर वरिस्ठ प्रबंधक , अब्दुल अजीज, प्रबंधक मानव संसाधन और अद्युति ठाकुरी सीएसआर कार्यकारी उपस्थित थे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**